100
प्रमुखस्वामी महाराज
शताब्दी महोत्सव

वर्ष : 4 अंक : 86 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

रविवार, 04 दिसम्बर 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## बच्चों को कम पढ़ाना अच्छा सूचनाओं की अधिकता की जगह उनका दिमाग खोलना ज्यादा जरूरी : जस्टिस चंद्रचूड़



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि उनकी निजी राय है कि बच्चों को जितना संभव हो कम पढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने स्कूल के सेलेबस में पूर्वोत्तर से संबंधित इतिहास और भूगोल को शामिल करने के लिए दिशा-निर्देश मांगने वाले एक याचिकाकर्ता से कहा सूचनाओं की अधिकता पैदा करने के बजाय हमें उनके दिमाग को खोलने में मदद करनी चाहिए।

हालांकि सीजेआई की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह कहते हुए याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया कि ये अकादमिक नीति के मामले हैं और अदालत सरकार को यह निर्देश नहीं दे सकती कि क्या पढ़ाना है। इसके बाद शुक्रवार को ही मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने डॉ एलएम सिंघवी मेमोरियल लेक्चर के लिए न्यायाधीशों वकीलों पूर्व नौकरशाहों और कांग्रेस नेताओं की भीड़ के बीच भी अपनी मौजूदगी दर्ज की। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी उनको सुनने वालों के बीच बैठे थे। दिल्ली एमसीडी चुनाव के लिए प्रचार समाप्त होने के बाद सीएम केजरीवाल इस मेमोरियल लेक्चर के लिए समय पर पहुंचकर सबको चौंका दिया क्योंकि कोई इस तरह की उम्मीद नहीं कर रहा था। अरविंद केजरीवाल का नाम आमंत्रण पत्र पर नहीं था।

कार्ड पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के नाम ही थे। दूसरी ओर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने आधिकारिक आवास पर एक पुस्तक विमोचन समारोह में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि की तारीफ की। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चुने गए वेंकटरमणि पूरी तरह से इस पद के हकदार थे। धनखड़ ने विधि आयोग के पूर्व सदस्य एस शिवकुमार की पुस्तक ह्यद लॉ कमीशन ऑफ इंडिया ऑन क्रिमिनल जस्टिस रिफॉर्म्सह्ण का विमोचन किया।

इस मौके पर ने अटॉर्नी जनरल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को अशोक स्तंभ की प्रतिकृति भेंट की। उपहार मिलने के बाद जगदीप धनखड़ ने उपहार का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने हल्के मूड में इस बारे में कहा कि वह जाँच कर रहे हैं कि क्या ये शेर मूल अशोक स्तंभ पर मौजूद शेरों से मेल खाते हैं। बता दें कि नए संसद भवन पर लगे अशोक स्तंभ के शेरों को लेकर बीते दिनों देश में लंबी बहस चली थी।

## मैं पीएम मोदी का विरोधी नहीं मैं व्यक्ति विशेष पर नहीं नीतियों पर करता हूं राजनीति : खड़गे

अमहदाबाद, एजेंसी। गुजरात चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'रावण' कहने के बाद भाजपा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर हमलावर है। मल्लिकार्जुन खड़गे के इस बयान को उठाकर भाजपा नेताओं ने जमकर कांग्रेस और मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधा। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा पर गुजरात में चुनावी लाभ के लिए उनकी टिप्पणी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। खड़गे ने कहा मैं नीतियों पर राजनीति करता हूं व्यक्ति विशेष पर नहीं।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति किसी एक व्यक्ति के खिलाफ या उसके बारे में नहीं है। हमारी राजनीति नीतियों को लेकर है। वह परफॉर्मेंस पॉलिटिक्स में यकीन करते हैं मगर भाजपा की राजनीतिक शैली में अक्सर लोकतंत्र की भावना का अभाव होता है क्योंकि भाजपा की राजनीति हर जगह एक व्यक्ति विशेष पर केंद्रित होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा मेरे बयान का चुनावी लाभ के लिए दुरुपयोग कर रही है।

वहीं गुजरात चुनावों में आम आदमी पार्टी की संभावनाओं के सवाल के जवाब में उन्होंने आरोप लगाया कि आप किसी के इशारे पर कांग्रेस के वोटों को विभाजित करने के लिए काम कर रही है। खड़गे ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री की राजनीतिक शैली में अक्सर लोकतंत्र की भावना का अभाव होता है। मैंने चुनाव के सभी स्तरों पर उनके प्रचार की शैली के बारे में कई उदाहरण दिए लेकिन वे चुनावी लाभ के लिए मेरी टिप्पणी का दुरुपयोग कर रहे हैं।

खड़गे ने कहा कि मैं किसी व्यक्ति पर टिप्पणी नहीं करता या व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करता क्योंकि मेरे पास भी 51 साल का संसदीय राजनीति का अनुभव है। मैंने विकास महंगाई बेरोजगारी गरीबी के मुद्दों पर भाजपा सरकार की आलोचना की है। बता दें कि इस हफ्ते की शुरूआत में अहमदाबाद में एक रैली में खड़गे ने कहा था कि पीएम मोदी सभी चुनावों में लोगों से ह्यअपना चेहरा देखकरह्ण वोट करने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा था क्या आप रावण की तरह 100 सिर वाले हैं?

दरअसल अहमदाबाद के बेहरामपुरा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा द्वारा नगर निकाय नगर निगम और विधानसभा तक के चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर वोट मांगे जाने को लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को तंज कसा था। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था ह्यक्या मोदी यहां आकर नगरपालिका का काम करने वाले हैं? क्या मोदी आकर यहां मुसीबत में आपकी मदद करने वाले हैं? अरे आप तो प्रधानमंत्री हो। आपको काम दिया गया है। वह काम करो। उन्होंने कहा ह्यवह छोड़कर नगर निगम चुनाव एमएलए इलेक्शन एमपी इलेक्शन चूंकि उनको प्रधानमंत्री बनना है तो फिरते रहते हैं लेकिन हर वक्त अपनी ही बात करते हैं। आप किसी को मत देखो मोदी को देखकर वोट दो। भाई तुम्हारी सूरत को कितनी बार देखना।

### संक्षिप्त समाचार

## छह दिसंबर को अजमेर आएंगी सीएम ममता बनर्जी

अजमेर, एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी छह दिसंबर को अजमेर आएंगी। सुश्री बनर्जी यहां विश्व प्रसिद्ध सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की बारगाह मे मखमली चादर एवं अकीदत के फूल पेश कर हाजिरी लगाएंगी। दरगाह से वे पुष्कर भी जाएंगी जहां पवित्र पुष्कर सरोवर की पूजा अर्चना के साथ सृष्टि के रचियता जगतपिता ब्रह्मा जी के दर्शन कर आशीर्वाद लेंगी। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अजमेर यात्रा के लिए छह दिसंबर को किशनगढ़ हवाई अड्डे पहुंचेगी। वहां से वह दरगाह जाने के बाद पुन: किशनगढ़ हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए रवाना होंगी। अजमेर जिला प्रशासन के पास मुख्यमंत्री बनर्जी की प्रस्तावित यात्रा की सूचना है तो दरगाह के खादिम सैय्यद वाहिद चिश्ती भी बनर्जी की यात्रा की पुष्टि कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बनर्जी दोबारा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार अजमेर एवं पुष्कर की यात्रा करेंगी। सुरक्षा की दृष्टि से बंगाल सरकार का सुरक्षा दल भी अजमेर आकर व्यवस्थाओं को देखेगा और अजमेर जिला प्रशासन से तैयारी को लेकर चर्चा करेगा।

## बदरुद्दीन और औवेसी जैसे लोग सनातनियों को नसीहत ना दें : गिरिराज

बेगूसराय, एजेंसी। आईयूडीएफ के अध्यक्ष और सांसद बदरुद्दीन अजमल ने विवादित बयान देकर कहा था कि हिंदुओं को मुसलमानों के फॉमूर्ले को अपनाकर अपने बच्चों की 18-20 साल की उम्र में शादी करा देनी चाहिए। अजमल के बयान पर केंद्रीय मंत्री व भाजपा फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने पलटवार कर कहा है कि सनातनियों को बदरुद्दीन अजमल नसीहत न दे। अभी भारत में वहीं मुसलमान हैं जिन्होंने मुगलों से डरकर अपना धर्म बदल लिया। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा बदरुद्दीन और औवेसी जैसे लोग हमें नसीहत ना दें। सनातन धर्म में सदैव प्रेम की पूजा होती रही है इसका प्रतीक है कि हमारे पूर्वज राजा सागर के साठ हजार पुत्र थे वहीं कृष्ण की 16000 प्रेमिका और पत्नियां थीं। आज भारत में वहीं मुसलमान हैं जिन्हें मुगल काल में मुगलों ने मान्यता नहीं दी थी। गिरिराज सिंह ने धर्म रक्षा को लेकर लोगों से अपील करते हुए कहा कि आज ना गायत्री है ना ध्वजा। भारत को दो भागों में बांटा गया। मेरे पूर्वजों से कुछ भूल हुई। आज देश में कट्टरवाद बढ़ रहा है वह नहीं होता। उन्होंने कहा कि आज समाज में विकृति देखी जा सकती है। हम लोग पहले पिताजी बाबूजी मां जी कहते थे और यह मम्मी डैडी वाली संस्कृति कहां से आई। यह संस्कृति का क्षरण है। सांसद ने कहा कि हम अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए गायत्री परिवार से निवेदन करते हैं। उसके तहत एक मुहिम चले अगर बहुसंख्यक कमजोर होगातब लोकतंत्र पर भी खतरा होगा। इस देश का बंटवारा तब धर्म के नाम हुआ है इसके बाद लोगों को अपनी संस्कृति को जिंदा रखते हुए चेतना जगाने की जरूरत है।

## सुप्रीम कोर्ट ने एनजेएसी एक्ट रद्द किया और संसद में कोई चर्चा तक नहीं हुई अचंभित हूं : धनखड़

नई दिल्ली, एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम को रद्द किए जाने को लेकर संसद में 'कोई चर्चा' नहीं हुई और यह एक 'बहुत गंभीर मसला' है। धनखड़ ने कहा कि संसद द्वारा पारित एक कानून जो लोगों की इच्छा को दशार्ता है उसे सुप्रीम कोर्ट ने 'रद्द' कर दिया और 'दुनिया को ऐसे किसी भी कदम के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उपराष्ट्रपति ने संविधान के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि जब कानून से संबंधित कोई बड़ा सवाल हो तो अदालतें भी इस मुद्दे पर गौर फरमा सकती हैं। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की उपस्थिति में शुक्रवार को यहां एलएम सिंघवी स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रेखांकित किया कि संविधान की प्रस्तावना में 'हम भारत के लोग' का उल्लेख है और संसद लोगों की इच्छा को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि शक्ति लोगों में उनके जनादेश और उनके विवेक में बसती है। धनखड़ ने कहा कि 2015-16 में संसद ने एनजेएसी अधिनियम पारित किया। हम भारत के लोग-उनकी इच्छा को संवैधानिक प्रावधान में बदल दिया गया। जनता की शक्ति जो एक वैध मंच के माध्यम से व्यक्त की गई थी उसे खत्म कर दिया गया। दुनिया ऐसे किसी कदम के बारे में नहीं जानती। एनजेएसी अधिनियम में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली को पलटने का प्रावधान था हालांकि शीर्ष अदालत ने इसे असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। उपराष्ट्रपति ने कहा मैं यहां के लोगों- जिसमें न्यायिक अभिजात्य वर्ग विचारशील व्यक्ति बुद्धिजीवी शामिल हैं- से अपील करता हूं कि कृपया दुनिया में ऐसा कोई उदाहरण खोजें जिसमें किसी संवैधानिक प्रावधान को रद्द किया गया हो। धनखड़ ने 26 नवंबर को यहां संविधान दिवस के एक कार्यक्रम में इसी तरह की भावना व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि वह 'हैरान हैं कि इस फैसले (एनजेएसी) के बाद संसद में कोई चर्चा नहीं हुई। इसे इस तरह लिया गया। यह बहुत गंभीर मुद्दा है।'

धनखड़ ने शीर्ष कोर्ट की ओर से संविधान के मूल ढांचे के सिद्धांत का संदर्भ देते हुए कहा हमने इसे भी मान लिया। पर कानून के छात्र के रूप में सवाल यह है कि क्या संसद की स्वायत्तता से समझौता किया जा सकता है? क्या भविष्य की संसद अतीत की संसद के फैसले से बंधी रह सकती है?

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी म्हाडा विधेयक को मंजूरी



मुबंई, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास अधिनियम (म्हाडा) संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह निर्णय राज्य और मुबंईवासियों के आवास क्षेत्र के लिए एक बड़ी राहत है। विधेयक में संशोधन ने मुंबई में खतरनाक और उपकर भवनों के पुनर्विकास का मार्ग प्रशस्त किया।

नए कानून के अनुसार जिन उपकर भवनों का निर्माण रुक गया था या अधूरा रह गया था उन्हें म्हाडा द्वारा पुनर्विकास के लिए अधिग्रहित किया जा सकता है। वर्तमान में मुंबई शहर में लगभग 56 ऐसी इमारतें हैं जिनका पुनर्विकास लंबित है या वे अधूरी रह गई हैं। अब म्हाडा के लिए ऐसे उपकर भवनों को सीधे अपने कब्जे में लेना और उनका पुनर्विकास करना संभव होगा। इसी तरह यदि मुंबई नगर निगम ने किसी उपकर भवन को खतरनाक घोषित किया है तो ऐसे भवन के पुनर्विकास के लिए सबसे पहले उसके मकान मालिक को मौका दिया जाएगा। यदि वह छह महीने के भीतर पुनर्विकास का प्रस्ताव दाखिल करने में विफल रहता है तो किरायेदार को दूसरा मौका दिया जाएगा। राज्य सरकार ने 28 जुलाई को लंबित पुनर्विकास योजना से संबंधित लंबित मामले के सभी फोटोग्राफ एवं जानकारी सहित सूचना एवं समस्त दस्तावेज भिजवाये थे।

## हमें निम्न मुद्रास्फीति दौर में वापस जाने के लिए तैयार रहना चाहिए: राजन



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था कम मुद्रास्फीति के दौर में वापस जा सकती है इसलिए सख्त मॉनेटरी पॉलिसी अपनाने वाले केंद्रीय बैंकों को इस बात को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने बैंक ऑफ थाईलैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि हमें संभावित रूप से निम्न मुद्रास्फीति दौर में वापस जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन का बयान ऐसे समय आया है जब केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली 6 सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति की बैठक सोमवार से शुरू होगी और मौद्रिक नीति की घोषणा 7 दिसंबर को की जाएगी। राजन ने कहा कि केंद्रीय बैंकों को खुद से पूछना चाहिए कि जब मुद्रास्फीति निम्न से उच्च क्षेत्र में पहुंची थी तो क्या उनकी नीतियां काफी तेज थीं। हमें यह जांचने की जरूरत है कि हम क्यों विवश हुए। हमें यह आकलन करने की आवश्यकता है कि अगर हम मुद्रास्फीति निर्माण की पहचान नहीं कर पाते हैं तो क्या अगली बार भी इस तरह के हालात के लिए तैयार रहें। इसलिए केंद्रीय बैंकों के लिए आज उन नीतियों को आगे बढ़ाना महत्वपूर्ण है जो समय के साथ मुद्रास्फीति की गतिशीलता में बदलाव प्रदान करती हैं। डी-ग्लोबलाइजेशन चीन में धीमी वृद्धि और उभरती अर्थव्यवस्थाओं में के-शेप रिकवरी के कारण प्रतिकूल परिस्थितियों से ग्रोथ को नुकसान हो सकता है। बता दें कि बढ़ती महंगाई के चलते इस साल यूएस फेडरल रिजर्व समेत दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने ब्याज दरों में तेजी से इजाफा किया है जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है। वहीं ब्याज दर में बढ़ोतरी के असर से दुनियाभर के शेयर बाजारों में भी काफी अस्थिरता देखने को मिली है। आरबीआई इस साल मई से अब तक रेपो दर में 1.90 प्रतिशत की वृद्धि कर चुका है।

## अग्निपथ स्कीम के तहत नौसेना के पास 3000 अग्निवीर उम्मीदवारों का बैच तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय नौसेना प्रमुख आर हरि ने नौसेना की कई बड़ी उपलब्धियों पर बात की। जिसमें नौसेना प्रमुख ने पहली बार नौसेना में महिलाओं के प्रवेश विक्रांत से लेकर आने वाले सालों में सेना के आत्मनिर्भर बनने तक के बारे में जानकारी दी। नौसेना प्रमुख ने शनिवार को कहा कि अग्निपथ स्कीम के तहत इंडियन नेवी में लगभग 3000 अग्निवीर उम्मीदवारों का बैच तैयार है। इनमें 341 लड़कियां शामिल हैं। यह पहली बार है जब भारतीय नौसेना में महिला उम्मीदवारों की भी भर्ती की जा रही है। नौसेना प्रमुख ने अग्निपथ योजना को नौसेना के लिए एक परिवर्तनकारी कदम बताया है।

नौसेना प्रमुख हरि ने बताया कि महिला नाविक अब 29 ट्रेड्स सहित समुद्र में जाने के लिए तैयार हैं। 341 महिलाएं पहले ही ट्रेनिंग के लिए रिपोर्ट कर चुकी हैं। उन्होंने कहा परिचालन के तौर पर पिछले एक साल के दौरान हमारे पास इंटेंस और व्यस्त समय रहा है। आईओआर क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए हमारे जहाजों पनडुब्बियों और अन्य प्लेटफार्मों को तैनात किया गया था। उन्होंने कहा कि अगले साल से भारतीय नौसेना में हर दूसरी शाखा के लिए महिला अधिकारियों के प्रवेश के लिए खुला होगा।

नेवी चीफ ने कहा कि पिछला साल भले ही परिचालन में व्यस्त रहा हो लेकिन यह बदलाव का साल था जिसमें विक्रांत का कमीशन एक ऐतिहासिक घटना थी। यह हमारी स्वदेशी क्षमताओं का एक चमकदार प्रतीक है। इसके अलावा नौसेना के रिकॉर्ड में एक दूसरी महत्वपूर्ण घटना नए नौसैनिक ध्वज का अनावरण थी। यह औपनिवेशिक प्रथा को दूर करना था। इंडियन नेवी चीफ ने बताया कि 15 अगस्त को हमारे सात जहाजों ने सात महाद्वीपों पर तिरंगा फहराया है। इससे हमारी पहुंच का पता चलता है। नौसेनाध्यक्ष एडमिरल कुमार ने बताया कि हमारी क्षमताओं को विकसित करने के लिए विवेकपूर्ण तरीके से बजट पर काफी ध्यान दिया गया है। हम आत्मनिर्भर की ओर बढ़ रहे हैं। भारत के पहले चीफ डिफेंस ऑफ स्टाफ (सीडीएस) और दिवंगत जनरल बिपिन रावत ने तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने की नींव रखी थी और मौजूदा सीडीएस भी सेनाओं के बीच तालमेल और सामंजस्य बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। हम गुलामी की मानसिकता से छुटकारा पाने के लिए अपने सभी नियम विनियमों की समीक्षा कर रहे हैं जिन्हें प्राचीन औपनिवेशिक प्रथाओं से दूर किया जाना चाहिए जिनका वर्तमान समय में कोई उपयोग नहीं है।

## कालिजियम सिस्टम जजों को चुनने का सबसे पारदर्शी तरीका इसमें व्यवधान न डालें पूर्व जज : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। जजों के माध्यम से जजों की नियुक्ति करने वाले कालिजियम सिस्टम को लेकर इन दिनों न्यायापालिका और कार्यपालिका के बीच टकराव पैदा हो गया है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि कालिजियम मीटिंग के दौरान की गई मौखिक टिप्पणियों पर आजकल पूर्व जजों का बोलना फैशन बन गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि कालिजियम सिस्टम जजों को चुनने का सबसे पारदर्शी तरीका है। इस सिस्टम को अपना काम करने दीजिए। जजों को चुनने की मौजूदा प्रक्रिया को पटरी से उतारने की कोशिश न करें।

12 दिसंबर 2018 को तत्कालीन सीजेआई की अगुआई वाले कालिजियम की बैठक के बारे में डीटेल की मांग करने वाली एक याचिका की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की है। यह याचिका आरटीआई एक्टिविस्ट अंजलि भारद्वाज ने लगाई है जिन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट में अपनी याचिका के खारिज होने को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है। आरटीआई एक्टिविस्ट अंजलि भारद्वाज ने 2018 की कालिजियम मीटिंग की सूचना मांगी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इसी मामले की सुनवाई की। पिछले दिनों कानून मंत्री ने भी जजों को चुनने के मौजूदा कालिजियम सिस्टम की आलोचना की थी।

अंजलि भारद्वाज के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि लिखित प्रस्तावों को अपलोड किए जाने में पारदर्शिता की जरूरत है। प्रशांत भूषण ने उस दौरान कलीजियम के सदस्य रहे जस्टिस मदन बी लोकूर के 2019 में दिए इंटरव्यू का जिक्र किया जिसमें उन्होंने जस्टिस प्रदीप नांदरजोग और राजेंद्र मेनन को सुप्रीम कोर्ट का जज न बनाए का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा था कि 12 दिसंबर को हुई कलीजियम बैठक का डीटेल सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड नहीं होने से वह निराश हैं।

जब प्रशांत भूषण ने इस बात का जिक्र किया कि जस्टिस लोकूर ने कहा था कि 12 दिसंबर की मीटिंग के फैसले को अपलोड किया जाना था तब जस्टिस एम आर शाह ने पूछा कि मीटिंग के दौरान की गईं मौखिक टिप्पणियों को प्रस्ताव के रूप में कैसे दर्ज किया जा सकता है? इस पर प्रशांत भूषण ने कहा कि सवाल यह है कि क्या आम लोगों को कालिजियम की तरफ से लिए गए फैसलों के बारे में आरटीआई के तहत जानने का हक है।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था वह पारदर्शिता चाहता है लेकिन जब कालिजियम के फैसलों की बात आती है तो वह पीछे हट जाता है। इस पर जस्टिस शाह की अगुआई वाली बेंच ने कहा हम सबसे पारदर्शी संस्थान हैं और हम पीछे नहीं हट रहे। कालिजियम मीटिंग में बहुत सी बातें कहीं जाती हैं। इन्हें कभी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किया जाता। रिकॉर्ड में सिर्फ अंतिम निर्णय को दर्ज किया जाता है। इसके बाद बेंच ने याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

वकील प्रशांत भूषण ने कहा था 2018 में सुप्रीम कोर्ट कालिजियम का हिस्सा रहे रिटायर्ड जस्टिस मदन लोकूर ने कहा था कि कलीजियम के एक फैसले को सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना चाहिए था। इस पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमआर शाह ने कहा सुप्रीम कोर्ट कालिजियम के पूर्व सदस्य आज क्या कह रहे हैं हम उस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। आजकल कालिजियम के पूर्व सदस्य उस वक्त लिए गए फैसलों पर कमेंट कर रहे हैं जब वे इसका हिस्सा थे। यह एक तरह का फैशन हो गया है। हम इस पर कुछ नहीं कहना चाहते।

## गीता को हम जीती-जागती ज्ञान गंगा मानते : रक्षा मंत्री

बेंगलुरु, एजेंसी। बेंगलुरु में गीता जयंती महोत्सव में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत के ज्ञान के भंडार को दुनिया ने स्वीकार कर अपनाया है। सिंह ने कहा कि भौतिक सफलता के बावजूद लोगों को आध्यात्मिक कल्याण की तलाश है आधुनिकता के बावजूद हम अपने अस्तित्व के सवालों के जवाब खोजने के लिए अध्यात्म का दरवाजा ही खटखटाते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमें गीता को केवल एक धार्मिक ग्रंथ के रूप में नहीं देखना चाहिए यह प्रेरणा का स्रोत है। हम गीता की सलाह का पालन करके सही विकल्प चुनने और जीवन की कई समस्याओं को हल करने में सक्षम हो सकते हैं और स्वयं सहायता पुस्तकों की आवश्यकता नहीं होगी।

सिंह ने कहा कि श्रीमदभगवतगीता की जयंती मनाना इस बात का प्रतीक है कि हम गीता को एक ग्रंथ भर नहीं मानते हैं। हम गीता को कुछ विचारों और सूत्रों की अभिव्यक्ति भर नहीं मानते हैं। बल्कि गीता को हम जीती-जागती ज्ञान गंगा मानते हैं जो प्राचीन काल से मानव को अपने ज्ञानामृत से सींचती चली आई है। उन्होंने कहा कि हम सब आम इंसान हैं। अपनी बुद्धि के अनुसार गीता का एक दिवस मान लेते हैं और प्रतिवर्ष उसकी जयंती मनाते हैं। पर वास्तव में तब गीता मनाने की नहीं बल्कि मानने का आग्रह है। मानने की भी नहीं बल्कि यह जीने का आग्रह है। उन्होंने कहा कि मैं समझता हूँ अनादिकाल से चले आ रहे मानवीय भावों को उदात्त करने का एक माध्यम है। गीता शाश्वत है नित्य है सत्य है। इसलिए गीता का कोई एक दिवस न होकर हरेक दिवस होना चाहिए।

स्वामी विवेकानंद महात्मा गांधी से लेकर पंडित नेहरू महर्षि अरविंदो लोकमान्य तिलक ने गीता को अपने-अपने ढंग से देखा है।





# वृहद गौ संरक्षण केंद्र फरजपुर गौशाला में सहयोग से हुए गौवंश सुखी : श्याम जी महाराज

» मदरलैंड संवाददाता



नई दिल्ली। वृहद गौ संरक्षण केंद्र फरजपुर ब्लॉक नजीबाबाद जनपद बिजनौर गौशाला के प्रवंध संचालन में कोई कमी न होने पाए इस व्यवस्था को पूरा करने में लगे राष्ट्रीय गौरक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्याम जी महाराज का सर्दी वचाओ अभियान पूरा हुआ है अव वह बिजनौर के सभी 36 गौशालाओं की समस्यायों का समाधान करने का प्रयास करेंगे ऐसा मन वना चुके हैं और आशा करते हैं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व प्रशासन का गौशालाओं में गौवंश को सुखी रखने में भरपूर सहयोग मिलेगा

जवरदस्त व्यक्तित्व के धनी उपजिलाधिकारी श्री विजय वर्धन तोमर जी ने वृहद गौ संरक्षण केंद्र फरजपुर ब्लॉक नजीबाबाद बिजनौर गौशाला में गौपूजन करके सामाजिक व्यवहारिक धार्मिक भाव जगाया वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद ने कहा उनकी गौसेवा की उच्च पराकाष्ठा से पुलिस क्षेत्राधिकारी का सफर पूरा किया हैं और दो वार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कराया है तहसीलदार श्री कमलेश कुमार जी ने फरजपुर गौशाला को अधिक से अधिक जमीन दी हैं 100 वीघा गेहूं की फसल वोई जा चुकी हैं इस अवसर पर गौशाला में गौवंश को ठंड से बचाने वाले वसीम कुरैशी के भाई ने गौपूजन किया गौमांस कभी प्रयोग न करने के साथ गौरक्षा गौसेवा की सामुहिक शपथ ग्रहण की उपजिलाधिकारी श्री विजय वर्धन तोमर व पुलिस क्षेत्राधिकारी श्री गजेंद्र सिंह ने वृहद गौ संरक्षण केंद्र फरजपुर गौशाला में गौसेवा करने वाले राष्ट्रीय गौरक्षक दल परिवार के जिला महासचिव दीपक चौधरी, द्रगपाल चौधरी पंचायत सचिव दीपेंद्र केसरिया हिन्दू वाहिनी के जिला अध्यक्ष अनुकूल शर्मा व अन्य गौभक्तों के गले में पटका पहनाकर उत्साह वर्धन किया भाजपा नेता युनुस कुरैशी ने राष्ट्रीय गौरक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्याम जी महाराज उपजिलाधिकारी विजयवर्धनतोमरपुलिसक्षेत्राधिकारी गजेन्द्र सिंह तहसीलदार नायब तहसीलदार एडिओ पंचायत को प्रतीक चिन्ह भेंट किए मुख्यमंत्री सहभागिता योजना में दो गाय समर्पित की गयी जिसमें एक गाय आज ही वछडे को जन्म दिया सभी का उस गौवंशकोप्यारमिलाउपजिलाधिकारी जी ने उसका नामकरण किया उसका नाम कृष्णा रखा गया।




# नई दिल्ली नगरपालिका परिषद का शिकायत निवारण सुविधा शिविर हुआ संपन्न

» विजय गौड़ ब्यूरो चीफ



नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवाओं के उपयोगकताओं के लाभ के लिए उनके दरवाजे पर सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण पहुंचाने के लिए नई दिल्ली के नवयुग स्कूल, पंडारा रोड में अपने पाक्षिक सुविधा शिविर का आयोजन किया।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् के अध्यक्ष अमित यादव ने सचिव विक्रम सिंह मलिक के साथ सुविधा शिविर का दौरा किया और जनता से बातचीत की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का समय पर समाधान करने और जल्द से जल्द सभी सहायता, जानकारी और शिकायतों का निवारण प्रदान करने के निर्देश दिए।

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के संबंधित अधिकारियों ने शिविर में जनता से 53 शिकायतें प्राप्त की । निवासियों की अधिकांश शिकायतें कार्मिक, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी, सार्वजनिक स्वास्थ्य, प्रवर्तन, वाणिज्यिक, कर और संपदा विभागों से संबंधित हैं। इसके अलावा सैकड़ों स्थानीय निवासियों या सेवा उपयोगकताओं ने नागरिक सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सुविधा शिविर का दौरा किया।

पालिका परिषद द्वारा शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए विभिन्न विभागों से संबंधित अधिकारियों ने जनता से उनकी जन शिकायतों पर आमने-सामने चर्चा की और उनका समाधान किया गया । नीति स्तर के निर्णयों की आवश्यकता वाली शिकायतों को उनके निवारण की संभावित समय-सीमा के साथ समझाया गया।

पालिका परिषद के 31 विभागों के सौ से अधिक अधिकारी/कर्मचारी शिकायतों के मौके पर निवारण के लिए शिविर में मौके पर मौजूद रहे। विभिन्न विभागों के हेल्प डेस्क की निगरानी उनके विभागाध्यक्ष करते रहे ।

इन सुविधा शिविरों के आयोजन के अलावा पालिका परिषद क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकताओं के लिए संपर्क रहित शिकायत निवारण तंत्र के रूप में एक ह्लजन सुविधा पोर्टलह्व भी लॉन्च किया हुआ है।

इस जन सुविधा पोर्टल का लिंक एनडीएमसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जन सुविधा पोर्टल का उपयोग शिकायत दर्ज करने, उनकी शिकायत की स्थिति पर नजर रखने और शिकायत निवारण तंत्र पर प्रतिक्रिया देने के लिए किया जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत जोड़ो यात्रा 'लूट तंत्र के खिलाफ ' लोकतंत्र की आवाज है - राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पेट्रोल डीजल और रसोई गैस के बढ़ते दामों को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि भारत जोड़ो यात्रा प्रधानमंत्री के ह्यलूट तंत्र के खिलाफ ह्यलोकतंत्र की आवाज है। कांग्रेस वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम में गिरावट आने के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के मूल्य कम नहीं करने को लेकर सरकार पर लगातार हमले बोल रही है।

राहुल गांधी ने हिंदी में ट्वीट किया ह्यह्यकच्चा तेल – 25 प्रतिशत सस्ता। एलपीजी – 40 प्रतिशत सस्ती। ये 6 महीनों के अंतरराष्ट्रीय कीमतों के आंकड़े हैं। फिर भी पेट्रोल डीजल और गैस सिलेंडर के दाम कम क्यों नहीं हुए ? राहुल गांधी ने गुरुवार को भी ईंधन के दामों के विषय पर सरकार पर हमला बोला था और ट्वीट कर आरोप लगाया था ह्यह्यभारत की जनता महंगाई से त्रस्त है प्रधानमंत्री अपनी वसूली में मस्त हैं।

### लॉरेंस बिश्नोई की एनआईए रिमांड चार दिन बढ़ी



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की अदालत ने पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्या मामले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की एनआईए रिमांड चार दिन बढ़ा दी है। बिश्नोई को 10 दिन की रिमांड पूरी होने पर शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। एनआईए ने लॉरेंस बिश्नोई का रिमांड मांगकर कहा था कि पड़ोसी राज्य राजस्थान में कॉन्ट्रैक्ट किलिंग हो रही है। प्रदेश में आज हुई मुठभेड़ में बिश्नोई के भी शामिल होने का शक है। इससे पहले दिल्ली की एक अदालत ने पिछले गुरुवार को अपराधी बिश्नोई को 10 दिन के लिए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की हिरासत में भेज दिया। फिलहाल बिश्नोई बठिंडा जेल में बंद है। बिश्नोई को एनआईए ने देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसक कृत्य और सनसनीखेज अपराधों को अंजाम देने के लिए आतंकवादी समूहों और आपराधिक गिरोहों द्वारा रची गई साजिश से संबंधित मामले में गिरफ्तार किया है। इससे पहले एनआईए ने 12 दिन के लिए बिश्नोई को हिरासत में दिए जाने का अनुरोध करते हुए कहा था कि सामग्री पाकिस्तान से आ रही थी और मूसेवाला जैसे लोग निशाना हैं। दूसरी ओर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार कर उसके पास से 20 पिस्तौल बरामद की गई हैं। पंजाब पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

# अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर सफदरजंग अस्पताल ने किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर मदरलैंड संवाददाता



नई दिल्ली। अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल द्वारा इस विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसको लेकर विकलांगता से जुड़े मुद्दों, पीडब्ल्यूडी लोगों की गरिमा और उनके अधिकारों को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर दिव्यांग

लोगों के विकास और अस्पताल में इनके लिए अनुकूल माहौल बनाने को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर एमएस डॉ बीएल शेरवाल ने पीडब्ल्यूडी लोगों की गरिमा को बहाल करने और इस समुदाय को मुख्य धारा में एकीकरण पर जोर दिया। उन्होंने सभी अतिरिक्त एमएस, डॉ. अजय गुप्ता एचओडी पीएमआर, फैकल्टी और कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति में उनके अनुकरणीय कार्य, पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों, फैकल्टी और कर्मचारियों के लिए एनजीओ को सम्मानित किया। विकलांगता मुद्दों पर एसजेएच ओपीडी में पीएमआर विभाग द्वारा जन जागरूकता व्याख्यान की एक श्रृंखला का आयोजन भी किया गया।

डॉ सुमन बधाल और श्री अशोक ओटी द्वारा व्हील चेयर का उपयोग और उसके बाद नुक्कड़ नाटक और बीपीओ छात्रों द्वारा नृत्य करके इस विषय पर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया। अस्पताल पीजी के लिए सेरेब्रल पाल्सी रिहैबिलिटेशन पर डॉ नोनिका लाईसराम प्रिंसिपल कंसल्टेंट द्वारा एक सार्वजनिक व्याख्यान दिया गया। इसके बाद प्रश्नकाल का सत्र हुआ।

एचओडी पीएमआर डॉ. अजय गुप्ता की अध्यक्षता में एसजेएच के पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों के साथ इस विषय पर चर्चा का आयोजन किया गया। उन्होंने डॉ संदीप शर्मा संपर्क अधिकारी पीडब्ल्यूडी की उपस्थिति में प्रासंगिक विकलांगता मुद्दों को संबोधित किया। पूनम ढांडा एमएसडब्ल्यूओ ने बताया कि इस नई पहल की सभी ने सराहना की।

पीएमआर विभाग न केवल विकलांग व्यक्तियों को स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए नोडल विभाग है। इसके माध्यम से अस्पताल में पहुंच के मुद्दों का आकलन करने का कार्य किया जाता है। इसके जरिए विकासशील नीतियों में मदद करने की दिशा में कार्य किया जाता है। एचओडी पीएमआर डॉ. अजय गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि इस विषय पर सबको जागरूक करना होगा।

# पंचायत समिति फरुखनगर में कुल 19 वार्ड हैं 19 वार्डों में 19 सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली

» मदरलैंड संवाददाता





गुरुग्राम । खंड कार्यालय परिसर में पंचायत समिति सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ पंचायत समिति फरुखनगर में कुल 19 वार्ड हैं 19 वार्डों में 19 सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली जिसमें अतिरिक्त श्रम आयुक्त कौशल कटारिया द्वारा शपथ दिलवाई गई सभी नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों को शपथ ग्रहण संपन्न करवाया गया।

**गांव का समुचित विकास करवाने के साथ भाईचारा रखें कायम :मुख्यमंत्री मनोहर लाल**

कार्यक्रम के दौरान जिला के सभी गांव,खंड और जिला मुख्यालय में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल और विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली का संबोधन सीधा ऑनलाइन प्रसारित किए गए थे जिसे सभी ने ध्यानपूर्वक सुना। पंचायतीराज संस्थाओं के शपथ ग्रहण समारोह को वीडियो कांफ्रेस के दौरान संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को जीत की बधाई देते हुए चुनाव के दौरान की गुटबाजी को भुलाकर पूरे गांव का विकास करवाने की सीख दी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पूरे गांव का भाईचारा कायम रखें और समूचे गांव का चहुमंखी विकास करवाए। उन्होंने सरकार की ओर से हर स्तर पर सहयोग का विश्वास दिलाया, कहा कि इस बार शिक्षित और पढी लिखी पंचायतों के साथ ही महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिया गया है,जिससे महिलाओं की भागीदारी बढने के साथ ही पंचायतीराज संस्थाओं को मजबूती मिलेगी।

# पीएम मोदी को गाली देकर कांग्रेस गाली देने वालों की पार्टी बन गई : संबित पात्रा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपशब्दों के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपशब्दों का शतक पूरा कर लिया है। पात्रा ने कहा जिस तरह से कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता बार-बार पीएम मोदी के लिए भाषा और अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं वह हर दिन टीवी पर जनता देख रही है। इसके बाद कांग्रेस ने खुद को गालियों की पार्टी के तौर पर स्थापित किया है। कांग्रेस नेताओं ने पीएम मोदी जी को नीच यमराज और न जाने क्या-क्या कहा। इस तरह कांग्रेस नेताओं ने 100 गालियां पूरी कर ली हैं जो उनकी सोच को दशार्ता है।

उन्होंने कहा कर्नाटक के एक कांग्रेस नेता ने मोदी जी को भस्मासुर कहा है। इसी तरह हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी जी को रावण कहा। सोनिया गांधी ने मोदी जी को मौत का सौदागर तक कह दिया।

उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की निंदा कर कहा इसी तरह केजरीवाल झूठ को सच करने की कोशिश करते हैं। अभी कुछ दिन पहले केजरीवाल ने कहा था कि मनीष सिसोदिया को क्लीन चिट मिल गई है और आबकारी नीति में जो घोटाला हुआ है वह गलत है। घोटाला नहीं लेकिन वह बचने वाला नहीं है।

उन्होंने कहा सिसोदिया से लेकर कई आरोपी इस मामले में दर्जनों बार मोबाइल फोन बदल चुके हैं। इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि आम आदमी इतनी जल्दी मोबाइल फोन बदल लेता है या नहीं।

प्रवक्ता ने कहा सिसोदिया ने बड़े पैमाने पर डिजिटल सबूतों को नष्ट किया दिल्ली शराब घोटाले में उसके सहित 36 आरोपियों के 170 मोबाइल फोन नष्ट कर दिए। मनीष सिसोदिया ने अपने खिलाफ सीबीआई की प्राथमिकी के बाद एक दिन में चार मोबाइल हैंडसेट और दो-तीन महीने में 14 हैंडसेट बदले।

# अखिल भारतीय ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की पूरी टीम ट्रांसपोर्टरों की कैसी भी समस्याओं के निपटारे के लिए हमेशा तैयार

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता




गुरुग्राम । अखिल भारतीय ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के कार्यालय पर हरियाणा प्रदेश प्रभारी अनिल शर्मा की अध्यक्षता में धारूहेड़ा,भिवाड़ी एवं निखरी के ट्रांसपोर्टरों की सफल बैठक आयोजित हुई बैठक में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आरके शर्मा ने ट्रांसपोर्टरों को संबोधित करते हुए बताया कि हमे सब तरह के ट्रांसपोर्टरों एवं दूसरे समूह को साथ लेकर पूरे देश में एक बहुत बड़ा संगठन खड़ा करने की सख्त जरूरत है हम इस संगठन को सबके साथ मिलकर बड़ी ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ खड़ा करने में जरूर सफल होंगे क्योंकि देश को सबसे ज्यादा टैक्स देने वाली ट्रांसपोर्ट इंडस्ट्रीज की हालत पहले से भी ज्यादा खराब होती जा रही है क्योंकि सरकार तरह-तरह की कानून एवं टैक्स थोप कर ट्रांसपोर्टरों को भूखा मरने पर मजबूर कर रही है और सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं सभी ट्रांसपोर्टरों ने संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में बिजली,पानी,सड़क, चारदीवारी जैसी सुविधाओं के ना होने की वजह से पलायन करने वाले ट्रांसपोर्टरों को भरोसा दिलाया कि हम इन सुविधाओं को पूरी करवाने तक सभी ट्रांसपोर्टर साथ खड़े हैं इस अवसर पर राजपाल पुनिया,राहुल कौशिक,सत्येंद्र,संदीप कौशिक,कृष्ण चौधरी, के एम शर्मा,राजेंद्र यादव, सुनील भारद्वाज,रविंद्र श्योराण,अशोक कौशिक, अमित कुमार,दीपक शर्मा,दिनेश, नवीन कौशिक,प्रदीप लंबू,अमित कुमार,कुलदीप सिंह,धर्मेंद्र,मुरारी लाल,प्रदीप कौशिक,रामचंद्र सिंह,कुलदीप,अजय शर्मा आदि उपस्थित थे

# अखिल भारतीय ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ट्रांसपोर्ट की समस्या के निपटारे के लिए तैयार

» मदरलैंड संवाददाता



नई दिल्ली। अखिल भारतीय ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की पूरी टीम ट्रांसपोर्टरों की कैसी भी समस्याओं के निपटारे के लिए हमेशा तैयार धारूहेड़ा धारूहेड़ा स्थित अखिल भारतीय ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के कार्यालय पर हरियाणा प्रदेश प्रभारी अनिल शर्मा की अध्यक्षता मे धारूहेड़ा,भिवाड़ी एवं निखरी के ट्रांसपोर्टरों की सफल बैठक आयोजित हुई बैठक में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आरके शर्मा ने ट्रांसपोर्टरों को संबोधित करते हुए बताया कि हमे सब तरह के ट्रांसपोर्टरों एवं दूसरे समूह को साथ लेकर पूरे देश में एक बहुत बड़ा संगठन खड़ा करने की सख्त जरूरत है हम इस संगठन को सबके साथ मिलकर बड़ी ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ खड़ा करने में जरूर सफल होंगे क्योंकि देश को सबसे ज्यादा टैक्स देने वाली ट्रांसपोर्ट इंडस्ट्रीज की हालत पहले से भी ज्यादा खराब होती जा रही है क्योंकि सरकार तरह-तरह की कानून एवं टैक्स थोप कर ट्रांसपोर्टरों को भूखा मरने पर मजबूर कर रही है और सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं सभी ट्रांसपोर्टरों ने संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर में बिजली,पानी,सड़क, चारदीवारी जैसी सुविधाओं के ना होने की वजह से पलायन करने वाले ट्रांसपोर्टरों को भरोसा दिलाया कि हम इन सुविधाओं को पूरी करवाने तक सभी ट्रांसपोर्टर साथ खड़े हैं इस अवसर पर राजपालपुनिया,राहुलकौशिक,सत्येंद्र,संदीप कौशिक,कृष्ण चौधरी, के एम शर्मा,राजेंद्र यादव, सुनील भारद्वाज,रविंद्र श्योराण,अशोक कौशिक, अमित कुमार,दीपक शर्मा,दिनेश, नवीन कौशिक,प्रदीप लंबू,अमित कुमार,कुलदीप सिंह,धर्मेंद्र,मुरारी लाल,प्रदीप कौशिक,रामचंद्र सिंह,कुलदीप,अजय शर्मा आदि उपस्थित थे

# श्रीनिवासपुरी में एक ही बात, मेरा वोट भाई महावीर के साथ

» मदरलैंड संवाददाता



नईदिल्ली।कालकाजीविधानसभाके श्रीनिवासपुरी वार्ड संख्या 174 का नजारा ही कुछ अलग है। नगर निगम चुनाव में भाजपा, कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी सभी ने अपने अपने उम्मीदवार उतारे है, परंतु सबकी जुबां पर सिर्फ एक ही नाम है, ह्यमहावीर सिंहह्व। इन्हें पूरे वार्ड में महावीर भाई के नाम से लोग जानते हैं। यह नाम वहां की जनता ने दिया है क्योंकि इंसानियत और भाईचारे के खातिर इन्होंने हमेशा अपनी जान को हथेली पर रखकर काम किया है और यही कारण है कि आज बड़ी-बड़ी पार्टियों के उम्मीदवार भी इनकी लोकप्रियता के सामने हाशिए पर आ गए हैं। अगर हम पिछले कोरोना काल को याद करें तो लोगों में भारी दहशत की स्थिति थी। कोविड अफेक्टेड व्यक्ति के आसपास उनके परिजन भी जाने से कतराते थे, परंतु भाई महावीर सिंह ने इंसानियत की नई मिसाल पेश करते हुए कोरोना से मौत हुई लगभग ढाई सौ लाशों का अंतिम संस्कार कर समाज में इंसानियत की एक नई मिसाल पेश की। यह काम जोखिम भरा था, परंतु अपनी जान को हथेली पर रखकर उन्होंने समाज सेवा एवं मानवता की मिसाल पेश की तथा क्षेत्रवासियों की दिलों मे अमिट जगह बनाई। डीडीए फ्लैट की चौथी मंजिल से एक माताजी का शव उतारने के क्रम में महावीर सिंह बिजली के तार की चपेट में आ गए थे जिसके कारण बेहोश स्थिति में कई दिनों तक ईस्ट ऑफ कैलाश हॉस्पिटल में भर्ती भी रहे। जिस व्यक्ति ने अपनी जान को जोखिम में डालकर समाज की सेवा की हो उसके प्रति लोगों का लगाव स्वभाविक है। यही कारण है कि आज श्रीनिवासपुरी वार्ड में जनता स्वतः उनके लिए वोट मांग रही है। आज यहां के चुनाव ने नया रूप ले लिया है और हालात यह है कि जिस गली से भी वह पदयात्रा कर रहे हैं लोगों का भारी जनसैलाब उनके स्वागत के लिए उमड़ रही है। अन्य उम्मीदवारों के लिए इस समय क्षेत्र में हताशा की स्थिति है क्योंकि उन्हें महावीर सिंह की समाज सेवा का कोई जवाब या विकल्प नहीं मिल रहा है। इस सूरत में यह साफ हो गया है की महावीर सिंह श्रीनिवासपुरी वार्ड के मतदाताओं की पहली पसंद है और निगम चुनाव में उनकी जीत निश्चित है। यह अपने आप में एक ऐतिहासिक जीत होगी। एक सामाजिक कार्यकर्ता को जनप्रतिनिधि बनने का मौका मिलेगा और वह जनप्रतिनिधि बनकर समाज की सेवा और बेहतर ढंग से कर सकेंगे। महावीर सिंह पीजीडीएवी कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय के केंद्रीय पार्षद के अलावा दिल्ली गण परिषद के अध्यक्ष हैं जो सफाई, वृक्षारोपण, बीमार एवं घायल पशु पक्षियों की सेवा एवं लोगों के अन्य समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करती है।

इनके बड़े भाई धर्मवीर सिंह श्रीनिवासपुरी वार्ड में 2007 से 2012 तक निगम पार्षद रहे हैं तथा दिल्ली नगर निगम उद्यान समिति के अध्यक्ष के रूप में भी पार्को के रखरखाव, वृक्षारोपण, स्वतंत्रता सेनानी एवं देश के महान सपूतों के नाम पर पार्कों का नामकरण एवं श्री निवासपुरी वार्ड के स्कूलों, नालो का निर्माण, साफ-सफाई, बारात घर का सौंदर्यीकरण आदि कार्य को कराकर लोगों के बीच अपनी खास लोकप्रियता रखते हैं। पूर्व निगम पार्षद धर्मवीर सिंह के व्यवहार एवं कार्यों के कारण भी जनता के बीच उनकी लोकप्रियता है और जनता इस बार उनके अपील पर महावीर सिंह को निगम पार्षद बनाने के लिए तैयार बैठी हैं। इनका कहना है कि चुनाव जीतने के बाद वार्ड स्तरीय कचरा प्रबंधन की व्यवस्था की जाएगी जिससे लैंडफिल जैसी समस्याओं का स्वतः समाधान हो जाएगा। धर्मवीर सिंह ने कहा कि स्थानीय निवासियों एवं आरडब्ल्यूए के साथ हमेशा तालमेल कर ही क्षेत्र में विकास कार्य किए जाएंगे। आरडब्लूए के सुझाव को हमेशा प्राथमिकता दी जाएगी तथा क्षेत्र के विकास में उनकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नर्सिंग कॉलेज में इंटर हाउस डांस कंपटीशन आयोजित हुआ




मदरलैंड संवाददाता, झुन्झुनू। नोरंग राम दयानंद ढूकिया नर्सिंग कॉलेज में शनिवार को इंटर हाउस डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में एकल व सामूहिक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। इवेंट मैनेजमेंट प्रभारी जैसमिन कुरेशी व सभी हाउस प्रभारी के निर्देशन में छात्र छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में एकल व समूह नृत्य का प्रदर्शन किया। समारोह में पारंपारिक गीतों के साथ-साथ आधुनिक व देशभक्ति गीत - ओ देश मेरे - जैसे गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए गए। समारोह की अध्यक्षता एकेडमिक डायरेक्टर सुनीता ढूकिया ने की तथा विजेताओं की घोषणा कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में एकल डांस विजेता एलेग्जेंडर फ्लेमिंग हाउस की छात्रा प्रिया सैनी प्रथम रही, छात्र एकल नृत्य प्रतियोगिता में रॉबर्ट कांच हाउस का छात्र शहबाज प्रथम रहा तथा समूह नृत्य में फ्लोरेंस नाइटिंगेल हाउस विजय रहा। एकेडमिक डायरेक्टर ने बताया की सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिस तरह से छात्र-छात्राओं में भाग लिया भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले तथा अच्छा प्रदर्शन करे। समारोह में सुधीर कुमार, राजेश मांडिया, विष्णु एवं भारत सिंह उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन रेजिन रॉय वर्गिस ने किया।

### सेना भर्ती बीकानेर रैली सितंबर 2022 का परिणाम जारी

मदरलैंड संवाददाता, झुन्झुनू। सेना भर्ती कार्यालय झुंझुनू द्वारा बीकानेर में 5 से 23 सितंबर 2022 तक आयोजित सेना भर्ती रैली का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपना परिणाम जॉइन इंडियन आर्मी वेबसाइट पर देख सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय झुंझुनू के भर्ती निदेशक कर्नल अमित शर्मा ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण केंद्र और आगे की कार्रवाई दिनांक 7 एवं 8 दिसंबर को दी जाएगी। झुंझुनू और बीकानेर जिले के चयनित अभ्यर्थी 7 दिसंबर एवं चूरू, हनुमानगढ़ और श्री गंगानगर के चयनित अभ्यर्थी 8 दिसंबर को झुंझुनू भर्ती कार्यालय में रिपोर्ट करेंगे। चयनित उम्मीदवार जो पैराशूट रेजीमेंट में वॉलिंटियर के तौर पर जाना चाहते हैं उनकी चयन प्रक्रिया 9 दिसंबर 2022 को आयोजित की जाएगी।

### लाडो को घोड़ी पर बैठाकर दिया ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹ का संदेश



मदरलैंड संवाददाता, झुन्झुनू। जिले के गुढ़ागौड़जी कस्बे के निकटवर्ती गांव धमोरा में बेटी को घोड़ी पर बैठाकर बंदौरी निकाली गई। शेखावाटी में सोच बदल रही हैं। बेटियों को सम्मान अधिकार मिल रहे हैं। चाहे बेटियों के जन्म पर कुआं पूजन हो या फिर शादी में बेटियों की बिंदौरी निकालना हो। दोनो की परंपराओं को समाज में पहले बेटो के लिए ही माना जाता था। लेकिन बेटियों को सम्मान अधिकार मिले, इसकी पहल शुरू हुई तथा इसके बाद से समाज को संदेश देने के लिए कई लोग आगे आने लगे। इसी तरह धमोरा गांव के जाखड़ मोड़, घोटू की ढाणी में भी विजेंद्र सिंह जाखड़ की घोड़ी पर बैठाकर विजया खरबास की बिंदौरी निकाली गई। विजया की 4 दिसंबर रविवार को शादी है। इस दौरान उन्होंने कहा की मुझे बहुत खुशी महसूस हो रही हैं। आज के समय में बेटा बेटी एक समान है। विजया के भाई सत्यप्रकाश और मां किस्तुरी देवी ने कहा की आज के समय में बेटियां हर क्षेत्र में अपना व अपने परिवार का नाम रोशन कर रही हैं। और इस दौरान समाज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए विजया की घोड़ी पर बैठाकर बिंदौरी निकाली है। इस दौरान रामवतार, सुशील, नरेंद्र, रमेश बांगड़वा, कुलदीप, दीपक, तारामणि, सुमन, विनीता, सुमन देवी, सरोज सहित परिवारजन मौजूद थे।

### टेंट मजदूर की एचटी लाइन की चपेट में आने से मौत एक घायल

मदरलैंड संवाददाता, एटा/मिरहची। कस्बा में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर एक टेंट मजदूर की मौके पर मौत हो गई, वही नजदीक में खड़ा एक किशोर भी विद्युत की चपेट में आकर झुलस गया जिसे उपचार के लिए हॉस्पिटल भेजा है। मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। घटनाक्रम के अनुसार कस्बा के मौहल्ला जोगियान निवासी 20 वर्षीय दीपक पुत्र भगवानदास कस्बा की एक टेंट की दुकान पर टेंट की मजदूरी का कार्य करता है। कस्बा के गड्ढा मौहल्ला के बाल्मिक समाज में 1 दिन पूर्व शादी समारोह में लगाए गए टेंट पंडाल को हटाने गया था, टेंट को हटाते समय ऊपर से गुजर रही बिना सुरक्षा जाल के हाईटेंशन लाइन के तारों से पाईप लग गया में जिससे दर्दनाक हादसा हो गया। विद्युत की चपेट में आए मजदूर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया वही पास में खड़ा मृतक के मौहल्ले का 8 वर्षीय किशोर शिवा पुत्र रमेश भी करंट की चपेट में आ गया जिससे उसका हाथ बुरी तरह झुलस गया। मौके पर मृतक युवक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मौहल्ले के लोगों ने बताया कि लापरवाह विद्युत विभाग की वजह से यह अनहोनी घटना घटित हो गई। मौहल्ले में आलम है कि दर्जनों मकानों के ऊपर आज भी खुली मौत झूल रही है यहां लकड़ी के खंभों पर एलटी लाइन धड़ल्ले से चल रही है। जिसको लेकर विभागीय अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं। खबर लिखे जाने तक मजदूर का शव घर पर रखा हुआ था। मिरहची थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने कहा कि घटना को लेकर कोई सूचना नहीं मिली है।

## अवैध खनन पर रोक तथा वैध खनन को बढ़वा देना राज्य सरकार की नीति

» सुनील कुमार शर्मा, मदरलैंड संवाददाता



झुन्झुनू। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम एवं पीएचईडी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने अपने झुंझुनूं दौरे के दौरान कहा कि राज्य सरकार माइनिंग क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक और वैध खनन को बढ़वा देने की नीति के साथ आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि झुन्झुनूं और सीकर जिले में आयरन व कॉपर सहित खनिजों के विपुल भण्डार है ऐसे में अवैध खनन जैसी गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही अनवरत रुप से जारी रखी जाएगी। उन्होंने आयरन के अवैध खनन व परिवहन की चर्चा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारियों द्वारा लादी का वास व काली खेड़ा में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही कर सकारात्मक संदेश दिया है, यह अधिकारियों का सराहनीय प्रयास है और इस तरह के प्रयास भविष्य में भी जारी रखे जाए। एसीएस अग्रवाल ने कहा कि खेतड़ी कॉपर के कारण समूचे विश्व में राजस्थान की पहचान है और अब यूरेनियम के विपुल भण्डार मिलने के साथ ही राजस्थान देश दुनिया में नया अध्याय लिखने जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व लक्ष्यों की शत प्रतिशत वसूली तय करने के निर्देश देने के साथ ही कहा कि एमनेस्टी योजना के दायरें में आने वाले सभी प्रभावितों से संपर्क साधकर वसूली करें। उन्होंने खनिज खोज कार्य में तेजी लाने, ऑक्शन के लिए नए ब्लॉक तैयार करने और खनन सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित कराने, पर्यावरण संरक्षण और समय समय पर शिविर लगाकर खनिज श्रमिकों में अवेयरनेस लाने के निर्देश भी दिए। गौरतलब है कि एसीएस माइंस डॉ. सुबोध अग्रवाल द्वारा अधिकारियों को महज आदेश देने तक ही सीमित नहीं रहे बल्कि स्वयं फिल्ड में जाकर वहां की समस्याओं और गतिविधियों का जायजा लिया। डॉ. अग्रवाल ने श्री सीमेंट के लीज क्षेत्र, आसपास के खनिज इलाकों और हिन्दुस्तान कॉपर के अधिकारियों यूनिट हेड श्रीकुमार व एस गुहा के साथ कॉपर प्लांट व अण्डर ग्राउण्ड खदान कोलियान का बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने लीज धारकों को वृक्षारोपण करने व कॉपर के अधिकारियों को सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यावर्ण संरक्षण व श्रमिकों के स्वास्थ्य व कार्यस्थल पर मास्क आदि आवश्यक सुविधाएं सुनिष्चित करना हमारा दायित्व है और इसमें किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। वे कॉपर प्लांट की गतिविधियों व कार्य प्रणाली से प्रभावित हुए और समस्याओं की भी जानकारी प्राप्त की।

एसएमई जयपुर वृत प्रताप मीणा ने विजिट के दौरान विस्तार से क्षेत्रीय गतिविधियों की जानकारी दी।

नीम का थाना खनन क्षेत्र में खनिज विभाग के एमई सीकर रामलाल, एमई झुन्झुनूं धर्मेन्द्र सिंह, एमई नीम का थाना अमीचंद व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में चौकस रहने के निर्देश दिए। श्री सीमेंट खनन पट्टा क्षेत्र नवलगढ़ के परसरामपुरा गोठडा गणेश्वर में 60 हैक्टेयर में प्लांटेशन और महबा में फैल्सपार की माइनिंग का अवलोकन किया। पट्टाधारियों से चर्चा की और उनकी गतिविधियों व समस्याओं की जानकारी ली।

## पशुशाला से बाघ, गाय उठाकर ले गया

» मदरलैंड संवाददाता




बढ़ापुरः बढ़ापुर वन रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र के समीप डेरा डालकर कृषि करने वाले एक किसान की पशुशाला से बाघ किसान की एक गाय को उठाकर ले गया तथा पास ही जंगल मे ले जाकर गाय को अपना निवाला बना लिया। सवेरे किसान जब डेरे पर पहुँचा तो देखा कि पशुशाला से दो गाय गायब थी आसपास तलाश करने पर एक गाय का शव मिला परन्तु एक गाय का कुछ पता नही चल पाया है। किसान द्वारा घटना की सूचना वन विभाग सहित राजस्व विभाग को दे दी गई है।

बताया जा रहा है कि नगर के मोहल्ला फूलबाग निवासी नसीम पुत्र अ0 रहमान की नकटा नदी के समीप बढ़ापुर वन रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र से सटे मौजा सेलापानी में कृषि भूमि है। जहां पर दशकों से नसीम के परिजनों द्वारा कृषि भूमि पर डेरा डालकर निवास किया जाता रहा है। उक्त डेरे पर ही पशुओं के लिये कच्ची पशुशाला भी बनाई हुई जिसमें करीब दर्जन भर पशुओ का पालन होता है। शुक्रवार को नसीम जुमे की नमाज पढ़ने के लिए नगर में आया था जहां पर नसीम अपने परिजनों के कहने पर रात में नगर में ही रुक गया था। सवेरे जब नसीम अपने डेरे पर पहुँचा तो देखा कि पशुशाला से दो गाय गायब थी। आसपास देखने पर नसीम ने पाया कि गाय को बाघ उठाकर ले गया है। जिसके बाद नसीम पासपड़ोस के किसानों के साथ आसपास के जंगल मे तलाश किया तो देखा कि डेरे से कुछ दूर जंगल मे गाय मृत पड़ी हुई थी। जिसका पिछला हिस्सा बाघ द्वारा खाया जा चुका था। गाय के गले पर बाघ के पकड़ने के निशान भी मौजूद हैं। आसपास में देखने पर कच्चे रास्ते पर बाघ के पदचिन्ह भी मिले जिन्हें देखकर किसानों ने बाघ की पुष्टि की है। किसान नसीम द्वारा बताया गया कि उसके द्वारा इस बाबत वन विभाग व राजस्व विभाग को सूचना दे दी गई है। सूचना पर हल्का लेखपाल प्रमोद कुमार ने जांच कर उचित कार्यवाही की बात कही है। जबकि वन विभाग को सूचना मिलने के बाद भी दोपहर तक वन विभाग के किसी भी कर्मचारी ने मौके ओर पहुचना गंवारा नही किया। इस बाबत जब बढ़ापुर वन रेंज के रेंजर कपिल कुमार से बात करने का प्रयास किया गया तो उनसे सम्पर्क नही हो पाया।

## ग्राम प्रधान संगठन के संस्थापक महावीर दत्त शर्मा की 14 वीं पुण्यतिथि पर 5 से 8 दिसंबर तक होगा गोष्ठियों का आयोजन

» अवीनाश त्यागी, मदरलैंड संवाददाता



बिजनौर। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के संस्थापक पंडित महावीर दत्त शर्मा जी की 14 वीं पुण्यतिथि पर प्रदेश के सभी जनपदों में जिला इकाइयों द्वारा श्रद्धांजलि सभा एवं गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मुरादाबाद मंडल स्तर पर जनपद बिजनौर के अफजलगढ़ ब्लॉक में उक्त श्रद्धांजली सभा एवं गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन 7 दिसंबर 2022, दिन बुधवार को किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि सुरेश चंद शर्मा राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ललित शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश ठाकुर एडवोकेट एवं मीडिया प्रभारी मुरादाबाद मंडल डॉ सत्येंद्र शर्मा अंगिरस रहेंगे। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी ग्राम प्रधानों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु संबंधित बीडीओ, डीपीआरओ एवं सीडीओ से मिलकर निराकरण कराने की कार्रवाई कराएंगे। जनपद बिजनौर इकाई द्वारा जिला मुख्यालय पर ब्लॉक मोहम्मदपुर देवमल के सभागार में 5 दिसंबर 2022, दिन सोमवार को श्रद्धांजलि सभा एवं गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जनपद के सभी ग्राम प्रधानों से उक्त कार्यक्रम में प्रातः 11बजे उपस्थित होने की अपील की जाती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार एवं विशिष्ट अतिथि गणेश ठाकुर एडवोकेट प्रदेश उपाध्यक्ष तथा डॉ सत्येंद्र शर्मा अंगिरस मीडिया प्रभारी मुरादाबाद मंडल राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन उपस्थित होंगे। अतः जनपद के सभी ग्राम प्रधान कार्यक्रम में उपस्थित होकर गोष्ठी में प्रतिभाग कर अपने अपने विचारों का आदान प्रदान करें।

## झुंझुनू विधानसभा की जन आक्रोश यात्रा का चनाना से हुआ शुभारंभ

### रथ को जिलाध्यक्ष व जिला प्रभारी में दिखाई हरी झंडी

» मदरलैंड संवाददाता



झुन्झुनू। केंद्र की जन हितेषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने व राज्य की कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों, जंगलराज तथा कुशासन के खिलाफ भाजपा की जन आक्रोश यात्रा के तहत शनिवार को झुंझुनू विधानसभा के लिए रथ रवाना हुआ। यात्रा के मीडिया प्रभारी कमल कांत शर्मा ने बताया कि चनाना पंचायत भवन के पास आयोजित सभा के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, जिले के संगठन प्रभारी गोवर्धन वर्मा व यात्रा के विधानसभा प्रभारी मधुसूदन भिंडा ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा प्रारंभ से पूर्व सभा को भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, जिला संगठन प्रभारी गोवर्धन वर्मा। यात्रा विधानसभा प्रभारी मधुसूदन भिंडा, राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनिया, राजेंद्र भांभू, कमल कांत शर्मा, निशित चौधरी, विनोद झाझरिया, राजीव गुड्डू नेहरा, यात्रा के विधानसभा संयोजक सुनील लांबा, सह संयोजक इंद्राज सैनी, भाजपा जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, कैप्टन श्री राम, सूबेदार बनवारी, इंद्राज मैनेजर, दिलीप नेहरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष आशु सिंह शेखावत, मंडल अध्यक्ष बलजीत शर्मा, हवा सिंह मुंड, पूर्व सरपंच अर्जुन महला, कुलदीप सिंह काली पहाड़ी, उमेद सिंह धनखड़, असगर अली पहाड़ियान, अरुणा सिहाग, कुलदीप पूनिया, रजनीश चनाना सहित भाजपा पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जनता में आज राजस्थान की कांग्रेस सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश है। यह आक्रोश इस रथयात्रा के माध्यम से हम जनता के बीच में लेकर जाएंगे और उनकी समस्याओं को मत पत्रों के माध्यम से पेटी में भरकर प्रदेश नेतृत्व तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं है जब कांग्रेस की सरकार इस राजस्थान से विदाई लेगी और भारतीय जनता पार्टी का कमल भारी बहुमत से खिलेगा। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार मूण्ड ने किया, जबकि धन्यवाद चनाना सरपंच चरण सिंह ने किया। इस मौके पर दिलीप सैनी, रवि लांबा, विजेंद्र हटवाल, ललित जोशी, मुकेश सैनी, पुरुषोत्तम सैनी, युवा मोर्चा जिला मंत्री नरेंद्र सिंह शेखावत, प्रमोद बुडानिया, रामनिवास सैनी, अभिलेख धनखड़, रण सिंह नेहरा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चनाना से यात्रा प्रारंभ होकर रथ तारा का बास, निजामपुर, ठाकुरों की ढाणी श्योलालपुरा होते हुए गोवला पहुंचा। रथ के साथ बड़ी संख्या में वाहनों का काफिला जोश खरोश के साथ वंदे मातरम, भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए घर-घर पहुंचा। गोवला में शौर्य चक्र विजेता शहीद महिपाल सिंह की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर यात्रा को विश्राम दिया गया।

## प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता व समयबद्वता के साथ करना सुनिश्चित करें- विजय वर्धन तोमर

» मदरलैंड संवाददाता




बिजनौर तहसील नजीबाबाद में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी नजीबाबाद विजय वर्धन तोमर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उपजिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता व समयबद्वता के साथ करना सुनिश्चित करें तथा आगामी तहसील दिवस से पूर्व सभी शिकायतों का निस्तारण पूर्ण मानक के अनुसार कर लिया जाए और कोई भी शिकायत लंबित न रहने पाए। इस अवसर पर 31 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से 02 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उपजिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न करे। उन्होने निर्देश दिये कि वर्तमान और लम्बित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करें।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर चकरोड पर अवैध कब्जा हटाने, पेंशन योजना का लाभ दिलाने, आवास दिलाने सहित कुल 31 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से 02 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक ढंग से समयसीमा के अन्तर्गत निस्तारण करने के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये गये। प्राप्त शिकायती व प्रार्थना पत्रों में राजस्व विभाग की 13, पुलिस विभाग की 09, विकास विभाग की 02 व अन्य विभागों की 07 है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी न्यायायिक रितु चौधरी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 विजय कुमार गोयल, तहसीलदार कमलेश कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## पोंख में मंत्री गुढा ने किया सड़क का शिलान्यास

» मदरलैंड संवाददाता



झुन्झुनू। जिले के गांव चॅवरा स्थित पोंख गॉव की ढाणी बिलाला से किशोरपुरा जाने वाले सड़क मार्ग का शनिवार को सैनिक कल्याण राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढा ने शिलान्यास किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वकील गोकूल सिंह शेखावत, सहायक अभियन्ता प्रणव कुमार शिल्ला, कृष्ण कुमार धाबाई, पुर्व सरपंच शिशराम खटाणा, दिवानाराम ग्राटी, घासीराम डिलर, रविन्द्र सिंह पोंख आदि रहे इस अवसर पर ग्रामीणों ने मंत्री गुढा को माला एवं साफा बांध कर जोरदार स्वागत किया। मंत्री गुढा ने कहा की सड़क को फरवरी माह में किशोरपुरा तक जोड़ दिया जायेगा। कृष्ण गुर्जर ने बताया कि इस सड़क को स्वीकृत करवाने में गोकुल सिंह, रविन्द्र सिंह, पीसीसी सदस्य यादवेन्द्र सिंह पोंख, दिवान ग्राटी, अमर सिंह मास्टर, हणमान सिंह, घासीराम डिलर, छाजू ग्राटी, शीशराम चनेजा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस मौके पर दानाराम धाबाई, धोलूराम खटाणा, रतन धाबाई, कैलाश गुर्जर नाडियाली, दाताराम ग्राटी, हनुमान सिंह, पुर्व उपसरपंच नरेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह चोढा, इन्द्राज गुर्जर, धवल बिछवाल, गिरधारी सिराधना, नागर चनिजा, रामेश्वर सैनी पंच, कल्याण गुर्जर, हणमान गुर्जर, श्रवण गुर्जर, जेपी खटाणा, नवरंग लाल, श्योलाराम बिजाला, मूलचन्द पारिक, पुर्व सरपंच रामानन्द स्वामी, भोपाल सिंह, महीपाल ठेकेदार, सुधीर मीणा किशोरपुरा, कर्ण सिंह, शीशराम खटाणा सोदागर, श्रीराम मीणा, पंकज मीणा, मंगलचन्द सैनी, मोहन लाल सरपंच, भाताराम सैनी सहित काफी लोग उपस्थित रहे

## एटा मेडिकल कॉलेज मे छात्रों को किया कमरे में बंद मचा घमासान

### डीएम ने दिये जांच के आदेश, बैकफुट पर प्रिंसिपल

» अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवाददाता



एटा। मेडिकल कॉलेज मे रैगिंग, अनुशाशनहीनता एवं प्रिंसिपल पर अभद्रता करने के आरोप को लेकर हुए हंगामे को लेकर जिला अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर उप जिला अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री मामले की मजिस्ट्रियल जांच करने के लिये पुलिस फोर्स के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे। वहां उन्होंने जूनियर और सीनियर मेडिकल छात्रों के अलग अलग बयान लिये। इस बीच उन्होंने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और फैकल्टी मेंबर्स से भी अलग अलग बात की।

मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल मे रैगिंग और अनुशाशन हीनता के आरोप मे मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ नवनीत कुमार ने 30 सीनियर मेडिकल छात्रों को 1 दिसंबर को सस्पेंड कर दिया था। इन सभी छात्रों को छात्रावास से निष्काषित करने का भी निर्णय लिया था। इस पर बीती रात मेडिकल कॉलेज में जमकर बवाल हुआ और स्थिति यहां तक बिगड़ गयी कि रात मे ही मेडिकल कॉलेज मे बड़ी संख्या मे पुलिस फोर्स बुलाना पड़ा।

**प्रिंसिपल और प्रॉक्टर, टीचिंग फैकल्टी की बैठक**

मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और प्रॉक्टर, टीचिंग फैकल्टी और छात्रों के साथ चली बैठक मे रैगिंग के मामले को रफा दफा करने की बात की गयी, जिससे छात्रों के भविष्य को कोई नुकसान न हो।

मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने रैगिंग की घटना से इंकार करते हुए कहा कि छात्रों के छोटे मोटे इशू थे जिनको अब मिलकर हल कर लिया गया है। जबकि इन्ही प्रिंसिपल ने अपने हस्ताक्षर से मेडिकल कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर हॉस्टल मे रैगिंग करने और अनुशाशन हीनता करने के आरोप में 30 सीनियर छात्रों के सस्पेंशन का नोटिस 1 अगस्त को लगवाया था जो कि आज भी लगा है और इस बात की गवाही दे रहा है कि मेडिकल कॉलेज मे रैगिंग हुई है।

उप जिला अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने भी रैगिंग की घंटा न होने की बात कही। जबकि नोटिस बोर्ड पर साफ साफ नोटिस चिपका हुआ है कि 30 छात्रों को हॉस्टल मे रैगिंग और अनुशाशन हीनता के कारण सस्पेंड किया जाता है। जब उनसे पूछा गया कि एक छात्र के अभिभावक ने लिखित में मेडिकल कॉलेज मे रैगिंग की शिकायत प्रिंसिपल को की है तो उन्होंने कहा कि इस लिखित शिकायत की उनको जानकारी नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व दिव्यांग दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

देहरादून, एजेंसी। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर नेताजी संघर्ष समिति ने एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर दिव्यांगों का सम्मान देने व उनके प्रति भेदभाव न करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर गोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य आंदोलनकारी मंच के जिलाध्यक्ष व समाजसेवी प्रदीप कुकरेती रहे। इस अवसर पर अपने अतिथि भाषण में प्रदीप कुकरेती ने कहा कि आज हम दिव्यांग दिवस मना रहे हैं लेकिन इस दिवस को मनाना तभी सार्थक होगा कि जब हम विकलांगों को समाज में बराबर का सम्मान दें उनके प्रति भेदभाव न करें। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल ने कहा कि प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह दिव्यांगों की परवाह करते हुए उनकी पेंशन में बढ़ोत्तरी करें। इस अवसर पर संचालन करते हुए आरिफ हुसैन वारसी ने कहा कि दिव्यांग भी समाज का एक मुख्य अंग है और दिव्यांग भी देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं हर क्षेत्र में दिव्यांग सक्रिय हैं और वह हर तरह से सम्मान व प्यार के हकदार हैं हम सब को उनका हक अदा करना चाहिए। इस अवसर पर विचार गोष्ठी की अध्यक्षता समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल ने की और गोष्ठी का संचालन महासचिव आरिफ हुसैन वारसी ने किया।

### भाई वीर सिंह की जयंती पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन कल से

देहरादून, एजेंसी। भाई वीर सिंह की जयंती के अवसर पर डॉ. बलबीर सिंह साहित्य केंद्र देहरादून और सिख विश्वकोष विभाग पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला द्वारा पांच व छह दिसंबर को 20 प्रीतम रोड डालनवाला में दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर संगोष्ठी की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस अवसर पर बताया गया कि इस संगोष्ठी में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेनि सरदार गुरमीत सिंह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे शुरू होगा जिसमें मुख्य भाषण डॉ. जसपाल कौर कांग और विशेष भाषण डॉ. सुरजीत सिंह नारंग देंगे इस सत्र की अध्यक्षता पंजाबी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अरविंद करेंगे। इस अवसर पर बताया गया कि सेमिनार में चंडीगढ़ पटियाला अमृतसर दिल्ली और देहरादून विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक भाई वीर सिंह का पंजाबी और सिख साहित्य में योगदान विषय पर विशेषज्ञ अपने अपने शोध पत्र पढ़ेंगे। इस अवसर पर पांच दिसंबर को शाम पांच बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बताया गया कि 05 दिसंबर 1972 को अमृतसर में जन्में भाई वीर सिंह को आधुनिक पंजाबी भाषा का जनक कहा जाता है जिन्होंने अपने उपन्यासों नाटकों कविता पवित्र इतिहास संपादकीय नोट्स और संपादित कार्यों के माध्यम से लोगों के मन में पंजाबी और सिख साहित्य के लिए प्रेम पैदा किया।

### विपिन रावत प्रकरण में मुख्यमंत्री के आदेश पर चैकी इंचार्ज सस्पेंड

देहरादून, एजेंसी। विपिन रावत प्रकरण में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर देहरादून के एसएसपी ने लापरवाही बरतने वाले चैकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया है। 25 अक्टूबर को कोतवाली नगर देहरादून पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 557/2022 धारा 307/323/504506 भादवि की विवेचना में उ.नि. प्रवीण सैनी चैकी प्रभारी लक्खीबाग द्वारा लापरवाही करने व अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी न करने के गंभीर आरोप लगे थे। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एसएसपी देहरादून को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा तत्काल प्रभाव से उपनिरीक्षक प्रवीण सैनी को निलंबित किया गया है।

### 52 गांवों के 230 गरीब परिवारों को 460 रजाईयां की वितरित

देहरादून, एजेंसी। साहिया क्षेत्र के आसपास के 52 गांवों के 230 गरीब परिवारों को 460 रजाईयां वितरित की गई। जौनसार के अष्टाड गांव निवासी पूर्व आईपीएस जगतराम जोशी के सौजन्य से रजाईयां वितरित करवाई गई। इस अवसर पर बताया गया कि प्रत्येक गरीब परिवार को दो रजाईयां दी गई। साहिया सनातन धर्म मन्दिर में आज साहिया के आस पास के 52 गांवों से 230 जरूरतमंद लोगों की एक सूची तैयार की गई थी जिसके आधार पर उन्हें आज साहिया सनातन धर्म मन्दिर रामलीला मैदान में बुलाया गया और प्रत्येक परिवार को दो रजाईयां भेंट की गई। इस अवसर पर पूर्व आईपीएस जगतराम जोशी का कहना है कि इससे पूर्व में जौनसार के अन्य क्षेत्र में भी समय-समय पर रजाई वितरण का कार्यक्रम करवाया गया है और गरीब परिवारों को ठंड से बचने के लिए हर वर्ष जगह जगह रजाई वितरण का कार्यक्रम करवाया जाता है जिससे ऐसी कड़क सर्दी में वह सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि रजाई वितरण के लिए एक चयन समिति बनाई गई थी जिसमें ग्राम प्रधान पूर्व ग्राम प्रधान एवं अन्य लोगों को शामिल किया गया था और उनकी सूची के अनुसार ही यह रजाईयां वितरित की गई हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पूर्व आईपीएस जगतराम जोशी ने दून के जोगीवाला स्थित अपना घर अनाथ आश्रम में रह रही 42 बालिकाओं के लिए जैकेट भेंट की थी।

# अतिक्रमण के लिए सम्बंधित विभाग अधिकारी होगा जिम्मेदार: डीएम



हरिद्वार, एजेंसी। जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने संयुक्त रूप से सीसीआर और रोडी बेलवाला क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने सिंचाई विभाग व नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्बन्धित विभाग तुरन्त अपने-अपने विभागों की सरकारी जमीनों पर हुये अतिक्रमण को तुरन्त हटायें। लेकिन कार्यवाही से पूर्व वहां अतिक्रणकारियों को माइकों के जरिये सरकारी भूमि खाली करने के लिए चेतावनी दे दी जाये इसके बावजूद भी अगर कोई अतिक्रमणकारी सरकारी जमीन को खाली नहीं करता है तो उसका सामान जब्त करते हुए अवैध सभी अतिक्रमणों को ध्वस्त कर दिया जाये। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग की अधिशासी अभियंता श्रीमती मंजु को यह भी निर्देशित किया कि अतिक्रमण हटने के बाद सम्पूर्ण क्षेत्र में तारबाड़ करा ली जाये जिससे दोबारा अतिक्रमण न हो सके। उन्होंने नगर निगम के नगर आयुक्त दयानन्द सरस्वती को भी निर्देशित करते हुये कहा कि सम्पूर्ण क्षेत्र की साफ-सफाई इस प्रकार की जाये कि कोई भी गन्दगी न रहने पाये जिससे स्थानीय निवासियों के साथ-साथ श्रद्धालु यात्रियों में भी स्वच्छ हरिद्वार एवं स्वच्छ माँ गंगा का संदेश जाये। जिलाधिकारी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से भी अतिक्रमण मुक्त होने पर सम्पूर्ण क्षेत्र की देखरेख हेतु स्थानीय पुलिस अधिकारी एवं पुलिस कर्मचारियों को जिम्मेदारी देने को कहा जिससे कि अतिक्रमणकारी पुनः उक्त क्षेत्र में अतिक्रमण न कर पायें। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों की जिम्मेदारी भी निर्धारित की कि यदि दोबारा अतिक्रमण किसी विभाग की जमीन पर होता है तो उसके लिए उक्त विभाग के अधिकारी उत्तरदायी होंगे। इस मौके पर अवैध रूप से अतिक्रमणकारियों को भी निर्देशित किया कि समय रहते अतिक्रमणकारी सरकारी भूमि को खाली कर दें जिससे कि किसी के विरूद्ध कोई सख्त कार्यवाही न करनी पड़े। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने भी मौके पर ही नगर पुलिस अधीक्षक स्वतंत्र कुमार को आवश्कतानुसार पुलिस बल उपलब्ध कराने तथा अतिक्रमण हटाओ अभियान में सम्बन्धित विभागों को पूर्ण सहयोग देने के लिए निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक स्वतंत्र कुमार हरिद्वार रूड़की विकास प्राधिकरण के सचिव उत्तम सिंह चैहान नगर निगम के नगर आयुक्त दयानन्द सरस्वती सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता श्रीमती मंजु इंडियन रेडक्रॉस सचिव डा. नरेश चैधरी एचआरडीए के अभियंता पंकज पाठक एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## धर्मांतरण कानून लाने पर मुख्यमंत्री का होगा नागरिक अभिनंदन: संजीव



हरिद्वार, एजेंसी। भाजपा कार्यकर्ताओ की एक बैठक टिहरी विस्थापित में आहूत की गई। बैठक मे धर्मांतरण कानून बनाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नागरिक अभिनंदन का निर्णय लिया गया। धर्मांतरण कानून लाने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद किया गया और कहा ये कानून हिन्दू समाज के पहली जरूरत थी। इस मौके पर भाजपा नेता संजीव चैधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धर्मांतरण पर कानून लाकर आज एतिहासिक काम किया है आज इस कानून की जरूरत थी। हिन्दू धर्म की बेटियों को लगातार जिस प्रकार से जबरन धर्मांतरण कराया जा रहा था इस कानून के आने से उस पर रोक लगेगी। कहा कि ये कानून हर राज्य सरकार को लाना चाहिए। उत्तर प्रदेश में पहले ही ये कानून आ चुका है और भाजपा ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भाजपा ही हिन्दू हितों की रक्षा कर सकती है और भाजपा सरकार मे हिन्दू सुरक्षित है। देश में मोदी और प्रदेश में धामी ने जो एतिहासिक कार्य किए और पिछली सरकारे 70 सालों में नहीं कर पाई। इस महान और एतिहासिक कानून लाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का हरिद्वार मे भव्य कार्यक्रम कर नागरिक अभिनंदन किया जाएगा और जल्दी ही जनसंख्या कानून व समान नागरिक आचार सहिता पर भी कानून बनाने की माँग की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप विजय धीमान विवेक राणा चैधरी वीर सिंह पुष्पेंद्र गुप्ता विपिन राणा अरविन्द कुमार संजीव कुमार सुनील काँगड़ा अनिल तेश्वर सन्नी कुमार आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण संस्थान में धूमधाम से मनाया गया 'विश्व दिव्यांगता दिवस'




देहरादून, एजेंसी। विश्व दिव्यांगता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय दृष्टिदिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान 116 राजपुर रोड देहरादून में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के सभी विभागों के विद्यार्थियों और प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

सभी दिव्यांग बच्चों की प्रस्तुतियां सराहनीय रहीं और दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस अवसर पर दृष्टि दिव्यांगजन का बैण्ड ह्यह्यहेलो दूनह्व जोकि दृष्टि दिव्यांग छात्रों द्वारा निर्मित बैंड है उसमें छात्रों की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लियाद्य 91.2 एनआईवीएच हेलो दून (एफएम रेडियो) के संयुक्त तत्वावधान में यह देहरादून का पहला और अनूठा बैंड है जिसके सभी सदस्य दृष्टि दिव्यांग हैं। कार्यक्रमों का सफल आयोजन संस्थान के निदेशक महोदय डॉ. हिमांग्शु दास के नेतृत्व व मार्गदर्शन से किया गया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों को सही मार्गदर्शन और उचित अवसर दिए जाने पर वो भी एक सशक्त समाज के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रमों का संचालन दृष्टि दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राकेश मल्ल श्रीमती लक्ष्मी पोखरियाल अमित शर्मा श्रीमती चेतना गोला एशोप नोबी मुकुल सजवाण आदि का योगदान रहा। इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी पदाधिकारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## प्रशासनिक टीम की कई स्क्रीन प्लाण्ट्स पर छापेमारी

हरिद्वार, एजेंसी। जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय के निर्देश पर बिशनपुर फेरुपुर में सुबह बुग्गी के माध्यम से स्क्रीन प्लाण्ट में अवैध आरबीएम क्रय किए जाने की शिकायत मिलने पर प्रशासनिक अधिकारियो ने छापेमारी की। प्रशासन की छापेमारी से अवैध खनन माफियाओं में हड़कम्प मच गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी कार्रवाई के दौरान अवैध खनन में लिप्त कई स्क्रीन प्लाण्ट्स को सीज कर दिया। प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने अपनी छापेमारी की शुरूआत विशनपुर

- अवैध खनन माफियाओं में कार्रवाई से हड़कम्प
- माइनिंग क्षेत्र में अवैध खनन पर लगी रोक

स्थित कृष्णा स्क्रीन प्लाण्ट से की गयी। जहां पर टीम ने मौके पर पाया कि स्क्रीन प्लाण्ट बुग्गियों से माल ले रही है तथा परिसर के अन्दर से ही आरबीएम निकाला जा रहा है। टीम ने पूरी जांच के बाद स्क्रीन प्लाण्ट को सीज कर दिया। इसके पश्चात टीम फेरूपुर रामखेड़ा स्थित शाकुम्भरी स्क्रीन प्लांट पहुंची जहां पर भी स्क्रीन प्लाण्ट द्वारा बुग्गियों से माल लिया जा रहा था तथा परिसर में जगह-जगह गढ्ढे पाये गये। प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने जांच के बाद स्क्रीन प्लाण्ट को सीज कर दिया। इस के पश्चात प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यवाही करते हुए बिशनपुर कुण्डी स्थित पंजाब स्क्रीन प्लाण्ट पहुंची जहां पर भी स्क्रीन प्लाण्ट द्वारा बुग्गियों के माध्यम से अवैध खनन का माल लिया जा रहा था। टीम ने पंजाब स्क्रीन प्लाण्ट के खिलाफ भी सीज की कार्रवाई गयी। एसडीएम पूरण सिंह राणा ने बताया कि स्क्रीन प्लाण्ट परिसर में जो माल पाया गया उसकी नाप करके जुमार्ना आरोपित किए जाने के लिए जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है। जिलाधिकारी के सख्त निर्देश हैं कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जिसके कारण खनन क्षेत्र में अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगने के साथ ही खनन माफियाओं के हौंसले भी पस्त हुये हैं। उन्होंने बताया कि इधर जेसीबी से खनन किए जाने की कहीं से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है तथा बुग्गी वालों को भी अवैध खनन न करने के लिये सख्त हिदायत दी गयी है। इसके बावजूद भी अगर कोई भी स्टोन क्रेशर बुग्गी से अवैध खनन का माल लेता है तो सम्बन्धित स्टोन क्रेशर के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।



## युवा न्याय संघर्ष समिति ऋषिकेश का राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन पुलिस ने किया गिरफ्तार

देहरादून, एजेंसी। युवा न्याय संघर्ष समिति ऋषिकेश के द्वारा अंकिता भंडारी हत्याकांड के छुपे हुए वीआईपी के नाम का खुलासा करने अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने व विधानसभा बैकडोर भर्ती घोटाले में दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। वहीं पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आज युवा न्याय संघर्ष समिति ऋषिकेश के द्वारा अंकिता भंडारी हत्याकांड के छुपे हुए वीआईपी के नाम का खुलासा करने अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने व विधानसभा बैकडोर भर्ती घोटाले में दोषियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर विगत 51 दिनों से ऋषिकेश में किये जा रहे धरने एवं 17 दिनों से समिति के विभिन्न सदस्यों द्वारा किये जा रहे आमरण अनशन करने के बावजूद कोई सुध नहीं ली है। इस दौरान पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों में हडकंप मच गया। आनन फानन में पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। बाद में पुलिस ने उन्हें घसीटते हुए गिरफ्तार कर लिया जिससे वह चोटिल हो गये। पुलिस सभी को कैंट थाने ले गई और जब इसकी भनक कांग्रेसियों को लगी तो प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में कांग्रेसी कैंट थाने पहुंचे और वहां पर जमकर प्रदर्शन कर हंगामा किया। इस दौरान हंगामा बढ़ते देख पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर पुलिस लाईन ले गई और वहां पर कांग्रेसियों ने अंकिता भंडारी हत्याकांड की सीबीआई से जांच कराये जाने की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन कर धरना दिया। कहा कि लगातार राज्य इस ओर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं कर ही है। इस अवसर पर कैंट थाने से पुलिस ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा मथुरा दत्त जोशी गरिमा दसौनी डाक्टर जसविन्दर सिंह गोगी जयेंद्र रमोला प्रमिला रावत सहित अन्य कांग्रेसियों को गिरफ्तार कर पुलिस लाईन ले गई जहां पर सभी ने प्रदर्शन कर धरना दिया।

## अंकिता हत्याकांड मामले में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की संलिप्तता का लगाया आरोप

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखंड क्रांति दल ने अंकिता हत्याकांड मामले में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की संलिप्तता का आरोप लगाते हुए सरकार से उनकी भूमिका की जांच कराने की मांग की है। यहां दल के केन्द्रीय कार्यालय में पत्रकारों स वार्ता करते हुए दल के केन्द्रीय मीडिया प्रभारी शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि विधानसभा सत्र में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल का बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और अपराधियों को बचाने वाला है जिससे जाहिर होता है कि उनकी भी इस हत्याकांड में संलिप्तता है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने सदन के दौरान बयान दिया था कि इस मामले में कोई भी वीआईपी गेस्ट नहीं है और उन्होंने होटल के मैनेजर की बातों का हवाला देते हुए बयान दिया था कि वीआईपी कोई गेस्ट नहीं है बल्कि होटल के कमरों को ही वीआईपी नाम दिया गया था। यूकेडी नेता सेमवाल ने सवाल उठाया कि अगर वह

- उक्रांद ने की हत्याकांड में कैबिनेट मंत्री की भूमिका की जांच की मांग

वीआईपी शब्द गेस्ट के लिए नहीं बल्कि रूम के लिए प्रयोग होना बता रहे हैं तो उनको यह भी साफ करना चाहिए कि एक्स्ट्रा सर्विस की डिमांड किसके लिए हो रही थी। यूकेडी नेता शिवप्रसाद सेमवाल ने सवाल उठाया कि प्रेमचंद अग्रवाल ने यह बयान किस हैसियत से दिया है? क्या वह घटनास्थल वाले क्षेत्र के जन प्रतिनिधि हैं या वह गृह मंत्री हैं। उन्होंने यह बयान किसके निर्देश पर दिया है? यूकेडी नेता शिव प्रसाद सेमवाल ने इस बात को दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल अपराधियों की पैरोंकारी कर रहे हैं जबकि पीड़ित परिवार के प्रति उनके मुंह से कभी दो शब्द नहीं निकले हैं।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर मुख्यमंत्री ने 32 दिव्यांगजनों को किया सम्मानित

## दिव्यांगजनों को राज्य स्तरीय दक्षता पुरस्कार की धनराशि 05 हजार से बढ़ाकर 08 हजार दी जायेगी

देहरादून, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सुभाष रोड स्थित लॉर्ड वेंकटेश्वर हॉल में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय दक्षता पुरस्कार समारोह में दिव्यांगजनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुल 32 दिव्यांगजनों को प्रशस्ति पत्र मेडल मान पत्र एवं 5-5 हजार की धनराशि देकर सम्मानित किया। जिसमें 10 उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारी 11 दक्ष दिव्यांग खिलाड़ी 10 स्वतः रोजगार में रत दिव्यांगजन एवं 01 सेवायोजक अधिकारी शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों के बीच जाकर उनका हौंसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर दिव्यांगजनों के लिए चार घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि दक्ष दिव्यांग कर्मचारियां उनके सेवायोजकों स्वतः रोजगार से रत दिव्यांग व्यक्तियों एवं दिव्यांग व्यक्तियों के सेवायोजक अधिकारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार के रूप में दी जाने वाली धनराशि 05 हजार रुपए से बढ़ाकर 08 हजार रुपए की जायेगी। दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक यंत्र/उपकरण हेतु कृत्रिम अंग अनुदान की धनराशि 3500 रुपए से बढ़ाकर 7000 रुपए की जायेगी। वृद्धावस्था पेंशन योजना की तरह ही दिव्यांग पेंशन योजना को सरलीकृत करते हुए ऐसे समस्त दिव्यांग भी पेंशन हेतु पात्र होंगे जिनके पुत्र/पौत्र 20 वर्ष से अधिक आयु के हों। दिव्यांगजनों को परीक्षाओं में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक में 05 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने राज्य दक्षता पुरस्कार 2022 से सम्मानित होने वाले सभी दक्ष कार्मिकों सेवायोजकों को शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार सेवा और सहयोग के भाव के साथ दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए लगातार कार्य हो रहे हैं। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में दिव्यांग जनों को सामाजिक और आर्थिक दोनों क्षेत्रों में समानता का अधिकार दिलाने के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। हमारे दिव्यांगजन अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं संकल्प के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में सराहनीय योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी सकारात्मक सोच एवं दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें तो सब कुछ करना संभव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ वर्ष 2022-23 में 155 करोड़ रुपए का प्राविधान किया है। आर्थिक रूप से कमजोर दिव्यांग भाई-बहनों को 1500 रुपए की मासिक पेंशन दी जा रही है। दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को प्रतिमाह 700 रुपए का अनुदान भरण पोषण हेतु दिया जा रहा है। सरकारी नौकरियों में भी दिव्यांगजनों के लिए क्षैतिज आरक्षण 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत किया गया है। प्रत्येक जनपद में जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के माध्यम से दिव्यांगजनों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। दिव्यांग से विवाह करने पर प्रोत्साहन के रूप में 25000 रुपए की धनराशि भी दी जा रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि हमारे दिव्यांगजन सदैव इसी उत्साह और उमंग के साथ राज्य की प्रगति और विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे। इस अवसर पर विधायक खजान दास मेयर सुनील उनियाल गामा भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल प्रमुख सचिव समाज कल्याण एन फैनई निदेशक समाज कल्याण बीएल फिरमाल आयुक्त दिव्यांगजन कर्मेन्द्र सिंह निदेशक जनजाति कल्याण संजय टोलिया एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



- कृत्रिम अंग अनुदान की धनराशि 3500 रुपए से बढ़ाकर 7000 रुपए की जायेगी
- वृद्धावस्था पेंशन योजना की तरह ही दिव्यांग पेंशन योजना को सरलीकृत किया जायेगा
- दिव्यांगजनों को परीक्षाओं में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक में 05 प्रतिशत की छूट दी जायेगी
- मुख्यमंत्री ने विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर की चार घोषणाएं

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रांसपोर्ट नगर में रॉन्ग साइड चल रहे वाहनों का काटा चालान



मदरलैंड संवाददाता, लुधियाना। शहर में हर जगह ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर लोग परेशान हो रहे हैं विकास कार्य होने की वजह से सड़को पर जाम नजर आ रहे हैं आम आदमी पार्टी महिला विंग की प्रधान नीतू वोहरा ने एस पी ट्रैफिक से मिलकर ट्रांसपोर्ट नगर चौक पर नाका लगवाया और रॉन्ग साइड आ रहे वाहनों का चालान काटा ट्रैफिक जॉन 6 इंचार्ज नरेंद्र सिंह ने बताया कि इलाका निवासियों की काफी शिकायते आ रही थी जिस कारण आज नाका लगा कर चालान काटे गए

### स्वतंत्रता सेनानी परिवार ने मनिंदर जीत सिंह को किया सम्मानित



मदरलैंड संवाददाता, लुधियाना। दुगरी फेस वन मार्किट प्रधान सचिन मनचंदा ने लुधियाना पहुंचे मनिंदर जीत सिंह बिट्टा आल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के चेयरमैन विशेष तौर पर सम्मानित किया गया इस अवसर पर सचिन मनचंदा ने बताया कि उनकी फैमिली स्वतंत्रता सेनानी परिवार से है बिट्टा ने कहा जिन्होंने देश के लिए कुबार्नी दी है उन परिवारों के घरों में जा कर बहुत खुशी होती हैं जिन्होंने देश का नाम रोशन किया है आज की सरकार शहीदों को भूल सकती है मगर जब तक बिट्टा जिंदा है इन परिवारों का मान सम्मान करना मेरा फर्ज है।

### सरपंचों और पंचों ने ली पद की शपथ



मदरलैंड संवाददाता, पानीपत। शनिवार को जिला के सभी सरपंचों व पंचों को ग्राम सरक्षकों द्वारा खंड स्तर पर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल व पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने वर्चुअल माध्यम से सभी नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए ग्रामीण विकास में तेजी लाने और सरकार की नीतियों का हर गरीब व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने सहित गांव की एकता बनाये रखने का मूल मंत्र दिया। उपायुक्त सुशील सारवान ने भी जिला के सभी नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन की तरफ से ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए आप सब का हर समय सहयोग किया जायेगा।

### एचटेट परीक्षा केन्द्रों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



मदरलैंड संवाददाता, पानीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने आज शनिवार शाम के सत्र में हुई एचटेट परीक्षा के दौरान कई परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय आर्य पीजी कॉलेज में बने परीक्षा केन्द्र सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों का भी दौरा किया। एचटेट परीक्षा को लेकर जिलाधीश सुशील सारवान ने पहले ही परीक्षा केन्द्रों के आस-पास धारा-144 के आदेश कर दिए थे और इस सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक सावधानियां बरतनी के ह्यद्मद्धह्ल निर्देश दिए थे।

## जिला की नप व नगर पालिकाए स्थाई स्टाफ की कमी की वजह से अंतिम सांसे गिन रही

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। जिला की नप व नगर पालिकाए स्थाई स्टाफ की कमी की वजह से अंतिम सांसे गिन रही हैं। कार्यकारी अधिकारी, अभियंता, कनिष्ट अभियंता, सचिव, लेखाकार, बीआई ,स्थाई सफाई कर्मचारी व चतुर्थ श्रैणी स्टाफ के ना होने से कार्यालयों का कामकाज कार्यवाहक अधिकारियों व कर्मचारियों के बूते पर ही चल रहा है। सबसे दिलचस्प बात देखने को यह मिल रही है कि अभी हाल सरकार द्वारा जिला मुख्यालय की नपा को नप बना देने से स्थाई स्टाफ तैनाती की बजाये सेवादार कर्मियों के बूते पर ही कामकाज को हांका जा रहा हैं। जिला की एक मात्र नगर परिषद नूंह व नपाओं में स्थाई स्टाफ की कमी का रोना-धोना मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, निकाय मंत्री, जिला उपायुक्त व नगर आयुक्त आदि के अलावा स्थानीय निकाय निदेशालय आदि तक निर्वाचित अध्यक्ष,उपाध्यक्ष समेत अन्य जनप्रतिनिधियों आदि द्वारा बार- बार आवाज बुलंद करने के बाद समस्या जस की तस बनी हुई हैं इससे साफ- सफाई, विकास व सरकार की योजनाओं आदि के अलावा नप व नपा से जुड़े कामकाज के लिए आने वाले लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पार्षद सुमित अदलखा, नियामत, रहीश, समयचंद, पार्षद पति गौरव गुप्ता, राजू कटारिया, गुलशन जैन, आशू मनोचा, योगेश कुमार, अनिल कुमार, रामू, सलीम, लुकमान वकील, नीरज सिंगला आदि ने बताया कि जिला की नप व नगर पालिकाए स्थाई स्टाफ की कमी की वजह से अंतिम सांसे गिन रही हैं। कार्यकारी अधिकारी, अभियंता, कनिष्ट अभियंता, सचिव, लेखाकार, बीआई ,स्थाई सफाई कर्मचारी व चतुर्थ श्रैणी स्टाफ के ना होने से कार्यालयों का कामकाज कार्यवाहक अधिकारियों व कर्मचारियों के बूते पर ही चल रहा है जबकि कार्यालय में कामकाज के अलावा विकास योजनाएं ठण्डे बस्ते में पड़ी है।

इस बारे में कार्यवाहक कार्यकारी अधिकारी से सम्पर्क करने पर बताया गया कि उनके पास सोहना व पटोदी का भी अतिरिक्त पदभार होने से वह कभी कभार ही कार्यालय पहुंच पाते हैं। वहीं, नप के अध्यक्ष संजय मनोचा का कहना है कि स्थाई ईओ व अन्य स्टाफ की कमी का मामला बुधवार को एक कार्यक्रम में शिरकत करने आये डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के अलावा डीसी, डीएमसी कम एडीसी व एसडीएम आदि तक के संज्ञान में लाया जा चुका है लेकिन इसके बावजूद समस्या का समाधान न हो पाने से वह हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

## पुलिस कमिश्नर ने सोशल मीडिया चैनलों से पंजाब में शांति बनाए रखने और जिम्मेदारी से काम करने की करी अपील



» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना। लुधियाना के पुलिस कमिश्नर मनदीप सिंह सिद्धू ने टीवी और सोशल मीडिया/वेब चैनलों से जिम्मेदारी से काम लेने की अपील की है और कड़ी मेहनत से अर्जित शांति, भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव को बनाए रखने के लिए उनका तहे दिल से समर्थन मांगा है।

सिद्धू कल शाम यहां सिंगल विंडो बिल्डिंग में आयोजित एक औपचारिक बैठक में विभिन्न सोशल/वेब मीडिया मंचों से बात कर रहे थे।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि हम सभी को हर कीमत पर शांति और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। उन्होंने उनसे यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि नफरत फैलाने के लिए कोई भी उनके चैनलों का दुरुपयोग न करे।

सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने के लिए मीडिया के सदस्यों से पूर्ण समर्थन की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि हम पंजाब के नागरिक हैं और लोगों के बीच कोई मतभेद नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया चैनलों को समाज में आपसी विश्वास और प्रेम की भावना को और मजबूत करने के लिए रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

सिद्धू ने कहा कि पुलिस प्रशासन जिले में शांति और सद्भाव बनाए रखने के अपने कर्तव्य से अच्छी तरह वाकिफ है।

## राजकीय महिला महाविद्यालय में हुआ विस्तार व्याख्यान का आयोजन

» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता



नारनौल। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य ज्ञान चंद राणा ने की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्राओं की विषय संबंधी जानकारी बढ़ती है जो भविष्य में काम आती है। इस विस्तार व्याख्यान के मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय नांगल चौधरी के रक्षा अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ० सतीश कुमार यादव थे। उन्होंने अपने व्याख्यान में छात्राओं को रक्षा अध्ययन विषय के औचित्य, महत्व, क्षेत्र, उसका निजी जीवन में उपयोग एवं आज की वैश्विक परिस्थितियों में तालमेल बिठाकर जीवन जीने की कला तथा राष्ट्र के सफल नागरिक बनने में विषय के योगदान पर जानकारी दी। इसमें उन्होंने रक्षा अध्ययन विषय के सूक्ष्म पहलुओं एवं देश की वर्तमान सुरक्षा चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला। व्याख्यान सुनने के लिए बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं। इससे पहले रक्षा अध्ययन विभाग के प्राध्यापक नरेश कुमार ने प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि डॉ सतीश कुमार यादव तथा अन्य मेहमानों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्राध्यापक ओम प्रकाश, अंजू रानी, सुनील कुमार, एवम वंदना रानी सहित अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## शादी-विवाहों में फिजूल खर्ची ना करने सलाह देने वाले खुद तोड़ रहे नियमों को

» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। सूबे के सर्वाधिक पिछड़े मेव बाहुल्य जिला में दहेज प्रथा,विवाह-शादी व अन्य आयोजनों में फिजूल खर्ची व डीजे पर रोक लगाने के अलावा समाज में फैली बुराईयों को दूर करने के लिए जिला में कार्यरत सामाजिक संगठनों की बैठकों में सियासी व सामाजिक लोगों द्वारा दूर करने के दावे तो किये जाते हैं लेकिन बैठकों के बाद स्थिति यथावत बनी रहती हैं। हैरानी की बात देखने को यह मिल रही है कि बैठकों में मौजूद सियासी नेता, सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रमुख लोगों द्वारा ही ऐसे आयोजनों में जमकर नियमों का मखौल उड़ाते दिखाई देते हैं और ऐसी पंचायते महज औपचारिकता ही बनकर रह गई हैं। अखिल भारतीय शहीदाने मेवात सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरफूदीन मेवाती, जिला अध्यक्ष हाजी काले खान, सामाजिक नेता वेदप्रकाश, किशन कुमार, सुभाष चंद, लाला गणेशदास, पूरनचंद, पृथ्वी प्रधान, पूर्व पार्षद बाबूलाल, नम्बरदार घासीराम, सामाजिक नेता धर्मपाल,लीलू प्रधान,घनश्याम फौजी, पूरनचंद, कृष्ण बंसल, हेमंत, शंकर व पंडित विनोद शर्मा आदि ने कहा कि मौजूदा दौर में झूठी शान के खातिर विवाह-शादी, डसोटन व अन्य धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ अब किसी बुजुर्ग आदि की मौत होने पर झूठी शान के खातिर बड़े-बडे आयोजन आयोजित किये जा रहे हैं। सरफूदीन मेवाती के अनुसार उनका संगठन पूर्णरूप से गैर राजनीतिक हैं। सामाजिक बुराईयों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए संगठन जिला में अलग-अलग बैठकें के जरिये विवाह-शादी व अन्य आयोजनों, डीजे बजाने, नशा खोरी आदि से लोगों को गुरैज करने की सलाह दी जाती हैं। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान सियासी लोगों, सभी समाज के धर्मगुरूओं आदि को भी बुलाकर इसमें सहयोग देने को कहा जाता है, बैठकों में सहमति तो बनाई जाती हैं, जुमार्ना तक लगाने की बात कही जाती है, जिम्मेवारियां सौंपी गई, लेकिन उस पर अमल न होने से पिछड़े जिला के कई परिवार झूठी शान की खातिर तबाह हो चुके हैं। उन्होंने सर्व समाज के लोगों से अपील कर कहा कि वह समाज मे फैली बुराईयों को दूर करने के लिए लोगों को जागरूक करें खासकर युवाओं के लिए प्रेरणा बनें, तब ही जाकर सामाजिक लोगों द्वारा छेड़ी गई मुहिम के सार्थक परिणाम सामने सकते हैं।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए एसडियंस का हुआ चयन



» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। हरियाणा खेल विभाग द्वारा नेता जी सुभाष स्टेडियम नारनौल में आयोजित खेलो हरियाणा ट्रायल में एसडी विद्यालय के 30 खिलाडियों का राज्य स्तरीय खेलों के लिए चयन हुआ है। अब ये खिलाड़ी राज्य स्तर पर खेलेंगे।

प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने बताया कि अंडर 18 फुटबाल के लिए रिया टिया , चिराग , रुचि , नैंसी ,पूजा,खुशी, हिमांशु और वालीबाल के लिए प्रीति , मुस्कान , अमीना तथा बाक्सिंग के लिए सारिका , अमीषा, तमन्ना , तमन्ना, मधुर, गर्वी , पीयूष, नितेश , सुनिल ,अमन, दीक्षांत वहीं जुड़ो के लिए भावना , मुस्कान , सचिन , नितिश एवं कुश्ती के लिए प्रीति तथा कैरम के लिए अनिश , गौरव का चयन हुआ। विद्यालय निदेशक जगदेव यादव ने सभी चयनित खिलाडियों के साथ-साथ सभी खेल प्रशिक्षक, स्टाफ सदस्यों व अभिभावकों को बधाई देते हुए बताया कि शैक्षिक कार्यों के साथ-साथ खेलों में भागीदारी से खिलाडियों में सहिष्णुता, धैर्य, साहस, सामूहिक सद्भावना और प्रतियोगिता की भावना का विकास होता है। इस अवसर पर सीईओ आरएस यादव, सीएओ नरेन्द्र यादव, उपप्राचार्य पूर्ण सिंह, प्रदीप कुमार वालीबाल प्रशिक्षक, प्रवीन कुमार बाक्सिंग प्रशिक्षक, दीपक सिंह खो-खो प्रशिक्षक, सोनपाल कबड्ड़ी प्रशिक्षक, रतन सिंह डीपी, राजकुमार डीपी, अनुज कुमार तीरंदाजी व पूजा डीपी आदि उपस्थित रहे।

## खंड स्तरीय गीता जयंती महोत्सव श्लोक उच्चारण-2022 की हुई रिहर्सल

### 4 दिसंबर को होगा अंतिम कार्यक्रम

» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। खंड स्तरीय गीता जयंती महोत्सव श्लोक उच्चारण-2022 की राजकीय माडल संस्कृति स्कूल कनीना में कुरूक्षेत्र से लाइव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रिहर्सल करवाई गई जिसमें खंड के 700 विद्यार्थियों ने श्लोकों के उच्चारण में भाग लिया तथा फाइनल कार्य क्रम 4 दिसम्बर को खंड स्तर पर माडल संस्कृति स्कूल कनीना में होगा। जो की लाइव अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर चलेगा।

नोडल अधिकारी रमन शास्त्री ने बताया कि खंड के विद्यालयों से पूर्ण भागीदारी भी रही व 4 को भी सभी इसी प्रकार बढ़ चढ़ कर भागीदारी करेंगे। इस अवसर पर भोजावास से अमित प्रवक्ता, बवानियां से मधु प्रवक्ता, गुढा से नीना, कनीना कन्या स्कूल से राजेश शास्त्री ,कनीना मंडी से नरेश कुमार ,सुमन , तथा



कनीना विधालय से बलदीप, नरेश, हिम्मत, ममता ,गुरुमित, सुरेन्द्र, राजेश चतुवेर्दी,उमेद तथा विभिन्न विद्यालयों से अध्यापक व प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

## महाराजा अजयपाल देव का स्मृति समारोह आगामी 25 दिसम्बर को

» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। देश, धर्म और गौ माता रक्षार्थ बलिदान देने वाले महान पराक्रमी, सिद्धयोगी अजमेर नरेश महाराजा अजयपाल देव का स्मृति समारोह आगामी 25 दिसम्बर को जिला के गांव खोड़ में राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा।

प्रमुख समाजसेवी ठाकुर अतरलाल की अध्यक्षता में समारोह की तैयारियों के लिए गांव खेड़ी तलवाना में आयोजित क्षत्रिय युवक संघ की बैठक के बाद उक्त जानकारी देते हुए ठाकुर कर्मबीर सिंह व अशोक चौहान ने कहा कि चौहान मुकुटमणी चक्रवर्ती सम्राट महाराजा अजयपाल देव ने सन 1105 से 1132 तक अजमेर पर शासन किया। उन्होंने अपने राज्य का मालबा, कछ, काठियावाड़ तक विस्तार किया। उन्होंने भारतवर्ष पर आक्रमण करने वाले विदेशी यवन आताताइयों को अनेक युद्धों में हराकर भगाया। परन्तु इतिहास में उनको उचित स्थान न देकर लगभग विस्मृत कर दिया है। उनके गौरवशाली व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में समाज व देश को जानकारी देने के उद्देश्य से आगामी 25 दिसम्बर को खोड़ गांव में यह स्मृति समारोह राष्ट्रीय स्तर पर धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसमें राजस्थान, गुजरात, दिल्ली, हरियाणा से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर उनको नमन करेंगे। बैठक में दस प्रचार समितियों के प्रचार मंत्रियों की अलग-अलग गांवों में ड्यूटियां लगाई गई। इस अवसर पर सुरेश चौहान एडवोकेट, सोनू तंवर, राजवीर गोड़, मनोज, अशोक सिंह खोड़, भाग सिंह चेयरमैन, राजेन्द्र सिंह ने भी विचार व्यक्त किए।

## नव निर्वाचित जिला परिषद के सदस्यों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

» मदरलैंड संवाददाता




- जिला निर्वाचन अधिकारी और उपायुक्त सुशील सारवान ने दिलाई शपथ
- प्रदेश सरकार की जीरो टोलरेंस नीति के साथ करें सभी पार्षद कार्य : संजय भाटिया
- हर गरीब व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में निभाए सक्रिय भूमिका सभी पार्षद-महीपाल ढांडा

पानीपत। शनिवार को लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित कांफ्रैंस हॉल में नव निर्वाचित जिला परिषद के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील सारवान ने सभी जनपद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई इस अवसर पर करनाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय भाटिया और पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से विधायक महिपाल ढांडा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपायुक्त सुशील सारवान ने शपथ दिलाने के साथ ही सभी सदस्यों को जीत पर बधाई एवं शुभ कामनाएं दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल व पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने भी चण्डीगढ़ से वर्चुअल माध्यम से सभी नव निर्वाचित पंचों, सरपंचों, ब्लाक समिति सदस्यों तथा जिला परिषद के सदस्यों को बधाई एवं शुभ कामनाएं दी और केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में दी जाने वाली विकास नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**ग्रामीण क्षेत्र के विकास को गई देने के लिए काम करें: भाटिया**

शपथ समारोह उपरांत सांसद संजय भाटिया ने सभी नव निर्वाचित जिला परिषद के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार व्यवस्थाओं में परिवर्तन लाकर जीरी टोलरेंस नीति के साथ विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आप सब सदस्यगण से यही आहवान है कि आप भी सरकार की नीति अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि गांवों की एकता को सुनिश्चित रखना आप सबका प्रथम दायित्व है और बिना भेदभाव के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाए।

इस अवसर पर पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा ने सभी नव निर्वाचित जिला परिषद सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आप सब ईमानदारी और सच्ची निष्ठा से विकास कार्य करें। केन्द्र व प्रदेश सरकार भी बिना भेदभाव के विकास कार्य करते हुए निरन्तर आगे बढ़ रही है। उन्होंने विशेष तौर पर सभी नव निर्वाचित सदस्यों से आहवान करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की हर योजना का लाभ गरीब व्यक्ति तक पहुंचाने में आप सभी ने अपनी सक्रिय भूमिका निभानी है। इस अवसर पर डीडीपीओ सुमित चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## गीता महोत्सव में सांसद ने देखी प्रदर्शनी



» मदरलैंड संवाददाता

पानीपत। जिला स्तरीय गीता महोत्सव के दूसरे दिन आर्य कॉलेज के मैदान में लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने महोत्सव में लगी विभिन्न विभागों की प्रर्दशनियों का अवलोकन किया और जमकर तारीफ की। इस दौरान उनके साथ उपायुक्त सुशील सारवान व अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डद सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

पानीपत जिला स्तरीय गीता महोत्सव ने लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने शिक्षा विभाग, बाल कल्याण परिषद्, शुगर मिल, जीओ गीता सहित विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया और विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा विभाग की प्रर्दशनी पर विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया और बच्चों के आग्रह पर उनके साथ फोटो भी खिंचवाया। उन्होंने जीओ गीता की प्रर्दशनी के अवलोकन उपरान्त कहा कि गीता सार से ही मनुष्य को अपने जीवन में सार्थक भावना अपनाने की नई ऊर्जा मिलती है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# क्या विवादित बयान देना भी सुर्खियां बटोरने का माध्यम बन गया है?



निर्मल रानी

हमारे देश में धर्म-कर्मनैतिकता-मयार्दामान-सम्मानआदर-सत्कारपरोपकार-शिष्टाचारसरलता व मृदुभाषी होने आदि की जितनी ज्यादा बातें की जाती हैं इन बातों का उतना ढिंढोरा दुनिया के और किसी देश में नहीं पीटा जाता। जगह जगह होने वाले प्रवचन के आयोजनों में लाखों लोग शिरकत करते हैं। इसी तरह तमाम बड़े नेता अपने पद व प्रसिद्धि व नाम के अनुसार अच्छी खासी भीड़ जानसभाओं में इकट्ठी करते हैं। उधर देश की भोली भाली जनता कुछ अच्छीज्ञानवर्धकसंस्कारपूर्ण व सकारात्मक बातें सुनने के लिये वहां पहुंचकर उनके आयोजनों व सभाओं को सफल बना देती है। इसी भीड़ पर उन प्रवचन कताओं व नेताओं को गर्व भी होता है। वे बड़े फख्र से बयान भी करते हैं कि मेरे अमुक आयोजन में इतने लोग मुझे देखने सुनने आये। वे इसी भीड़ को अपने अनुयाइयों व समर्थकों की भीड़ भी बता डालते हैं। तो क्या जनता को उसकी उपस्थिति के बदले में कुछ सकारात्मक सुनने को भी मिलता है? क्या वे इन्हें कुछ ज्ञान अथवा मार्गदर्शन भी देकर जाते हैं ? जो बच्चे अपने अभिभावकों के साथ उनकी बातें सुनने आते हैं क्या उन्हें कुछ ऐसा ज्ञान प्राप्त होता है जो उनके भविष्य निर्माण में सहायक साबित हो ? क्या युवाओं को इनके भाषणों व प्रवचनों से मयार्दा व नैतिकता का कुछ सबक सीखने को मिलता है ?

वास्तविकता तो यही है कि जैसे जैसे हमारे देश के विश्व गुरु होने के दावों को जोर शोर से प्रचारित किया जा रहा है और इसे हवा दी जा रही है उसी तेजी से शीर्ष स्तर के तथाकथितविशिष्टलोगोंद्वाराअपनेबेतुकेअनैतिकनिरर्थकगैर जिम्मेदाराना यहाँ तक कि विष वमन करने वाले बयानों की गोया बौछार सी की जाने लगी है। अनेक तथाकथित विशिष्ट लोग अपने अनुयाइयों व समर्थकों के बीच ऐसी बेहूदी बातें बोलने लगे हैं जो उनके पद व उसकी गरिमा के कतई अनुरूप नहीं होतीं। ऐसे में यह सोचना स्वभाविक हो जाता है कि क्या अमुक व्यक्ति क्या इस योग्य था कि उसी अमुक उच्च पद अथवा रुतबे तक जनता द्वारा पहुँचाया जाता ? कहीं उसके समर्थकों व अनुयायियों को धोखा तो नहीं हो गया? क्या उन्होंने किसी बदजुबानअमर्यादित व भड़काऊ व्यक्ति के साथ खड़े होकर व उसे अपना समर्थन देकर या उसपर विश्वास कर गलती की ?

महाराष्ट्र के ठाणे में गत दिनों एक योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ था। इसमें बाबा रामदेव ने औरतों के कपड़ों को लेकर निहायत बेहूदी व अमर्यादित टिप्पणी कर डाली। उन्होंने कहा कि 'औरतें साड़ी में अच्छी लगती हैं... वे सूट-सलवार में अच्छी लगती हैं और मेरा विचार है कि अगर वह कुछ न पहने तो... बिना कपड़ों के भी अच्छी लगती हैं।' उनकी इस टिप्पणी के समय मंच पर उनके साथ सत्ता के कई प्रमुख नेताओं के पुरुष-महिला परिजन भी मौजूद थे। रामदेव की इस आपत्तिजनक टिप्पणी का भारी विरोध हो रहा है। कुछ लोगों ने बाबा रामदेव से अपने बयान के लिए देश से माफी मांगने को कहा है। कुछ ने उनके सामाजिक बहिष्कार की अपील की जबकि कई लोगों ने रामदेव के इस बयान को उनकी कामुकता व पितृसत्ता का प्रतीक बताया और उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की। जबकि सोशल मीडिया पर अनेक लोग बाबा रामदेव को जून 2011 की वह घड़ी याद दिला रहे हैं जब रामदेव प्रातः काल राम लीला ग्राउंड से महिला के ही लिबासशलवार सूट में भागते हुये पकड़े गए थे। उस समय उन्होंने महिला के दुपट्टे से अपनी दाढ़ी छिपा रखी थी। तब महिलाओं के लिबास ने ही इनको रण छोड़ भागने में मदद की थी। हालांकि महिलाओं पर अपनी अभद्र टिप्पणी के मात्र 72 घंटे के भीतर ही चतुर रामदेव ने खेद व्यक्त किया है और अपनी टिप्पणी के लिए माफी भी मांगी।




इसी तरह कुछ समय पूर्व हरियाणा के करनाल में एक पत्रकार ने रामदेव से पेट्रोल-डीजल के बढ़ रहे दामों पर इन्हीं का पूर्व में दिया गया बयान याद दिलाते हुये सवाल पूछा तो उन्होंने गुस्से मैं पत्रकार से कहा कि -तेरे सवाल का जवाब नहीं देता पूंछ पाड़ेगा मेरी? और आगे कहा ह्लतेरे प्रश्न बहुत हो गए तू अब चुप हो जा और हां मैंने ऐसा कहा था अब क्या पूंछ पाड़ेगा मेरी ? यह और इस तरह के न जाने कितने घटिया किस्म के बोल कभी महिलाओं व उनके पहनावे को लेकर कभी एलोपैथिक व वैक्सीन आदि की विश्वसनीयता को लेकर यह देते रहे हैं। आश्चर्य है कि स्वयं को योगाचार्य व संयासी बताने वाले रामदेव अपनी भाषा की मयार्दा की व गरिमा बनाये नहीं रख पाते ? इसी तरह असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा जिन्होंने कांग्रेस से राजनीति का क ख ग तो जरूर सीखा। परन्तु भाजपा में जाने के बाद अपनी वफादारी साबित कर मुख्यमंत्री पद पर कायम रहने की जद्दोजेहद में उसी नेहरू-गाँधी परिवार के विरुद्ध अनाप शनाप बोलकर सुर्खियां बटोरते रहते हैं। भाजपा में गए ऐसे कई नए नवेले भाजपाई हैं जिनके लिये अपनी वफादारी सिद्ध करने का यही एकमात्र माध्यम रह गया है। गत दिनों गुजरात में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने राहुल गाँधी के चेहरे की तुलना सद्दाम हुसैन से कर साम्प्रदायिक कार्ड खेलने का घिनौना प्रयास किया। मुख्य मंत्री पद पर बैठा व्यक्ति इतनी हल्की व तुच्छ टिपण्णी करेगा इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। परन्तु यह देश का दुर्भाग्य व राजनीति के गिरते स्तर की इंतेहा है कि ऐसा व्यक्ति देश के प्रमुख राज्य का मुख्य मंत्री होते हुये अपने ही पूर्व आका के लिये ऐसा छिछोरा बयान दे रहा है ?

दुर्भाग्यवश अमर्यादित व गैर जिम्मेदाराना भाषाओँ का खेल देश के सर्वोच्च स्तर पर खेला जा रहा है। धर्म जाति लिंग विशेष के लोगों को निशाना बनाना उन्हें अपमानित करना गोया एक चलन सा बन चुका है। और चूँकि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग या तो स्वयं इस नकारात्मक प्रवृति में भागीदार हैं अथवा उनका संरक्षण प्राप्त है। हद तो यह है कि अपने विरोधियों को बदनाम करने के लिये तैयार किये गये नकली व झूठे आडिओ व वीडिओ तक का सहारा लिया जाता है। इस अफसोसनाक वातावरण में मयार्दा और नैतिकता की बातें करना ही कभी कभी तो अनैतिक सा प्रतीत होने लगता है। भले ही अमर्यादित व विवादित बयान देना ऐसे लोगों के लिये सुर्खियां बटोरने का माध्यम क्यों न बन चुका हो परन्तु इसे सच्चे योगियोंसंयासियों या सौम्य नेताओं की भाषा कतई नहीं कही जा सकती।

## संपादकीय



### भाजपा अपने ही बुने मकड़जाल में फंसी गुजरात में?

गुजरात का विधानसभा चुनाव सारे देश और दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। 27 सालों से यहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। नरेंद्र मोदी 12 साल गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। पिछले 8 सालों से अधिक समय से प्रधानमंत्री हैं। गुजरात में आज भी बड़े साहब का एकछत्र राज है। उसके बाद भी गुजरात विधानसभा के चुनाव में जिस तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह दो दर्जन केंद्रीय मंत्री 7 से अधिक मुख्यमंत्री कई दर्जन अन्य राज्यों के मंत्री सांसद तथा सेलिब्रिटी को गुजरात के चुनाव प्रचार में उतारा गया। उसके बाद भी प्रधानमंत्री को लंबी रैलियां एवं हर जिले में जाकर सभाएं करनी पड़ रही हैं। उसको लेकर गुजरात का विधानसभा चुनाव सारी दुनिया में चर्चा का विषय बन गया है। पिछले 3 महीने से आम आदमी पार्टी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी की जमीन तैयार करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। यह माना जा रहा था कि भारतीय जनता पार्टी की शह पर आम आदमी पार्टी गुजरात में कांग्रेस और सरकार के प्रति आम मतदाताओं की जो नाराजगी है। उसके वोट लेकर भाजपा का चुनावी रास्ता आसान बनाएगी। कांग्रेस को कमजोर करेगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जिस तरह से गुजरात में आम आदमी पार्टी की बिसात बिछाई। उसमें उन्होंने सबसे ज्यादा हमले भारतीय जनता पार्टी पर किये। गुजरात मॉडल पिछले 27 साल के शासन स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर भारतीय जनता पार्टी को कटघरे में खड़ा किया। उससे सबसे बड़ा नुकसान भाजपा को होता हुआ दिख रहा है। गुजरात में विपक्षी दल प्रधानमंत्री मोदी के बारे में बोलने से डरते थे। यह डर अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी ने चुनाव अभियान के दौरान आम जनता के मन से निकाल दिया। उल्टे आम जनता को मुखर होने का मौका दिया। इससे भाजपा को जो आशा थी कि अरविंद केजरीवाल कांग्रेस के वोट काटेंगे। इसके ठीक उल्टा होता हुआ दिख रहा है। शहरी क्षेत्रों में आम आदमी पार्टी बड़ी धमक के साथ वोट प्राप्त करती दिख रही है। उसमें अधिकांश वोट भाजपा के कम होते हुए दिख रहे हैं। माना जा रहा है कि 20 वोट यदि आम आदमी पार्टी कांग्रेस के काट रही है तो 80 वोट शहरी क्षेत्रों में भाजपा के कट रहे हैं। प्रथम चरण के मतदान में मतदान का प्रतिशत कम होने से भाजपा की चिंता और भी बढ़ गई है। मतदाताओं में चुनाव को लेकर भाजपा के पक्ष में कोई रुचि देखने को नहीं मिली। आम आदमी पार्टी ने चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के मध्यमवर्गीय वोट पर सेंध लगाई है। आप पार्टी ने हिंदू भावनाओं को उभारकर भाजपा की भगवा राजनीति पर सेंध लगाने का काम किया है। लक्ष्मी और गणेश के चित्र नोट में छापने की बात कहकर हिंदू मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास किया। बिल्किस बनो मामले में चुप्पी और 2002 के दंगे से दूरी बनाकर रखी। बेरोजगारी भत्ता मुफ्त बिजली महिलाओं को विशेष सुविधाओं की बात कहकर गुजरात मॉडल के सामने दिल्ली मॉडल को रखकर भाजपा के लिए बड़ी चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं।

# निरन्तर बढ़ रही है भारतीय नौसेना की ताकत



योगेश कुमार गोयल

**भारत का इस साल का रक्षा बजट करीब 5 .25 लाख करोड़ रुपये है और सैन्य ताकत के मामले में भारत दुनिया का चौथा सबसे शक्तिशाली देश है। भारत के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही भारतीय नौसेना भी वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। मौजूदा समय में भारतीय नौसेना की ताकत पर नजर डालें तो भारतीय नौसेना के बेड़े पर नजर डालें तो नौसेना के पास दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत हैं जिन पर अनेक एयरक्राफ्ट रखे जा सकते हैं और ताकतवर कमांडो फोर्स अथवा भारी मात्रा में जवानों को तैनात किया जा सकता है। नौसेना के पास आईएनएस जलाश्व नाम का एक एंफीबियस वॉरफेयर शिप है जो एक हमलावर जहाज है जिसमें नौसैनिकों को लेकर किसी देश के तट पर हमला करने के लिए भेजा जाता है।**

भारतीय नौसेना के जांबाजों को याद करते हुए प्रतिवर्ष 4 दिसम्बर को 'भारतीय नौसेना दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 3 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तानी सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तानी नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर ह्यऑपरेशन ट्राइडेंटह्ण चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे।



भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया था और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा था। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तानी नौसेना की कमर टूट गई थी। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई।

नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरूआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों जहाजों विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रुप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है 'शं नो वरूणः' अर्थात जल के देवता वरूण हमारे लिए मंगलकारी रहें।

भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए 'ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन' के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम ह्यईस्ट इंडिया मरीनह्ण से बदलकर ह्यबॉम्बे मरीनह्ण कर दिया गया जिसने मराठा सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था। वर्ष 1892 में इसका नाम ह्यरॉयल इंडियन नेवीह्ण रखा गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन फिर से किया गया और 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी (भारतीय नौसेना) कर दिया गया।

भारत का इस साल का रक्षा बजट करीब 5.25 लाख करोड़ रुपये है और सैन्य ताकत के मामले में भारत दुनिया का चौथा सबसे शक्तिशाली देश है। भारत के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही भारतीय नौसेना भी वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। मौजूदा समय में भारतीय नौसेना की ताकत पर नजर डालें तो भारतीय नौसेना के बेड़े पर नजर डालें तो नौसेना के पास दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत हैं जिन पर अनेक एयरक्राफ्ट रखे जा सकते हैं और ताकतवर कमांडो फोर्स अथवा भारी मात्रा में जवानों को तैनात किया जा सकता है। नौसेना के पास आईएनएस जलाश्व नाम का एक एंफीबियस वॉरफेयर शिप है जो एक हमलावर जहाज है जिसमें नौसैनिकों को लेकर किसी देश के तट पर हमला करने के लिए भेजा जाता है। एंफिबियस वॉरफेयर शिप्स को सपोर्ट करने के लिए मगर शार्दूल और कुंभीर क्लास के कुल 8 लैंडिंग शिप टैंक्स हैं। नौसेना के पास 8 लैंडिंग क्राफ्ट्स हैं जो एक प्रकार के बोट्स होते हैं जिनका उपयोग एंफीबियस ट्रांसपोर्टेशन के लिए किया जाता है। विशाखापट्नम कोलकाता दिल्ली और राजपूत क्लास के कुल 10 विध्वंसक हैं। ये ऐसे जंगी जहाज होते हैं जिनका प्राइमरी हथियार गाइडेड मिसाइल्स होती हैं। शिवालिक तलवार और ब्रह्मपुत्र क्लास में कुल 14 फ्रिगेट्स नौसेना के पास हैं। कमोर्ता कोरा खुकरी वीर और अभय क्लास के कुल 22 कॉर्वेट्स भी हैं। तटीय सुरक्षा निगरानी सीमाई सुरक्षा इमिग्रेशन लॉ-एनफोर्समेंट सर्च एंड रेस्क्यू इत्यादि कार्यों के लिए नौसेना के पास सरयू सुकन्या क्लास के कुल 10 ऑफशोर पेट्रोल वेसल भी हैं। कार निकोबार बंगारम और त्रिंकट क्लास के 19 पेट्रोल वेसल भी मौजूद हैं। इनके अलावा नौसेना के पास 285 से ज्यादा जहाज डीजल इलैक्ट्रिक पनडुब्बियां करीब 140 गश्ती पोत/निगरानी जहाज भी हैं जो इसे दुनिया में चौथी सबसे मजबूत नौसेना बनाते हैं।

बहरहाल यह गर्व की बात है कि हिन्द महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है। इसी कड़ी में आईएनस कलवरी खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को भी नौसेना में शामिल किया जा चुका है जो अत्याधुनिक मशीनरी और टैक्नोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को ह्यसाइलेंट किलरह्ण कहा जाता है जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती। कुल मिलाकर भारतीय नौसेना की ताकत दिनों-दिन बढ़ रही है और वर्तमान में इसकी ताकत के आगे पाकिस्तानी नौसैना कहीं नहीं ठहरती तथा चीन की चुनौतियों का भी हमारी नौसेना डटकर मुकाबला कर रही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार तथा सामरिक मामलों के विश्लेषक हैं)

# चुनावी रामायण गुजरात.... मंच पर तीर-कमान और रावण....!

» ओमप्रकाश मेहता

इन दिनों देश में गुजरात चुनाव का शोर है और गुजरात के चुनावी मंचों पर रामलीला मंचन। एक जनसभा में जहां राहुल गांधी ने धनुष की प्रत्यंचा पर बाण चढ़ाकर और उसे छोड़कर जहां स्वयं को भगवान राम बताने की कोशिश की और कांग्रेस के जीतने के बाद 'रामराज' का संकेत दिया वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'रावण' की पदवी देकर कांग्रेस को 'रामजी की सेना' निरूपित कर दिया। इस प्रकार गुजरात के आम मतदाताओं को निःशुल्क मनोरंजन उपलब्ध हो रहा है गुजरात में पहले चरण का मतदान सम्पन्न हो चुका है और तीन दिन बाद दूसरे चरण का मतदान है और आगामी गुरूवार को गुजरात व हिमाचल प्रदेश दोनों का ही राजनीतिक भविष्य तय हो जाएगा गुजरात में जहां आम आदमी पार्टी मोदी जी की भाजपा के लिए चुनौति बनी हुई है वहीं हिमाचल में कांग्रेस-भाजपा के बीच प्रदेश का राजनीतिक भविष्य तय होना है।

सबसे अधिक महत्व व चुनौतिपूर्ण गुजरात विधानसभा के चुनाव है जहां मोदी का गृह प्रदेश होने के कारण प्रधानमंत्री की प्रतिष्ठा दाव पर लगी हुई है गुजरात विधानसभा की कुल 182 सीट है जिनमें से लगभग आधी 89 पर पहले चरण में मतदान सम्पन्न हो चुका है और शेष 93 सीटों के लिए सोमवार को मतदान सम्पन्न होगा और उसके महज तीन दिन बाद परिणाम सामने आ जाएगें।



गुजरात विधानसभा चुनावों को लेकर इतनी राजनीतिक भागदौड़ इसलिए भी मची है क्योंकि गुजरात के साथ मोदी के राजनीतिक भविष्य को भी इसी चुनाव से जोड़कर देखा जाने लगा है महज सोलह माह बाद लोकसभा के चुनाव होना है और प्रतिपक्षी दलों का मानना है कि अगर गुजरात में मोदी की प्रतिष्ठा पर आंच आती है अर्थात वहां भाजपा की हालात खराब होती है तो फिर लोकसभा चुनावों में भाजपा कुछ विशेष महारत हासिल नहीं कर पाएगी और तक मोदी जी का राजनीतिक भविष्य भी खतरे में नजर आएगा क्योंकि वर्तमान में भाजपा अर्थात मोदी और मोदी अर्थात भाजपा मान लिया गया है। यदि हम इसी संदर्भ में गुजरात विधानसभा चुनाव परिणामों की परिकल्पना करें और वहां जीत की ताल ठोंकने वाली आम आदमी पार्टी अपने शासन का दिल्ली-पंजाब के बाद तीसरा राज्य कब्जे में ले लेती है तो फिर इसमें कोई दो राय नहीं कि आम आदमी पार्टी देश का प्रमुख प्रतिपक्षी दल बन जाएगी अर्थात कांग्रेस से यह पद छीन लेगी किंतु यह फिलहाल सिर्फ परिकल्पना है क्योंकि राजनीतिक पंडित गुजरात में भाजपा की ही सरकार बनती देख रहे है चाहे उसे मौजूदा बहुमत न भी मिले। लेकिन साथ ही यह भी मानना पड़ेगा कि गुजरात के इन चुनावों में आम आदमी पार्टी जो भी हासिल करेगी वह उसकी महान उपलब्धि होगी क्योंकि 2017 के चुनावों में गुजरात में ह्यआपह्ण को एक भी सीट हासिल नहीं हुई थी किंतु इस राजनीतिक परिदृष्य में आप के अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल के हौसले को अवश्य दाद देनी पड़ेगी जो गुजरात में शून्य की स्थिति से ऊपर उठकर वहां अपनी सरकार बनाने के दावे पेश कर रहे है?

....किंतु यह भी सही है कि इन दिनों गुजरात के चुनावी मंच मनोरंजन के सबसे बड़े आकर्षण केन्द्र बने हुए है जिसका ताजा उदाहरण कांग्रेस के नेता राहुल गांधी का स्वयं को 'राम' बताकर धनुष-बाण के साथ मंच पर प्रकट होना और तीन छोड़ना तथा कांग्रेस अध्यक्ष का मोदी को 'रावण' सम्बोधित करना।

इस तरह कुल मिलाकर गुजरात के ये चुनाव जहां अगले लोकसभा चुनाव के परिणामों के संकेतक बने हुए है वहीं गुजरात मतदाताओं के लिए मनोरंजन के साधन भी बने हुए है अब यह तो अगले सप्ताह ही पता चल पाएगा कि यह 'राजनीतिक ऊँट' किस करवट बैठता है अभी तो वह खड़ा ही है और उसके बाद ही देश का राजनीतिक भविष्य तय हो पाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



संक्षिप्त समाचार

## राहुल गांधी का उद्देश्य देशविरोधी ताकतों को एक मंच पर लाना है : टनटन ठाकुर

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्णिया विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य टनटन ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा में लगातार देशविरोधी लोगों की मौजूदगी से यह तो स्पष्ट हो गया कि उनका उद्देश्य देशविरोधी ताकतों को एक मंच पर लाना है, ताकि विकास पथ पर तेज गति से अग्रसर भारत की गति में बाधा पहुँचाई जाए और विश्व पटल पर भारत की क्षवि धूमिल की जा सके। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टनटन ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा में स्वरा भास्कर कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं। ये वही स्वरा हैं जिनको हिंदू होने पर शर्म आती है, जो सेना के सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल खड़े करती हैं, जो पाकिस्तान की तारीफ में कसीदे पढ़ती हैं। राहुल गांधी के झूठ को जनता समझ चुकी है। ये तमाशा अब बंद करना चाहिए। आज कटिहार नगर निगम क्षेत्र से मेयर प्रत्याशी उषा देवी अग्रवाल के द्वारा कटिहार नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 44 फसिया टोला में लोगों से जनसंपर्क कर उनकी समस्याओं को सुनकर जल्द हर समस्याओं का निदान का आश्वासन दिया एवं डोर टू डोर घर घर जाकर आगामी नगर निगम चुनाव में अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की लोगों से अपील की इस चुनावी यात्रा में उनके साथ कटिहार भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष सीमा झा जी, भाजपा नगर दक्षिण के महामंत्री श्याम पासवान एवं निलेश ठाकुर जी, भाजपा नगर दक्षिण की महिला मोर्चा अध्यक्ष चांदनी देवी जी, नगर मंत्री महिला मोर्चा रंजू देवी जी, भाजपा नेता दीपक गुप्ता, करण पासवान, दिनेश पासवान, इंदल पासवान एवं अन्य कार्यकर्ता एवं सहयोगी गण मौजूद थे।

## राजहाता मोहल्ले में जनसंपर्क अभियान



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। स्थानीय नगर निगम चुनाव को लेकर कटिहार जिला के विधान पार्षद अशोक अग्रवाल की ओर से लगातार नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का दौरा कर वहां की समस्याओं को सुना। इसी क्रम में आज ज्ञान पार्षद अशोक अग्रवाल के द्वारा वार्ड नंबर 16 स्थित भगवा बाजी एवं वार्ड नंबर 37 राजहाता मोहल्ले में जनसंपर्क अभियान कर लोगों की समस्याओं को सुना हर समस्याओं को लेकर विभागीय पदाधिकारियों से बात कर सभी समस्याओं का निदान का आश्वासन वहां के लोगों को दिया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान उनके साथ भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज राय जी पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र भूषण ठाकुर एवं अन्य भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहें। बताते चलें कि स्थानीय नगर निगम के चुनाव में मन विधान पार्षद अशोक अग्रवाल की पत्नी उषा देवी अग्रवाल मेयर पद की उम्मीदवार है। और उनके द्वारा भी लगातार क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है। दूसरी और विधान पार्षद अशोक अग्रवाल भी लोगों से संपर्क कर अपनी पत्नी के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील कर रहे हैं।

## भारतीय सेना को 26 साल सेवा देकर गांव पहुंचे हवलदार का ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर 26 साल 26 दिन के बाद गांव लौटे सूबेदार एकानंद कुमार महलदार का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। कुरसेला प्रखंड अंतर्गत पूर्वी मुरादपुर पंचायत के मजदिया गांव में स्वागत समारोह आयोजित कर के सेना के हवलदार का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। सेना से रिटायर होने के बाद पहली बार गांव पहुंचे जवान का गाजे-बाजे के साथ पूरे गांव में फूल माला से सजी खुली जीप में बैठाकर जुलूस निकाला गया। लोगों ने फूलों की वर्षा करते हुए जवान के प्रति आभार प्रकट किया। और ग्रामीणों ने कहा कि 26 साल अपने उम्र का देश पर निछावर करना एक तपस्या से कम नहीं है इस तरह एक तपस्वी ही कर सकते हैं वह है भारतीय सेना के जावाज जवान। इस बीच पूरा गांव भारत माता के जयकारों से गूंजता रहा। भारतीय सेना के वीर सपूत एकानंद कुमार महलदार से मिलने व देखने के लिए लोग घर से बाहर निकल पड़े और फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। जवान ने भी अपने गृह ग्राम में मिले अपार प्रेम व आदर को हाथ जोड़कर स्वीकार किया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने देश भक्ति के नारे भी लगाए। मिलनसार एवं मेहनत कश एकानंद कुमार महलदार ने 26 वर्ष 26 दिन तक भारतीय सेना में अपनी सेवा दी। वे समस्त ग्रामवासियों से मिलकर खुश व भावुक नजर आए। यह पहला मौका है जब सेना से रिटायरमेंट के बाद किसी जवान का कुसेर्ला परी क्षेत्र में इस अंदाज में स्वागत किया गया है। हवलदार एकानंद कुमार महलदार ने बताया कि देश के अलग-अलग राज्यों की सीमाओं पर तैनात रहते हुए कठिन परिस्थितियों में देश की सेवा की। पहला पोस्टिंग 1996 में भारतीय सेना में सिपाही के पद पर गोवा में हुआ था। 1999 के कारगिल युद्ध में मेडिकल विभाग में अपनी सेवा दी। साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले युवा पीढ़ी के प्रेरणा स्त्रोत बनकर जवान अब युवाओं को सेना में जाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। स्वागत करने वालों में मजदिया मुखिया प्रतिनिधि राजीव कुमार सिंह सहित मजदिया ग्रामवासी के साथ अन्य लोग शामिल थे।

# एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन....

» मदरलैण्ड संवाददाता



देवघर। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, देवघर द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की महत्ता, बाल अधिकार व लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम 2012 व किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के विषयों पर एक दिवसीय कार्यशाला आहूत की गयी। इस कार्यशाला में प्रोजेक्ट पंछी के सभी सहयोगी गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों, पारा लीगल वालंटियर व च्व्ब्ैव् 2012 के तहत नियुक्त सपोर्ट पर्सन्स एवं लॉ स्टूडेंट्स ने भाग लिया।

इसके अलावा इस कार्यशाला में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को डीसी सेल की अधिकारी सुश्री अमृता सिंह द्वारा प्रोजेक्ट पंछी के तहत किए गए कार्यों व उपलब्धियों से अवगत कराया गया। साथ ही टस्ब्ब्के पुनर्गठन व उसके द्वारा किए जाने वाले कार्यों से अवगत कराया गया। साथ ही विशेष रूप से श्रावणी मेला में क्ज्ै द्वारा किए गए कार्यों से अवगत कराया गया। इसके अलावे किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य श्री अजय कुमार सिन्हा ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को श्रनअमदपसम श्रनेजपबम ;ब्तम दक च्तवजमबजपवद वि बिपसकतमदद्ध ।बज 2015 से संबधित प्रावधानों से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने किशोर न्याय बोर्ड की कार्यवाही की जानकारी साझा की।

कार्यशाला के दौरान बाल कल्याण समिति के सदस्य श्री देवेंद्र पांडेय ने प्रशिक्षणार्थियों को विस्तार से च्व्ब्ैव्2012 एवं किशोर न्याय (बालकों की देखरेख व संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्रावधानों से एवं च्व्ब्ैव् 2012 के तहत नियुक्त सपोर्ट पर्सन्स के कार्य व दायित्वों से अवगत कराया गया।

जिला बाल संरक्षण ईकाई देवघर के विधि-सह-परिवीक्षा अधिकारी आशुतोष कुमार ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को संक्षेप में विषय से संबंधित विधिक जानकारी से अवगत कराया। इसके अलावा कार्यशाला में उपस्थित अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति देवघर द्वारा बाल कल्याण समिति देवघर की कार्यवाही को साझा किया गया। साथ ही देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों से संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी उनके द्वारा साझा की गई।

इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, देवघर के सचिव श्री मयंक तुषार टोपनो द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को विषय विशेष पर सारगर्भित कानूनी प्रावधानों से संबंधित जानकारी दी गई। उनके द्वारा कानूनी प्रावधानों को सरल शब्दों में उदाहरणों के साथ समझाया गया। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा भी विषय से संबंधित कई प्रश्नों को पूछा गया जिनका उत्तर प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया। कार्यशाला के अंत में ब्ेम ैजनकल पर चर्चा की गई। आहूत कार्यशाला क्स्ै। सचिव के निर्देश व मार्गदर्शन में धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

## थाना परिसर में हुआ जनता दरबार का आयोजन



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगुसराय। छौराही सहायक थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता राजस्व अधिकारी पूजा शर्मा ने की। जनता दरबार में काफी गहमागहमी दिखी। बड़ी संख्या में पहुंचे लोग अपनी जमीन संबंधी मामले को लेकर थाना परिसर में इधर-उधर टहलकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। जबकि राजस्व अधिकारी द्वारा एक-एक मामले का बारिकी से अवलोकन कर दोनों पार्टी से कागजात जमा करने की हिदायत देते दिखे। इस दौरान राजस्व अधिकारी द्वारा पक्ष एवं विपक्ष दोनों पार्टी से कागजात के बाबत सवाल-जवाब कर जानकारी प्राप्त करते हुए 1 मामले को निष्पादित करने की जानकारी दी गई। 2 नया मामला जनता दरबार में आया। मौके पर थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह, राजस्व अधिकारी पूजा शर्मा, सीआई सुरेंद्र प्रसाद सिंह, सहित संबंधित पंचायत के हल्का कर्मचारी मौजूद थे।

## प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती मनाई गई

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगुसराय। काँग्रेस भवन तेघड़ा के सभागार में महान स्वतन्त्रता सेनानी प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी का जन्म दिन मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र कुमार जी ने किया। अपने संबोधन में कहा कि सरलता और स्वाभाविकता उनके व्यक्तित्व में समाई हुई थी। उनके मुख पर मुस्कान सदैव बनी रहती थी, जो हर किसी को मोहित कर लेता था। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक से अधिक बार अध्यक्ष भी रहे। वहीं सरोज कुमार पासवान ने कहा कि राजेन्द्र बाबू भारत गणराज्य को आकार देने वाले प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे। उन्होंने एक वकील के रूप में अपने कैरियर की शुरूआत करते हुए भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में पदार्पण किया। वे अत्यंत सौम्य और गंभीर प्रकृति के व्यक्ति थे। राजीव रंजन सिंह ने कहा कि महान देशभक्त, सादगी, सेवा, त्याग और स्वतंत्रता आंदोलन में अपने आपको पूरी तरह होम कर देने के गुणों को किसी एक व्यक्तित्व में देखना हो तो उसके लिए भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का नाम लिया जाता है। रूचि सिंह ने कही कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। वे भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे। मौके पर रामबाबू साह रुचि सिंह, दीपक सिंह रणधीर मिश्रा राजेश कुमार मुन्ना, राजेश कुमार श्रवण,जिवेश सिंह विभेष सिंह, बमबम कुमार, रौशन कुमार, अताउर रहमान, चरितर सिंह सहित दर्जनों कार्यकताओं पुष्प अर्पित कर नमन किया।


## राजोपुर पहुंची चलंत मिट्टी जांच प्रयोगशाला वाहन, किसानों के बीच सॉईल हेल्थ कार्ड वितरित कर लिए गए मिट्टी के नमूने

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेगुसराय। छौड़ाही कृषि विभाग द्वारा किसानों के खेत तक पहुंची रही है। जहां ऑनस्पाट खेतों की मिट्टी का सैंपल लिया जा रहा है। इसी के मद्देनजर शनिवार को चलंत मिट्टी जांच प्रयोगशाला वाहन ऐजनी पंचायत के राजोपुर गांव पहुंचा। इस क्रम में जांच प्रयोगशाला के द्वारा पूर्व में लिए गए नमूने की जांचोपरांत कुछ किसानों को सॉईल हेल्थ कार्ड वितरित किया गया। वही विशेषज्ञों ने कुछ किसानों के खेत का सैपल लिया जिसे प्रयोगशाला द्वारा जांच के बाद किसानों को रिपोर्ट दिया जाएगा। मौके पर मौजूद कृषि समन्वयक पवन कुमार ने किसानों को बताया कि मिट्टी जांच किसानों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होनें बताया कि मिट्टी की जांच से पता चलता है कि भूमि में कौन सा पोषक तत्त्व मौजूद है और यह तत्व अधिक है या कम मात्रा में है। उसी अनुरूप रासायनिक खादों की अनुशंसा की जाती है। उन्होने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य खेत की जरूरत के अनुसार उसे पोषक तत्व उपलब्ध करवाना है। जिससे कि उत्पादन बढ़ेगा ही साथ ही लागत में भी कमी आएगी। इस अवसरपर किसानों ने कृषि विभाग के इस कार्य को सहारणीय बताया। मौके पर बीएओ पारसनाथ काजी, विभागी कर्मी राकेश कुमार, अभिनन्दन कुमार, विकास कुमार, किसान सलाहकार विजय रजक, अमरेंद्र कुमार, मुनील कुमार सिंह समेत अन्य किसान उपस्थित थे।

# कुर्सेला में अधिक्रमित भूमि पर चला बुलडोजर



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। राहगीरों को सुरक्षित यातायात व्यवस्था बहाल कराने के साथ ही शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी कटिहार के निदेर्शानुसार प्रशासनिक महकमा सड़क पर उतर कर अधिक्रमित जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान चलाया गया। अतिक्रमण मुक्त अभियान के पहले चरण में सर्विस रोड से सत्संग मंदिर ,एनएच 31 सड़क के किनारे से लेकर मजदिया रोड के हाट-बाजार के स्थाई व अस्थाई दुकानों को अतिक्रमण मुक्त किया गया। उसके बाद एसएच 77 सड़क वे दोनों किनारे अधिक्रमित किए गए भूमि को एसडीएम ने ध्वनि विस्तारक यंत्र से खुद सभी दुकानदारों को अतिक्रमण हटा लेने का निर्देश दिया। उसके बाद दुकानदारों द्वारा नहीं हटाए गए दुकानों को जेसीबी से अतिक्रमण मुक्त कराया गया। एनएच 31 सड़क व एसएच 77 पर सड़क पर अतिक्रमण हटाओ अभियान से मचा रहा हड़कंप जिला प्रशासन के दिशा निर्देश पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी वीडीओ अजय कुमार, सीओ दिवाकर कुमार, थाना अध्यक्ष प्रह्लाद कुमार यादव, राजस्व अधिकारी अंजली कुमारी, अंचल अमीन पायल कुमारी, अंचल निरीक्षक दिलीप पासवान ,राजस्व कर्मचारी दीपनारायण तांती सहित पुलिस बल के साथ शहीद चौक पहुंचे। सैकड़ों पुलिसकर्मी, जेसीबी, ट्रैक्टर, ट्राली , मानव बल को देखते ही, अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत एनएच-31 के दोनों किनारे सर्विस रोड से सत्संग मंदिर तक शहीद चौक से स्टेशन जाने वाली सड़क, तथा स्टेट हाईवे सड़क के किनारे समेत अन्य जगहों पर सड़क किनारे अवैध रूप में रखी गुमटियों समेत अस्थाई व स्थाई निर्माण कार्य को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया। अभियान में एन एच आई के इंजीनियर शेषनाथ यादव, शेखर झा अभियान में लगे रहे।

**एनएच विस्तारीकरण के बाद और बिगड़े.थे हालात :**

कुसेर्ला शहीद चौक से कुरसेला थाना तक शहीद चौक से सत्संग मंदिर से सर्विस रोड तक एनएच विस्तारीकरण के बाद अतिक्रमण के हालात और बिगड़े थे। कुसेर्ला सहित चौक के एनएच 31 व एस एच 77 सड़क चारों ओर विस्तारीकरण के बाद सड़क की चौड़ाई बढ़ गया। अतिक्रमणकारियों का मनोबल तोड़ने को नियमित अभियान की दरकार जिला प्रशासन द्वारा चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान की आम जनमानस में खूब सराहना हो रही है। शहरवासियों समेत आम राहगीरों ने जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए नियमित रूप से ऐसे अभियान की जरूरत पर बल दिया।

## मोहनाचांदपुर दियारा में दो गुटों में हुए गेंगवार में आधा दर्जन लोगों के मरने की आशंका एक का शव बरामद

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। बरारी थानान्तर्गत सेमापुर ओपी क्षेत्र दियारा में शुक्रवार को सूर्योदय से पहले जब मोहनाचांदपुर डूब्बा टोला दियारा से गेंगवार में दो गुटों के बीच ताबड़तोड़ गोलियो की आवाज सुनकर पूरा इलाका सहम गया. लेकिन यह तो पिछले कई महीनों से ऐसी वारदार के चंगुल में फंस कर कई लोग अन्दर ही अन्दर घुटकर जान दे दी तो कई बुरी तरह पीटने के बाद अपंगता की जिन्दगी झेलने को असाय है।बताये तो किसे. अगर गल्ती से नाम बताया तो खैर नही जीवन से समझौता कर दियारा क्षेत्र में लोग खेती करने को लाचार सूत्रों की मानें तो मोहनाचांदपुर दियारा में जोतराम राय स्कूल की जमीन व अन्य संस्था एवं बिहार सरकार व गंग शिकस्त ,लाल कार्ड आदि की जमीन को हथियाने को लेकर मोहनाचांदपुर व रघुंनाथपुर पनडूब्बा में सुनील यादव गुट व मोहन ठाकुर गुट के बीच अब तक की सबसे बड़ी घटना मानने को विवश हैं. भवानीपुर ईस्टेट की जमीन, भवानीपुर गुरुद्वारा की जमीन, विद्यालय की जमीन, मंदिर व मठ की जमीन, कटाव के समय अर्जित की सैकड़ों एक जमीन, अनसर्वेड हजारों एकड़ जमीन जो जबरन भवानीपुर, डहरा, बकिया विशनपुर आदि दियारा जो गंगा के इसपार है अपराधी व दबंगों के हाथ में जबरन जोत आबाद कर रहे हैं. गेंगवार में दोनों गुटों के आधा दर्जन लोगों के जान जाने की खबर चर्चा में है. जबकि पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद होने की पुष्टी की है. मृतक का नाम अरविंद यादव कटरिया चापर का बताया जाता है. मृतक के पास से साढ़े चार हजार नगद पुलिस ने बरामद किया. घटना की सूचना मिलते हीं बरारी थानाध्यक्ष विधान चन्द्र, सेमापुर ओपी प्रभारी राज कुमार चौधरी दल बल के साथ दियारा बकिया घाट पहुंचकर घटना की तहकीकात में जुट गई. पुलिस की चहलकदमी से पूरा दियारा में सन्नाटा सा लगने लगा. कई किसान खेत में फसल लगाने को जोत आबाद में लगे थे मानों कुछ हुआ हीं नही है. लेकिन पुलिस अपनी कार्रवाई पैदल दियारा क्षेत्र को छांक दिया तब जाकर काफी दूर गंगा दियारा में एक शव दिखाई दिया जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लिया. जबकि भयावह करीब डेढ़ घंटे गेंगवार गोलीबारी में मोहनाचांदपुर दियारा से विशनपुर, बकिया, डहरा दियारा एक बार फिर थर्रा गया है. किसान खेती करने दियारा कैसे जाय. दियारा क्षेत्र में रहकर खेती करने वाले किसान मजदुर को अपने परिवार बच्चों की फिक्र हैं. जबकि बकिया सुखाय, सवार्राम, जोनिया, मोहनाचांदपुर गोबराही आदि में पुलिस कैम्प है. आमजनों किसानों को शांति चाहिये नहीं तो खेती बरबाद हो जायेगी.

# उपायुक्त की अध्यक्षता में 11वी कृषि गणना के तहत प्रथम फेज के प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरूआत....

» मदरलैण्ड संवाददाता



देवघर। उपायुक्त-सह-जिला कृषि गणना पदाधिकारी देवघर श्री मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागर में आज दिनांक 03.12.2022 को 11वी कृषि गणना के प्रथम फेज के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सभी को संबोधित करते हुए उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि कृषि जनगणना के कार्य डिजिटल मोड़ में लैपटॉप/टैबलेट/स्मार्ट फोन के माध्यम से किया जाना है। आगे उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण के माध्यम से अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं जिला स्तरीय डीपीएमयू डेटा संग्रहण, अनुसूचियों के भरने आदि कार्यो की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, ताकि फील्ड में जब डेटा संग्रहण का कार्य किया जाए तो किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। साथ ही उन्होंने डेटा संग्रहण की विस्तृत जानकारी के अलावा 11वी कृषि गणना के तहत प्रथम फेज से जुड़ी विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया।

इसके अलावे उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने कृषि गणना 2021-22 गणना के प्रथम फेज के प्रशिक्षणार्थियों को सबोधित करते हुए कहा कि कृषि गणना का उद्देश्य के कृषि कार्यो नए तकनीकों के प्रयोग एवं इसके विकास से है। कृषि गणना के माध्यम से हम जमीन की प्रकृति को जान पाएंगे साथ ही हम किस तरह से इसके उर्वरता को बढ़ाए इसमें भी लाभदायक साबित होंगे। ऐसे में आप सभी फील्ड में डेटा संग्रहण हेतु जाए तो सही डेटा का संग्रहण करे व एप्प में सही व सटीक उसका एन्ट्री हो। इसके अलावा उपायुक्त ने डेटा संग्रहण की विस्तृत जानकारी के अलावा 11वी कृषि गणना के तहत प्रथम फेज से जुड़ी विभिन्न जानकारियों से सभी को अवगत कराया।

**सुओ मोटो म्युटेशन के कार्यो को ससमय करे निष्पादनरू- उपायुक्त....**

इसके अलावे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सभी अंचलाधिकारी एवं राजस्व कर्मियों को निदेशित करते हुए कहा गया कि अंचल स्तर पर म्युटेशन, लगान रसीद के कार्यो का शतप्रतिशत निष्पादन निर्धारित समयावधि में करें ताकि आम जानो को किसी प्रकार की समस्या ना होने पाए। सुओ मोटो म्युटेशन प्रणाली के सबंध में उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि सुओ-मोटो ऑनलाइन म्युटेशन (दाखिल-खारिज) प्रक्रिया का शुभारंभ किया जाना जमीन खरीद-बिक्री हेतु निबंधन, दाखिल-खारिज, रसीद कटने से लेकर रजिस्टर पंजी-2 नाम दर्ज कराने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल है। राज्य सरकार का प्रयास है कि हम आम जनता को उपरोक्त सुविधाएं सरल और सुलभ रूप में उपलब्ध कराएं। अतः आप सभी सुओ- मोटो म्युटेशन के कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर करे ताकि जिले के आम नागरिको को अंचल का कम से कम चक्कर लगाना पड़े।

**टॉक टू डीसी एवं डिनर विथ डीसी कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक-से-अधिक लोगो को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना हैरू- उपायुक्त....**

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा जानकारी दी गई कि टॉक टू डीसी, डिनर विथ डीसी एवं सुरक्षित गांव हमर गांव आदि कार्यक्रमों का जिला स्तर पर क्रियान्वित करने का एकमात्र उद्देश्य है कि जिलांतर्गत आम जनता को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले। कोई भी योग्य लाभुक इन योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहे। इस हेतु जिला स्तर पर सभी बेहतर प्रयास कर रहे है। आप सभी अंचल स्तर के अधिकारी/कर्मी अपने अंचल में रहते हुए अपना और योगदान दे, ताकि कोई भी योग्य लाभुक इन योजनाओं के लाभ से वंचित ना रह पाए।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में उपरोक्त के अलावे उपविकास आयुक्त डॉ० कुमार ताराचंद, अपर समाहर्ता श्री चंद्रभूषण प्रसाद सिंह, प्रशिक्षु आईएएस श्री अनिमेष रंजन जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, अंचल निरीक्षक, राजस्व उपनिरीक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं जिला स्तरीय डीपीएमयू एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### सीओ के नहीं आने से वापस लौटे जनता दरबार से लोग

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। डंडखोरा--अंचल पदाधिकारी के नहीं पहुॅचने से थाना में भूमि विवादों को लेकर आयोजित जनता दरबार से पक्षकार वापस लौट आये।मौके पर उपस्थित पुलिस पदाधिकारी और अंचल कर्मी ने सुनवाई होने वाले मामले में सिर्फ अगली तिथि निर्धारित कर दिया।जबकि मामले को लेकर दूर दूर से पक्षकार थाना पहुॅचे थे।दो बजे पहुॅचे अंचलकर्मी ने उन्हें बताया कि सीओ साहब नहीं आयेंगे।वहीं प्रभारी अंचल निरीक्षक जिला मुख्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेने गये हैं।सुनवाई नहीं होने पर पक्षकारों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि नोटिस मिलने पर हमलोग ससमय पहुच जाते हैं।लेकिन पदाधिकारी और कर्मी दो बजे पहुचते हैं।अगर जनता दरबार की कारवाई नहीं होनी थी,तो हमलोगों को पूर्व में हीं दूरभाष से सूचना दे देनी चाहिए थी।लोगों ने कहा कि कटाई और बुआई का समय होने कारण यूॅ हीं समय कम मिलता है।ऐसे में दूर-दूर से थाना आना और बैठकर बिना सुनवाई के लौटकर जाना,अच्छा नहीं लगता है।बताते चलें कि आज तीन वादों की सुनवाई होनी थी।जिसमें एक में पक्षकार काफी बुढी थी।जनता दरबार में एएसआई सत्येन्द्र रविदास,अंचलकर्मी मो.जेद आलम सहित परशुराम शर्मा,संतोष झा,अवधेश मंडल ,जानकी देवी, मनोज पोद्दार, प्रमोद झा,राकेश राय,शंकर ऋषि, सहित कई अन्य पक्षकार मौजूद थे।

### मनिहारी एसडीएम कुमार सिद्धार्थ ने पीड़ित परिवार के बीच संयुक्त रूप से मुआवजा के राशि का चैक का वितरण किया

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। मनिहारी अमदाबाद प्रखंड के पारदियारा पंचायत के भादू टोला गांव मे शनिवार रात को आग लगने से 40 से 50 घर जल कर राख हो गया था अग्नि पीड़ित परिवार का खाद सामग्री,घरेलू सामान सहित अन्य सभी समान जलकर राख हो गया था जिससे पीड़ित परिवारों की हालत काफी नाजुक हो गई थी जिसके सहायता के लिए आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा कुल 18 अग्नि पीड़ित परिवार को मुआवजे के रूप मे 9800 रूपिये का चैक प्रदान किया गया मौके पर मनिहारी एसडीएम कुमार सिद्धार्थ, अंचल पदाधिकारी अनिल कुमार संतोषी, अंचल विकास पदाधिकारी प्रियदर्शी राजेश पैरोट, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मोहम्मद अजहर, मुखिया प्रतिनिधि ऐजाबुल हक मौजूद रहे उधर बाढ़ के दौरान लखनपुर पंचायत के बेलगच्छी गांव के नया सीज टोला मे दो बच्ची की मौत बाढ़ पानी में डूबने से हो गई थी मिर्तक के पिता पिंटू कुमार मंडल को मुआवजा राशि का चार लाख का दो चैक मनिहारी एसडीएम ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 53 वर्षीय व्यक्ति की हुई मौत



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। प्राणपुर थाना क्षेत्र के एन एच 81मुख्य मर्ग सड़क के मैंना नगर चौक के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मैंना नगर गांव निवासी अशोक मंडल उम्र 53 वर्ष पिता स्वर्गीय विपिन मंडल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उक्त घटना की सूचना पाकर परिजनों व स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। वही स्थानीय ग्रामीणों ने आनन-फानन में उक्त व्यक्ति को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राणपुर ले आए जहां चिकित्सकों की टीम ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना पाकर प्राणपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया है।उक्त घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।वही उक्त घटना के संबंध में थानाध्यक्ष अमजद अली से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि प्राणपुर थाना क्षेत्र के एन एच 81मुख्य मर्ग सड़क मैंना नगर चौक के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से प्राणपुर पंचायत के मैना नगर गांव निवासी अशोक मंडल की मौत हो गई है।जिसे पोस्टमार्टम हेतु कटिहार भेज दिया गया है, और उक्त घटना को लेकर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर चौक चौराहों पर लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा हैं।

### विभिन्न योजनाओं एवं समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्का कचहरी प्राणपुर का एडीएम श्री विजय कुमार ने किया औचक निरीक्षण



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। जिला पदाधिकारी के आदेश अनुसार प्राणपुर प्रखंड क्षेत्र के प्राणपुर पंचायत के पैक्स व समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राणपुर व हल्का कचहरी प्राणपुर में शनिवार को अपरसमाहर्ता विजय कुमार के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।सर्वप्रथम प्राणपुर पैक्स में धान अधिप्राप्ति को लेकर पैक्स अध्यक्ष को फटकार लगाया। वही दूसरी ओर प्राणपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी विभिन्न वार्डो इमरजेंसी व ओपीडी में साफ सफाई और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का भी निरीक्षण किया।वही अस्पताल के सभी वार्डों में घूमकर मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी लेते हुए डॉक्टरों की उपस्थित पंजी का भी निरीक्षण किया। जिसमें कई डॉक्टर व एनएएम अनुपस्थित पाए जाने पर प्राणपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिनंदन को डाट फटकार लगाते हुए विधि व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया।साथ ही प्राणपुर हल्का कचहरी का भी औचक निरीक्षण किया। उक्त निरीक्षण में विभिन्न पंजी एवं दाखिल खारिज उल्लेख का भी जांच किया। जिसमें कई दाखिल खारिज के कागजात एवं आवेदन महीनों निलंबित पाए जाने पर एडीम श्री विजय कुमार ने राजस्व कर्मचारी मोहित आलम को जमकर फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के अंदर दाखिल खारिज एवं मोटेशन को अपडेट करते हुए विभाग को रिपोर्ट करने का सख्त निर्देश दिया।

## कटिहार जिले में मनरेगा का हाल है बदहाल पंचायतों में मैडेज का ग्राफ बेहतर प्रदर्शन वाला नहीं जेई पीआरएस के तबादले की उठ रही मांग

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। कटिहार जिले के विभिन्न प्रखंडों में मनरेगा कार्यों का ग्राफ इन दिनों बेहतर प्रदर्शन वाला नहीं कहा जा सकता है।पंचायतों में मेंडेज ग्राफ को बेहतर प्रदर्शित करने के लिए केंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार के रास्ते जिला प्रशासन तक होते हुए प्रखंड स्तर के अधिकारियों को भी बेहतर प्रदर्शित करने की दिशा में सकारात्मक पहल और काम करनी होती है।लेकिन कटिहार जिले के कई प्रखंडों की स्थिति ठीक-ठाक नहीं कही जा सकती है।अगर देखना हो तो एमआईएस पर जाकर देखा जा सकता है।किस जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायतों में मैडेज की दशा दिशा ठीक नहीं है।जिसको सुधारने की दिशा में पंचायत के रोजगार सेवक से लेकर पीटीए तक लापरवाह बने बैठे हैं।इसकी मॉनिटरिंग कार्यक्रम पदाधिकारियों को करनी है।लेकिन कार्यक्रम पदाधिकारी कार्यालय तक ही सिमट कर रह जा रहे हैं।डीडीसी साहब को इसकी समीक्षा करनी हो तो किसी प्रखंडों का औचक निरीक्षण कर लें तो सारी कलई खुल कर रह जायेगी।किसी पीओ पीटीए पीआरएस से अगर पूछ लिया जाए कि वह किन-किन पंचायतों में भौतिक सत्यापन किए हैं।और क्या निर्देश दिए हैं।क्या खामियां उनको मिली है।किस तारीख को किस पंचायत में उन्होंने जांच किया तो वह कार्य के प्रति कितने सजग है।इसकी कलई खुल कर रह जाएगी।मदरलैंड वॉइस के पास कई प्रखंडों से ऐसी ऐसी तस्वीरें और दस्तावेज मिले हैं।जिस पर जमीनी पड़ताल जारी है।अब तक के पड़ताल में मनरेगा की जो लापरवाही सामने आई है।वो है मजदूरों के नाम राशि निकालने और अमृत सरोवर




के नाम कागजी घोड़ा दौराने का है।किसी भी तालाब को देख लिया जाए तो प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत स्तर के मनरेगा कर्मी की ईमानदारी अमृत सरोवर किनारे हिलोरे मार रही है।हलांकि स्थानीय पंचायतों के जनप्रतिनिधियों की माने तो नए उप विकास आयुक्त डीडीसी कटिहार के आने से जनप्रतिनिधियों को लगा था।कि पंचायत रोजगार सेवकों से लेकर तकनीकी सहायकों तक की ट्रांसफर पोस्टिंग नए सिरे से करेंगे।ताकि पंचायतों में जो विकास कार्य की रफ्तार है।उसको एक नया आयाम मिलेगा।लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं।पुराने ढर्रे पर जिले की टीम चल रही और अपने मन मुताबिक काम कर रही है।जिससे पंचायतों का ग्राफ बेहतर प्रदर्शन वाला नहीं कहा जा सकता है।इसके लिए किनकी जवाबदेही होनी चाहिए पता चलने पर बता देंगे।ऐसी कई योजनाओं की तस्वीरें आयी है।जिसकी पड़ताल को लेकर मदरलैंड वॉइस की टीम प्रखंड स्तर पर काम कर रही है।इस खबर के माध्यम से जिला प्रशासन का सिर्फ ध्यान आकृष्ट कराना मुख्य उद्देश्य है।कि मनरेगा कार्यों की समीक्षा डीडीसी साहब को पूरी ऊर्जा के साथ करनी चाहिए तब शायद संभव है।कि पंचायत स्तर पर मनरेगा कार्यों में मानकों को हाशिए पर किस तरह रखा जा रहा इसकी दुर्लभ तस्वीरें सामने होंगी डीडीसी साहब ऐसा हीं कुछ करेंगे लोगों को उम्मीद है।

## थाना प्रांगण में जनता दरबार में 4 आवेदन मिले



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। थाना प्रांगण आजमनगर में अंचल अधिकारी संजय कुमार, तथा पीएसआई प्रिंस चौधरी, देवेंद्र कुमार यादव, की संयुक्त अध्यक्षता में शनिवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया।

इस मौके पर कई राजस्व कर्मचारी जनप्रतिनिधि तथा अन्य कई लोग उपस्थित थे। अंचल अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि शनिवार को जनता दरबार में नया 4 आवेदन पड़े पिछले सप्ताह के पांच आवेदन लंबित कुल मिलाकर 9 आवेदन हुए जिसमें 3 आवेदन का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया है लंबित बचें 6 आवेदन का नोटिस के माध्यम से अगले शनिवार जनता दरबार में बुलाया जाएगा उन्होंने कहा कि पिछले दिनों काफी तेज रफ्तार से जनता दरबार में आपसी सहमति के तहत भूमि विवाद का मामला सुलझाया गया है।इस बाबत अब कम मामले रह गए हैं।

वहीं पीएसआई प्रिंस चौधरी, देवेंद्र कुमार यादव ने कहा कि जनता दरबार लगने से भूमि विवाद का मामला सुलझने लगा है ,इस बाबत अपराध का ग्राफ काफी घटा है।मौके पर राजस्व कर्मचारी अजीत कुमार सिंह, हाफिजुर रहमान उर्फ टिंकू, पूर्व जिला पार्षद रामजी प्रसाद केसरी,आदि कई लोग जनता दरबार में उपस्थित रहे।

## बीपीआरओ ने की पंचायत पहुँच लाइट प्रकरण की जांच

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। आजमनगर प्रखंड के महेशपुर और शितलमणी पंचायत में लाइट प्रकरण की जांच को लेकर बीपीआरओ अजय चंद्रा शनिवार को पहुंचे।और लाइट प्रकरण की जांच किए जांच के पश्चात उन्होंने पत्रकारों को बताया जिला प्रशासन के निर्देश पर मामले की जांच की गई है।और मामला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के यहां भी सुनवाई में है।जहां मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच की बात कही गयी है।बताया जा रहा कि जिला प्रशासन के निर्देश पर बीपीआरओ ने जांच की है।इस बाबत उक्त मामले को लेकर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी आजमनगर अजय चंद्रा से दूरभाष पर संपर्क साधा गया तो उन्होंने बताया स्थलीय जांच कर ली गई है।आलाधिकारियों तक इसकी प्रतिवेदन दिया जाएगा।जिसमें उन्होंने कहा लगाए गए लाइट की गुणवत्ता एवं प्रकाश की जांच की जाएगी एवं मार्केट की वैल्यू भी जांच की जाएगी।इसके उपरांत ही कुछ कहा जा सकता है।

## मुखिया के विरुद्ध महिला थाना कटिहार में कराया मामला दर्ज

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। दुष्कर्म पीड़िता महिला द्वारा आजमनगर थाना क्षेत्र के जोकर पंचायत के मुखिया तनवीर अहमद के विरुद्ध दुष्कर्म सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत महिला थाना कटिहार में आवेदन देकर मामला दर्ज कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

जानकारी के मुताबिक दुष्कर्म पीड़िता 27 वर्षीय महिला ने महिला थाना को दिए आवेदन में बताया है कि आजमनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोकर पंचायत के मुखिया तनवीर अहमद उम्र 40 वर्ष पिता अली तबारक अंसारी मनोहर-पारा थाना आजमनगर जिला कटिहार ने मुझे नौकरी देने के नाम पर अपनी इच्छा मुताबिक दिन हो या रात रात बुलाया करता था,

तथा मेरे साथ मोबाइल नंबर पर घंटों बात-चीत किया करता था, शादी का प्रलोभन देकर मेरे साथ लगातार यौन शोषण करते आ रहा था।इस बीच जब दिल्ली में रह रही मां और भाई के पास चली गयी,तब मुझे शादी करने का झांसा देकर बहला फुसला कर दिल्ली से कटिहार लाया और फिर कटिहार स्थित मेरे भाड़े के मकान में प्रायः आकर मेरी इच्छा के विरुद्ध मेरे साथ दुष्कर्म करने लगा और बोला यदि इस बात का हो हल्ला करोगी तो जान से मार देंगे।पीड़िता के मुताबिक जब वो इस बीच गर्भवती हो गई,तो

मुखिया ने जबरन गर्भपात करा दिया गया तब 8 नवंबर 2021को मेरे किराए के मकान पहुँच मुखिया तनवीर अहमद ने फिर मेरे इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया सहित अन्य कई आरोप लगाते हुए दिए आवेदन में पीड़िता ने यहां तक बयां किया है,कि मुखिया के द्वारा मेरी जिंदगी नारकीय बना दी गयी है।इस दौरान मेरा मोबाइल भी लेकर मुखिया भाग गया है,तथा मोबाइल से रुपया निकाल लिया क्योंकि उसका पिन कोड उन्हें मालूम था।ऐसे अन्य आरोपी लगा पीड़िता ने महिला थाना को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।पीड़िता से प्राप्त आवेदन के आधार पर महिला थाना अध्यक्ष सुजाता कुमारी ने कहा, थाना कांड संख्या 26/22 दर्ज किया गया है।मामला दर्ज होने के बाद से मुखिया फरार है।आगे की कार्रवाई जारी है।उक्त मामले पर बीडीओ आजमनगर सुनील कुमार मिश्रा ने कहा कि मुखिया पर प्राथमिकी दर्ज हुई है।मामला मेरे संज्ञान में नहीं आया है।जानकारी प्राप्त हो रही है।इससे संबंधित शिकायत प्राप्त होने अथवा मामला संज्ञान में आने पर जो नियम संगत कार्रवाई होगी या जो प्रक्रियाएं अपनानी होंगी, मद्देनजर अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।ताकि पंचायत का विकास कार्य प्रभावित ना हो सके।

## समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मिले आवश्यक दिशा-निर्देश स्वास्थ्य विभाग से जुडी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में की गई चर्चाः जिलाधिकारी

» मदरलैण्ड संवाददाता




कटिहार। स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता लाने के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर लगातार प्रयास किया जा रहा है। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को मूलभूत सुविधाओं को लागू करने के साथ ही स्वास्थ्य संस्थानों में इलाज कराने के लिए आने वाले सभी मरीजों को उचित व्यवहार के साथ बेहतर सेवा उपलब्ध कराने की कवायद की जा रही है। स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने की दिशा में भी कारगर पहल की जा रही है। इसी को लेकर स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को लेकर जिलाधिकारी उदयन मिश्रा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने जिले में स्वास्थ्य संबंधी मामलों की बेहतरी को लेकर कई दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर जिलाधिकारी उदयन मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ दीनानाथ झा, जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ अशरफ रिजवी,

एनसीडीओ डॉ सुमन कुमार, डीआईओ डॉ मनोज कुमार चौधरी, डीपीएम डॉ किशलय कुमार, डीपीसी मजहर अमीर, डीसीएम अश्विनी मिश्रा एवं डीएमएंडई अखिलेश सिंह सहित जिले के सभी एमओआईसी उपस्थित थे।राज्य स्तर पर रैंकिंग के लिए कार्य करने की आवश्यकताः जिलाधिकारी

जिलाधिकारी उदयन मिश्रा ने कहा कि राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा बिहार के सभी जिलों में स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी मामलों की समीक्षा की जाती है। इसके आधार पर रैंकिंग की जाती है। सरकार द्वारा संचालित लक्ष्य प्रमाणीकरण कार्यक्रम व कायाकल्प योजना के संचालन के अलावा शेष सभी तरह के कार्यक्रमों का संचालन नियमित रूप से होना चाहिए। जब तक स्वास्थ्य विभाग ठीक नहीं रहेगा तब तक किसी भी तरह के मरीजों की सेवा नहीं की जा सकेगी। जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में मातृ-शिशु देखभाल, ओपीडी व इमरजेंसी सेवाओं में बेहतरी को लेकर जरूरी कदम उठाने के लिए दिशा-निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराते हुए स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन को लेकर राज्य स्तरीय रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित कराने को लेकर आवश्यक रूप से कार्य करने के लिए सभी को कार्य करने पर बल दिया गया है।स्वास्थ्य विभाग से जुडी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के संबंध में कई गई चर्चाः जिलाधिकारी

समीक्षा बैठक के दौरान कोरोना जांच एवं संक्रमण, कोविड-19 टीकाकरण, नीति आयोग के सूचकांक, ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन, मातृ स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, स्वास्थ्य संस्थानों में आने वाले मरीजों की देखभाल, एनसीडी कार्यक्रम, स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (एचडब्लूसी) के माध्यम से आयुष्मान भारत कार्यक्रम, संशोधित राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम, प्रजनन बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरसीएच), अनमोल, संधारण, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं वित्त विभाग से जुड़े कार्यक्रमों एवं विभिन्न प्रकार के योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा कर जानकारी ली गई।

## फोरलेन सड़क के निर्माण से नहीं लगेगा जाम



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव पहल की जा रही है। इसके मद्देनजर एन एच 107 को एन एच 31 से जोड़ने की प्रक्रिया के तहत फोरलेन रोड निर्माण किया जा रहा है। बनभाग के कोसी विहार के नजदीक से सहरसा से पूर्णियां जानेवाली सड़क को नहर के रास्ते रोड बनाकर जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। यहां मिट्टी गिराकर रोड बनाया जा रहा है। नाला का भी निर्माण किया जाना है। ये है न्यू सिपाही टोला स्थित दुर्गामंदिर के पास की जगह जहां दोनों तरफ से मिट्टी डालकर फोरलेन रोड बन रहा है। इस रोड के निर्माण होने से शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश नहीं होगा सीधे इसी रोड के रास्ते मरंगा तक का सफर तय होगा। इससे शहर में वाहनों का बोझ नहीं होगा और मधुबनी में लगने वाले जाम से भी निजात मिलेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे आमलोगों को रोड का एक और विकल्प मिलेगा तथा जाम भी नहीं लगेगा।

## हुजूर:-गोगाबिल झील-सुरापार मुख्य सड़क गड्ढे में है तब्दील कब होगी मरम्मती दुर्घटनाओं को दे रहा आमंत्रण

» मदरलैण्ड संवाददाता



- गोगाबिल झील-सुरापार मुख्य सड़क गड्ढे में है तब्दील
- कब होगी मरम्मती दुर्घटनाओं को दे रहा आमंत्रण
- हाल हीं में बनी है करोड़ों की लागत से सड़क
- सड़क निर्माण की कुल लंबाई 4.250 किलोमीटर है
- निर्माण वर्ष 20-21है।निर्माण की कुल एकरार नामें की राशि 3करोड़ 61लाख57हजार896है।
- सड़क का निर्माण5 वर्षीय अनुरक्षण के तहत है।
- जिसकी प्राक्कलित राशि 32लाख99 हजार है।
- सड़क निर्माण कार्य एजेंसी कार्यपालक अभियंता
- ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल मनिहारी कटिहार है।

कटिहार।हुजूर ये आवाज मनिहारी विधान सभा क्षेत्र के लोगों की है।वो कहते हैं।कि गोगाबिल झील-सुरापार मुख्य सड़क गड्ढे में तब्दील है।कब होगी मरम्मती दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है।सड़क की जर्जर स्थिति से हुक्मरान के साथ साथ नौकरशाह भी वाकिफ हैं।बावजूद इसके मरम्मती की दिशा में सकारात्मक प्रयास का नहीं दिखना उनके इमानदार प्रयास का अभाव होना है।शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार सिस्टम को है।बताते चलें कि मनिहारी विधान सभा की यह जर्जर सड़क मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना से निर्मित सड़क है।उक्त सड़क गोगाबिल झील रोड से सूरापार सड़क है।सड़क निर्माण की कुल लंबाई 4.250 किलोमीटर निर्माण वर्ष 20-21है।सड़क निर्माण के कुलएकरार नामें की राशि 3करोड़ 61लाख57हजार896है।साथ हीं सड़क का निर्माण5 वर्षीय अनुरक्षण के तहत किया गया है।जिसकी प्राक्कलित राशि 32लाख99 हजार है।हाल ही में करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई सड़क की हालत इतनी खराब है।कि निर्माण के वक्त संवेदक और विभाग के जेई की तरफ से बरती गई लापरवाही का




जीता जागता उदाहरण है।जो सड़क की जर्जर को बयां कर रही है।उक्त सड़क निर्माण कार्य एजेंसी कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल मनिहारी कटिहार है।उक्त सड़क गड्ढे में पूरी तरह तब्दील हो गई है।गड्ढे से झांकती संवेदक और विभाग की इमानदारी पूरी तरह चौपट रही होगी।सड़क की माली हालत को देखकर यह भी कहा जा सकता है।कि निर्माण के वक्त तमाम मानकों को हासिये पर रख दिया गया होगा। वजह यही रही होगी कि निर्माण के कुछ वर्षों में हीं सड़कें पूरी तरह चौपट हो गयी।बताया जा रहा कि इसी रास्ते से गोगाबिल झील भी जाया जाता है।इसी सड़क के रास्ते जिले के हुक्मरान के नौकरशाहों की गाड़ी भी गुजरती है। बावजूद इसके सड़क की माली हालत को सुधारने की दिशा में सकारात्मक प्रयास नजर नहीं आ रहा इसका अगर सबसे बड़ा खामियाजा किसी को उठाना पड़ रहा है।तो वह सैलानी और स्थानीय लोग होते हैं।जो गोगाबिल झील का आनंद लेने पहुंचते हैं।बहरहाल अब देखने वाली बात होगी कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल विभाग कार्य प्रमंडल मनिहारी सड़क की जर्जरता को लेकर कितने संवेदनशील हैं।और सड़क मरम्मती कार्य को लेकर संवेदक को क्या हिदायत देते हैं।क्योंकि 5 वर्षीय अनुरक्षण राशि के साथ सड़क निर्माण संवेदक ने किया है।तो ऐसे में देखने वाली बात होगी कि संवेदक सड़क की मरम्मत करते हैं।अथवा नहीं यह देखने वाली बात होगी।स्थानीय लोगों में हरि मुर्मु,सुधीर किस्कू,तल्लू हासदा,कान्हु मुर्मू, गुमाय, मरांडी, पीथो मुर्मु,रमेश मरांडी,जोसफ किस्कू, नारायण सोरेन,दीपक रवि दास घर सुरापार,हजरत खान घर बाबूपुर शियाराम यादव घर सुरापार आदि ग्रामीणों ने सड़क निर्माण मरम्मती कराने की मांग विभाग और संवेदक से कर रहे हैं।रही बात संवेदक की तो बता दें संवेदक मौजूदा वक्त में सत्ताधारी पार्टी के बड़े नेता हैं।तो लोगों को उम्मीद है।जनहित में सड़क मरम्मती कार्य को जल्द शुरू करवाने की दिशा में काम करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कटिहार जिले में 2 गिरोहों के बीच गैंगवार में 5 बदमाशों की मौत

पटना, एजेंसी। कटिहार जिले में 2 गिरोहों के बीच हुई गैंगवार में 5 लोग मारे गये हैं। पीकू यादव और मोहना ठाकुर के गिरोह कटिहार और साहेबगंज जिले में सक्रिय हैं। यहां वर्चस्व को लेकर वह कई बार आपस में भिड़ चुके हैं। अब बरारी थाने के मोहना चांदपुर गांव में दोनों गिरोहों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई पीकू यादव गिरोह के कम से कम 40 लोगों ने मोहना ठाकुर गिरोह के 10 लोगों को रोका और उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। दोनों तरफ से फायरिंग होने लगी। मोहना ठाकुर गिरोह के सदस्यों ने मौके से बकिया गांव की ओर भागने की कोशिश की। पुलिस सूत्रों ने बताया कि झड़प के बाद एक शव बरामद कर लिया गया है। हालांकि ग्रामीणों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि गैंगवार में कम से कम पांच लोग मारे गए हैं जिनके शव अभी तक बरामद नहीं किए गए हैं।

### कोरोना के बाद देश भर में हार्ट अटैक से मौत के मामले बढ़े डॉक्टरों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

दरभंगा, एजेंसी। कोरोना के बाद अचानक देश भर में हार्ट अटैक से मौत के बढ़ते मामलों से न सिर्फ आम लोग डरे हैं बल्कि डॉक्टर भी चिंतित हैं। इसके बाद दरभंगा मेडिकल कॉलेज में 45 डॉक्टरों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तीन दिन की इस ट्रेनिंग में बिहार के बाहर से आए एक्सपर्ट डॉक्टर ट्रेनिंग दे रहे हैं। ट्रेनिंग की खास बात ये है कि इसमें न सिर्फ हार्ट अटैक के मरीजों को बचाने के लिए वैज्ञानिक तरीके का प्रयोग बताया जाएगा बल्कि मरीज को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने की भी जानकारी दी जा रही है। इस सर्टिफिकेट कोर्स पूरा करने के बाद ये सभी डॉक्टर दरभंगा के पुलिस बल ट्रैफिक पुलिस स्कूल और कॉलेज के छात्रों के साथ-साथ ऑटो चालकों को प्रशिक्षण देने का काम करने वाले हैं। ताकि कहीं भी किसी भी वक्त हार्ट अटैक आने पर लोगों को तत्काल जान बचाने के लिए प्राथमिक उपचार मिल सके। बनारस यूनिवर्सिटी से दरभंगा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों को ट्रेनिंग देने पहुंचे डॉक्टर राजेश कुमार मीणा ने बताया कि लोगों अगर इस सीख जाए तब हार्ट अटैक से होने वाली मौतों को 90 प्रतिशत तक रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में कोरोना के कारण लोगों की धमनियां न सिर्फ कमजोर हुई हैं बल्कि सिकुड़ भी गई हैं। इसके बाद लोगों को स्ट्रोक आ जाता है और बेहोश हो गिर जाते हैं।

### नीतीश कुमार की गलती की सजा बिहार भुगत रहा : रवि किशन

पटना, एजेंसी। बिहार में कुढनी विधानसभा क्षेत्र में हो रहे उपचुनाव के लिए प्रचार करने आए फिल्म अभिनेता और सांसद रवि किशन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार सियासी हमला बोलकर कहा कि नीतीश कुमार की गलती की सजा बिहार भुगत रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश ने अपने स्वार्थ की खातिर बिहार को फिर से 80-90 के दशक वाले दौर में पहुंचा दिया। रवि किशन ने कहा कि वे बिहार की धरती के ऋणी हैं जिसने मुझे यहां तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि नीतीश जब भाजपा के साथ थे और अब के बिहार को यहां के लोगों ने देख लिया है। नीतीश कुमार ने जो गलती की उस नीतीश जी भी जान गए हैं। उन्हीं की गलती की सजा आज बिहार भुगत रहा है। किशन ने कहा कि आज बिहार के उद्योगपति अपने परिवार के साथ फिर से पलायन करने लगे है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया कि उन्होंने बिहार को फिर से 80 और 90 के दशक में पहुंचा दिया हैं जब लोग छह -सात बजे के बाद घरों से नहीं निकलते थे। उन्होंने कहा कि बिहार में फिर से जंगलराज लौट आया है।

### छपरा में डबल मर्डर से हड़कंप मुजफ्फरपुर के मछली कारोबारियों की हत्या

छपरा, एजेंसी। छपरा में डबल मर्डर की घटना में रात को अमनौर में मिले दोनों शवों की पहचान कर ली गई है। दोनों शवों की पहचान मुजफ्फरपुर के विनोद साहनी और सिलहौरि के तीमन राय के रूप में हुई है जो मुजफ्फपुर और आसपास के इलाकों में थोक में मछली बेचते थे। दोनों एक दिसंबर को मुजफ्फरपुर से छपरा के लिए चले थे और एक घंटे बाद दोनों का मोबाइल बंद हो गया था जिसके बाद परिजन उनकी खोजबीन कर रहे थे। बीती रात दोनों के शव अमनौर के पहाड़पुर चवर में बरामद किये गये। दोनों की बेरहमी से पीट पीटकर हत्या की गई है जिसके बाद पुलिस इस मामले की छानबीन में जुट गई है। दोहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई है। इस मामले में पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है। मृतक तीमन राय के पुत्र अभिषेक कुमार ने बताया कि 1 दिसंबर को 1 बजे के आसपास तीमन राय ने अभिषेक को फोन कर अपने आने की जानकारी दी। उसके एक घंटे बाद उनका फोन बंद हो गया। खोजबीन के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल रहा था और इस बीच देर रात पुलिस ने फोन कर बताया कि 2 अज्ञात लाशें मिली हैं जिनकी शिनाख्त तीमन राय और उनके मित्र के रूप में की गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। डीएसपी इंद्रजीत बैठा ने इस मामले में बताया कि दोनों के मोबाइल गायब हैं जिनकी सर्विलांस के जरिए तलाशी की जा रही है।

### हाइवे पर टोल टैक्स मांगने पर गाड़ी में सवार असामाजिक तत्वों ने टोल प्लाजा कर्मियों से की मारपीट

पटना, एजेंसी। यहां पटना सिटी हाइवे के दीदारगंज टोल प्लाजा पर असामाजिक तत्वों द्वारा की गई गुंडागर्दी का वीडियो मिला है। वीडियो में दिख रहा है कि टोल टैक्स कर्मचारियों द्वारा टोल टैक्स मांगे जाने पर गाड़ी में सवार असामाजिक तत्वों ने टोल प्लाजा कर्मियों के साथ खूब मारपीट की और असामाजिक तत्वों ने दौड़ा-दौड़ाकर टोल प्लाजा कर्मियों को पीटा। यह घटना बीते 28 नवंबर के रात की बतायी जाती है। बताया जाता है कि तीन चार गाड़ियों में सवार असामाजिक तत्वों की गाड़ियां जैसे ही टोल प्लाजा पर पहुंचीं टोल प्लाजा कर्मियों द्वारा टोल टैक्स की मांग की गई। इसी बात को लेकर असामाजिक तत्व भड़क उठे और वो टोल प्लाजा कर्मियों के साथ मारपीट करने लगे। सीसीटीवी में कैद तस्वीरों में यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि बीच सड़क पर दर्जनों की संख्या में असामाजिक तत्वों द्वारा किस कदर गुंडागर्दी की गई है। इस मामले में पीड़ित टोल प्लाजा कर्मी ने दीदारगंज थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से असामाजिक तत्वों की पहचान करने में जुटी है। हालांकि पूरे मामले पर पूछे जाने पर टोल प्लाजा कर्मियों ने इस पर कोई प्रतिक्रिया देने से सीधे तौर पर इंकार कर दिया।

# अमोलवा आदर्श मध्य विद्यालय के प्रधान शिक्षक राजनेश रावत के उद्दंडता से त्रस्त हैं ग्रामीण

## ग्रामीणों ने बताया कि प्रधान शिक्षक का चलता है अंग्रेजी शासन

» मदरलैण्ड संवाददाता




बेतिया। गौनाहा प्रखंड के आदर्श मध्य विद्यालय अमोलवा के प्रधान शिक्षक राजनेश राउत के उद्दंडता की कहानी ग्रामीणों की जुबानी मीडिया पड़ताल में सच साबित हुआ है। विदित हो कि शनिवार के दिन स्थानीय ग्रामीण कन्हैया ठाकुर, कुंदन कुमार, सूरज चौधरी, रामेश्वर साह इत्यादि ग्रामीणों द्वारा उक्त विद्यालय की विधि व्यवस्था जैसे पठन-पाठन, मध्यान भोजन, शिक्षकों की उपस्थिति शौचालय इत्यादि की बद से बदतर व्यवस्था को लेकर मीडिया के सहयोग से उजागर करने के लिए सूचना दी गई थी।

प्रखंड के स्थानीय मीडिया कर्मियों द्वारा 1:30 बजे ग्रामीणों की उपस्थिति में विद्यालय पहुंचकर प्रधानाध्यापक को सूचना के माध्यम बुलाया गया जैसे ही प्रधानाध्यापक ग्रामीणों के साथ मीडिया कर्मियों की उपस्थिति को देखे अपनी उद्दंडता का परिचय देते हुए विद्यालय परिसर से बाहर जाने को कहते हुए यह कहने लगे की आप सब किसके आदेश से विद्यालय परिसर के अंदर प्रवेश किए हैं। हमको प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा मौखिक आदेश दिया गया है कि विद्यालय परिसर में किसी भी मीडिया कर्मी या ग्रामीणों का प्रवेश वर्जित है। वही विद्यालय के छात्रों द्वारा बताया गया कि विद्यालय में शौचालय की व्यवस्था सुचारू नहीं है, मध्यान भोजन भी मैन्यू के हिसाब से नहीं मिलता है, मध्यान भोजन के साथ मिलने वाले फलाहार भी आज शनिवार को नहीं दिया गया है। वही शिक्षक भी प्रतिकूल मात्रा में उपस्थित नहीं हैं। प्रधान शिक्षक द्वारा विद्यालय में मीडिया प्रवेश को वर्जित करने की आदेश को लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरविंद कुमार भारती से हुई बातचीत में उनके द्वारा स्पष्ट रूप से बताया गया कि मेरे द्वारा ऐसा कोई आदेश नहीं दिया गया है। अगर उक्त शिक्षक द्वारा ऐसा कहा जा रहा है तो इस आड़ में शिक्षक द्वारा अपनी विद्यालय की खामियों को छुपाने का काम किया जा रहा है। उक्त शिक्षक द्वारा यदि ऐसा किया गया है तो उसकी जांच कर उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# गौनाहा के कस्तूरबा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय भितिहरवा में मनाई गई राजेंद्र प्रसाद की जयंती



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त कस्तूरबा कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय भितिहरवा में प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। मौके पर उपस्थित शिक्षक व छात्राओं ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती पर याद किया गया। मौके पर उपस्थित प्राचार्य दीपेंद्र बाजपेयी ने संबोधित करते हुए कहा है कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जीवन हमेशा सादगी और जनता के प्रति सार्थक सोच को लेकर समर्पित रहा। उन्होने अपने जीवन में श्रेष्ठ भारतीय मूल्यों और परंपरा को कायम रखा। आज भी उनका जीवन राष्ट्र को प्रेरणा देता है और देता रहेगा। वही मौके पर शिक्षक अखिलेश शर्मा ने संबोधित करते हुए बताया कि डॉ राजेंद्र प्रसाद का भारत के संविधान निर्माण में अहम योगदान था। सभी युवाओं को उनके विचारों को अपनाना चाहिए और देश के लिए उनके द्वारा किए गए यह कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वही मौके पर सुदिष्ट कुमार, जितेंद्र यादव, जेके पटवारी, विवेक श्रीवास्तव, आशीष यादव, हरेश काजी, सुजीत कुमार, गोविंद कुमार, रोहित कुमार, पूजा जयसवाल, आरती कुमारी, सुंदरम कुमारी आदि उपस्थित थे।

# कार्यपालक अभियंता के आवास से निगरानी ब्यूरो ने एक करोड़ से अधिक नकद जब्त किये

पटना, एजेंसी। राज्य में भ्रष्ट सरकारी सेवकों पर निगरानी विभाग की कार्रवाई लगातार हो रही है। अब निगरानी विभीग के छापे के दौरान एक ऐसे ही धनकुबेर अधिकारी पर कार्रवाई हुई। पटना सेंट्रल डिवीजन के कार्यपालक अभियंता संजीत कुमार के आवास से निगरानी ब्यूरो ने एक करोड़ रुपये से अधिक नकद जब्त किये हैं 2.5 करोड़ की अचल संपत्ति और 28 लाख के गहने भी मिले हैं।

निगरानी की टीम ने बैंकों से रुपये गिनने की मशीन के लिए संपर्क किया। गिरफ्तार कार्यपालक अभियंता के आवास से रुपये भरे 2 बड़े बैग मिले हैं जिसमें 2 हजार और 5 सौ के नोट ठूंस कर रखे गये थे। दरअसल दानापुर के एक ठेकेदार को 16 लाख रुपये के भुगतान के एवज में 2 लाख रुपये नकद रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार संजीत कुमार के आवास पर जब निगरानी टीम पहुंची तो गर्दनीबाग स्थित हरेंद्र विला के बेसमेंट में कार्यपालक अभियंता ने अपना आलीशान कार्यालय बनाया हुआ था।

यह निगरानी टीम अन्वेषण ब्यूरो में शिकायत मिलने के बाद उनके आवासीय अपार्टमेंट स्थित कार्यालय के पास पहुंच गए और फिर घूस की रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद जब उनके अपार्टमेंट के फ्लैट में निगरानी की टीम पहुंची तब आवास पर नकदी देख हैरान रह गयी।

पटना के आवास से 2 बड़े बैग भी निगरानी की टीम ने जब्त किये हैं जो रुपये से भरे थे। निगरानी के अधिकारियों ने बताया कि देर रात पटना स्थित आवास पर जब्त संपत्ति का आकलन शुरू हो पाया। इंजीनियर ने गर्दनीबाग स्थित अपनेघर की सजावट पर भी लाखों खर्च किए थे। निगरानी ब्यूरो ने कार्यपालक अभियंता संजीत कुमार को गर्दनीबाग स्थित हरेंद्र विला आवास से रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। दरअसल कार्यपालक अभियंता के खिलाफ दानापुर के ठेकेदार अवधेश गोप द्वारा निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में एक दिसंबर को शिकायत दर्ज करायी थी। इसी शिकायत के बाद इसका सत्यापन कराया गया था।

आरोपों के सही पाये जाने पर केस दर्ज कर डीएसपी पवन कुमार के नेतृत्व में एक धावा दल का गठन किया गया। धावा दल ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त संजीत कुमार को 2 लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में पटना स्थित आवास से भारी मात्रा में नकद राशि एवं स्वणाभूषण आदि बरामद किये गये। निगरानी विभाग का कहना है कि अभियंता का घर भी भव्य है। इसके निर्माण और सजावट पर भी लाखों खर्च किए गए होंगे।

# भितहा प्रखंड स्तरीय दलीय खेल आयोजन हेतु कोर कमेटी के गठन हेतु हुआ बैठक

## बीडीओ पन्नलाल साह के अध्यक्षता मे बैठक हुआ सम्पन्न




» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। भितहा मुख्यालय सभागर में प्रधान शिक्षकों के साथ बैठक करते बीडीओ और बीईओ ने जिला खेल पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण के पत्रांक 237 के आलोक मे 6 दिसम्बर 2022 को होंने वाले प्रखंड स्तरीय खेल आयोजन हेतु कोर कमेटी के गठन को लेकर प्रखंड मुख्यालय मे शनिवार को बीडीओ पन्नालाल के अध्यक्षता मे और बीइओ कृष्णनंदन राय के उपस्थिति मे बैठक कि गयी। जिसमे प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शारिरिक शिक्षक सहीत प्रधान शिक्षक, प्रभारी प्रधान शिक्षक, और शारिरिक शिक्षको ने अपने अपने विचार रखे। जिसमे 6 दिसम्बर को रूपही खेल के मैदान मे होने वाले प्रखंड स्तरीय खेल को सम्पन्न कराने हेतु सभी लोगो को जिम्मेदारी सौपी गयी। जिससे होने वाले इस आयोजन को सफलता पुर्वक सम्पन्न कराया जा सके। जिसमे भाग लेने वाले प्रतिभागियो को किसी तरह का समस्या न हो।

बीडीओ ने उपस्थित सभी लोगो से अपील करते हुए कहा कि जिनकी जो भी जिम्मेदारी सौपी जा रही है उसका अनुपालन करना हम सबका दायित्व है ताकि सरकार द्वारा होने वाले इस तरह के आयोजन को सफल बनाया जा सके। वही वीडियो ने कहा कि प्रतिभागियों की अधिक संख्या होने से बगल के यूएस विद्यालय में कबड्डी का खेल खलाए जाएंगे। बैठक मे भितहा थाना के एएसआई रामेश्वर भंडारी प्रधानाचार्य सह डीडीओ बलिराम बैठा,प्रधानाचार्य अश्विनी सहाय,शाह मुहम्मद अंसारी, मुन्ना कुमार, अशोक कुमार,सहीत सभी शारिरीक शिक्षक उपस्थित रहे।

# संत जेवियर के पुण्य तिथि पर हाई स्कूल रमपुरवा में बाल विज्ञान कला दिवस का किया गया आयोजन




- प्रमुख उप प्रमुख विद्यालय प्राचार्य द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया संस्कृति कार्यक्रम शुभारंभ

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। गौनाहा प्रखण्ड शनिवार को संत जेवियर्स हाई स्कूल रमपुरवा के प्रांगण में बाल विज्ञान कला दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख जयप्रकाश पसवान उप प्रमुख राजेश गढ़वाल विद्यालय के उप सचिव फादर आनंद व विद्यालय के प्राचार्य देवाशिश द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वही इस मौके पर छात्र छात्राओं ने संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। तथा विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए विभिन्न तरह के बाल कलाकृतियों का प्रदर्शनी लगाया गया जो अपने आप में एक अद्भुत कलाकृति था। वही छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक प्रोग्राम व कला प्रदर्शनी ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि यह बच्चे देखने में गांव घर के छोटे बच्चे हैं लेकिन इनके द्वारा बनाए गए कलाकृतियों को देखकर ऐसा लगता है यही बच्चे आगे चलकर डॉक्टर अब्दुल कलाम आजाद, व न्यूटन बनेंगे तथा देश का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के प्राचार्य देवाशीष ने कहा कि संत जेवियर्स के लगभग 470 साल पूर्व मृत्यु के उपरांत शिक्षा के जगाए गए अलख से संसार में शिक्षा की दीप प्रज्वलित हो रही है। उनका कहना था कि अपने कार्य के प्रति प्रेम करना , जो भी कार्य हो अपना कार्य को ईश्वर का कार्य समझ कर करते रहें। जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा।

# भाजपा का आरोप नीतीश जी कुर्सी के पुराने कलाबाज आदमी

पटना, एजेंसी। बिहार के कुढनी में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सभा में बवाल हो गया। सीटीईटी और बीटीईटी के अभ्यर्थियों ने जबरदस्त तरीके से मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। हालांकि जदयू कार्यकताओं ने अभ्यर्थियों पर कुर्सियां चलाई जिसके बाद वे वहां से चले गए। यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस लेकर भाजपा ने जबरदस्त तरीके से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल ने सवाल पूछा है कि रोजगार के नाम पर इंतजार का मजा कब तक लेगा युवा? उन्होंने वीडियो को साझा कर ट्वीट किया। अपने ट्वीट में जायसवाल ने लिखा कि नीतीश जी कुर्सी के पुराने कलाबाज आदमी हैं। कुर्सी से ही बिहार को घायल करते हैं।

जायसवाल ने लिखा कि आज पता चला है कि कुढ़नी में शिक्षक अभ्यार्थियों को कुर्सी से पिटवाएं है। अब कुर्सी को कुछ दिन हथियार बनाकर सरकार चलाएंगे। वहीं बिहार भाजपा ने टवीट कर लिखा कि कुर्सी कुमार के कार्यकताओं ने शिक्षक अभ्यार्थियों पर किया कुर्सी से वार। रोजगार मांगने पर कबतक पिटाता रहेगा बिहार का युवा बताओं ऐ ठगबंधन की सरकार! मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सभा में सीटीईटी और बीटीईटी के अभ्यर्थियों ने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने मुख्यमंत्री शर्म करो डूब मरो के साथ-साथ हाय हाय के भी नारे लगाए है। इस दौरान एक-दूसरे पर जमकर कुर्सियां भी चली। नारे को सुनने के बाद नीतीश कुमार के समर्थकों की ओर से अभ्यार्थियों के खिलाफ भी कुर्सियां चलाई गई और उन्हें वहां से भगा दिया गया।

कुढ़नी विधानसभा उपचुनाव को लेकर दोनों ओर से पूरी ताकत लगा रही है। संजय जायसवाल ने प्रचार में कहा कि 2015 के पहले यहाँ के विधायक थें कि पूरे राशन का ही घोटाला कर दिए। उन्हें दोबारा लाने की सोचना भी आश्चर्यजनक है।

# बिहार सरकार ने अगले साल मार्च में राज्य में होने वाली जी 20 'वार्ता समूहों की बैठकों के लिए तैयारी शुरू की

पटना, एजेंसी। बिहार सरकार ने अगले साल मार्च में राज्य में होने वाली जी 20 ह्यवार्ता समूहों की बैठकों के लिए तैयारी शुरू कर दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटकों के आकर्षण को दशार्ने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। भारत ने बृहस्पतिवार को एक वर्ष के लिए जी 20 की अध्यक्षता संभाली है। भारत पहली बार अगले साल जी 20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा और पटना सहित विभिन्न स्थानों पर 200 विभिन्न बैठकें आयोजित करेगा।

बिहार के कला एवं संस्कृति विभाग की सचिव बंदना प्रेयशी ने कहा ह्यह्यगौरवशाली अतीत और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर वाले बिहार के लिए अपनी प्रस्तुति देने का यह एक बड़ा अवसर है। राज्य ने अपने कला और शिल्प के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान हासिल की है।

उन्होंने कहा कि ये बैठकें अगले साल 6 और 7 मार्च को पटना और राज्य के कुछ अन्य स्थानों पर होंगी। प्रेयशी ने कहा ह्यह्यबिहार में वार्ता समूहों की प्रत्येक बैठक के कार्यक्रम से संबद्ध विवरण को अंतिम रूप दिया जा रहा है और हम जल्द ही भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) को प्रस्तावित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक विस्तृत सूची भेजेंगे।

उन्होंने कहा कि बैठकों के बीच राज्य के लोकप्रिय लोक संगीत और नृत्य को प्रदर्शित करने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी जिसमें लुप्त हो रही कला भी शामिल है। इस बीच भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा बिहार में संरक्षित आठ स्मारकों को जी20 ह्यलोगो के साथ प्रदर्शित करने के लिए पूरे भारत से चुने गये 100 स्मारकों में शमिल किया गया है।

# प्रॉपर्टी डीलर सह नगर परिषद चुनाव में सभापति के उम्मीदवार की गोली मारकर हत्या

बेतिया, एजेंसी। बेतिया में बेखौफ 4 नकाबपोश अपराधियों ने प्रॉपर्टी डीलर सह नगर परिषद चुनाव में सभापति के उम्मीदवार राजेश श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। यह घटना बेतिया जिले के नरकटियागंज शहर के भगवती सिनेमा रोड की है। राजेश श्रीवास्तव अपने एक सहयोगी के साथ कार्यालय में बैठे थे तभी 4 बदमाश वहां पहुंचे और आते ही नकाबपोश अपराधियों ने गोलियों की बौछार कर दी।

इस घटना में चार गोलियां राजेश श्रीवास्तव के सीने में लगीं जबकि एक गोली जिमी के पैर में लगी। गोलियों की आवाज सुनते ही बाजार में भगदड़ मच गई। जिसके बाद दोनों को नरकटियागंज अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां से चिंताजनक हाल में राजेश श्रीवास्तव और जिमी को जीएमसीएच रेफर कर दिया गया लेकिन जीएमसीएच पहुंचते ही राजेश की मौत हो गई।

इस मामले की जानकारी लेने के लिए एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा देर रात जीएमसीएच पहुंचे। वहां उन्होंने घायल का हालचाल जाना। एसपी ने कहा कि अपराधियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही सभी अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा। हालांकि इस घटना को चुनावी रंजिश और प्रॉपर्टी डीलिंग के विवाद से भी जोड़कर देखा जा रहा है जिसको लेकर पुलिस छानबीन में जुट गई है। अपराधियों ने 7 राउंड से अधिक फायरिंग की है क्योंकि पुलिस ने मौके से 7 खोखा भी बरामद किये हैं। जानकारी मिल रही है कि राजेश श्रीवास्तव भाजपा के भी सक्रिय कार्यकर्ता थे।

# बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी रही



- सेंसेक्स 415 अंक की गिरावट के साथ 62868 पर बंद
- निफ्टी 116 अंक की गिरावट के साथ 18696 पर बंद

मुंबई, एजेंसी। बीते सप्ताह एफआईआई की बिकवाली और डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी देखी गई लेकिन सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और बड़ी कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में तेजी पर विराम लगा और शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह शेयर बाजार में पांच कारोबारी दिनों में से चार दिन तेजी देखी गई और केवल एक दिन बाजार में गिरावट रही। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सोमवार को बीएसई का 30 शेयरों का सेंसेक्स सूचकांक 15.81 अंक की मामूली तेजी के साथ 62309.45 पर खुला और 211.16 अंक चढ़कर 62504.80 पर बंद हुआ। व्यापक एनएसई निफ्टी पांच अंक बढ़कर 18517.75 पर खुला और 50 अंक की बढ़त के साथ 18562.75 अंक के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार को शुरूआती कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक 172.4 अंक की तेजी के साथ 62677.20 पर खुला और 177.04 अंक की तेजी के साथ रिकॉर्ड 62681.84 पर बंद हुआ। निफ्टी 62.05 अंक बढ़कर 18624.80 पर खुला और 55.30 अंक की बढ़त के साथ अपने अब तक के उच्चतम स्तर 18618.05 पर बंद हुआ।

बुधवार को सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 183.9 अंक की बढ़त के साथ 62865.74 पर खुला और 417.81 अंक चढ़कर 63099.65 पर बंद हुआ। निफ्टी 61.5 अंक के लाभ के साथ 18679.55 अंक पर खुला और 140.30 अंक की बढ़त के साथ 18758.35 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 483.42 अंक की तेजी के साथ 63583.07 पर खुला और 184.54 अंक चढ़कर 63284.19 पर बंद हुआ। निफ्टी 129.25 अंक बढ़कर 18887.60 पर खुला और 54.15 अंक की बढ़त के साथ 18812.50 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 305.61 अंक गिरकर 62978.58 पर खुला और 415.69 अंक की गिरावट के साथ 62868.50 पर बंद हुआ। निफ्टी 79.65 अंक टूटकर 18732.85 पर खुला और 116.40 अंक की गिरावट के साथ 18696.10 पर बंद हुआ।

# एयर इंडिया की बेंगलुरु से सैन फ्रांसिस्को की सीधी उड़ान सेवा फिर से शुरू

- एयर इंडिया ने इससे पहले बेंगलुरु-सैन फ्रांसिस्को फ्लाइट का संचालन 20 मार्च 2022 को किया था

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय महानगर बेंगलुरु से अब अमेरिकी शहर सैन फ्रांसिस्को की सीधी उड़ान सेवा का लाभ मिलने लगा है। टाटा ग्रुप की कंपनी एयर इंडिया ने यह सेवा शुरू की है। कंपनी ने बेंगलुरु से सैन फ्रांसिस्को की सीधी उड़ान सेवा फिर से शुरू कर दी है। इसके साथ एयरलाइन की विभिन्न भारतीय और अमेरिकी शहरों के बीच हर सप्ताह 37 सीधी उड़ान हो गई है। एयरलाइन ने कहा कि वह बेंगलुरु से सैन फ्रांसिस्को की सीधी उड़ान फिर शुरू कर रही है। इस उड़ान का परिचालन सप्ताह में तीन दिन शुक्रवार रविवार और बुधवार को होगा। इस उड़ान सेवा के लिए एयरलाइन ने बोइंग 777-200 एलआर विमान का इस्तेमाल करने का फैसला किया है। यह फ्लाइट शुक्रवार से शुरू हो गई है। एयर इंडिया ने इससे पहले बेंगलुरु-सैन फ्रांसिस्को फ्लाइट का संचालन 20 मार्च 2022 को किया था। इधर खबर आई है कि टाटा ग्रुप ने एयर इंडिया की री-ब्रांडिंग की कवायत तेज कर दी है। री-ब्रांडिंग के लिए टाटा ने लंदन की ब्रांड एंड डिजाइन कंसल्टेंसी कंपनी फ्यूचर ब्रांड को अनुबंधित किया है। फ्यूचर ब्रांड कंपनी ने अमेरिकन एयरलाइंस और ब्रिटिश लक्जरी ऑटोमोबाइल ब्रांड बेंटले की रीब्रांडिंग की थी। फ्यूचर ब्रांड ने ही साल 2012 में लंदन ओलंपिक की ब्रांडिंग पर काम किया था।

टाटा ग्रुप एयर इंडिया को नये सिरे से संवारने पर भी काम कर रही है। इसमें नए पायलटों की भर्ती नए केबिन क्रू की भर्ती अन्य कर्मचरियों की भर्ती तो चल ही रही है। इसी कड़ी में टाटा ने फ्यूचर ब्रांड के साथ अनुबंध किया है। यानी अब फ्यूचर ब्रांड कंपनी एयर इंडिया की पहचान को नए सिरे से संवारने को लेकर नई स्ट्रेटजी बनाएगी। दरअसल टाटा समूह का मकसद है बदलते वक्त के साथ एयर इंडिया को लोगों की पसंदीदा एयरलाइंस बनाया जा सके। एयर इंडिया की शुरूआत महाराजा के नाम से हुई थी। लेकिन ये लोगो अब काफी पुराना हो गया है। तभी तो एयर इंडिया अभी नए डेस्टिनेशन लॉन्च के अपने कामर्शियल्स में महाराजा लोगो का इस्तेमाल भी नहीं कर रही है। ऐसे में यह बात भी सामने आ रही है कि एयर इंडिया की रीब्रांडिंग में महाराजा के लोगो को हटा दिया जाएगा। हालांकि अभी इस पर अंतिम फैसला नहीं लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### टाटा टेलीसर्विसेज के शेयर ने निवेशकों को बना दिया मालामाल!

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार में लिस्टेड कुछ कंपनियां अपने निवेशकों को शानदार रिटर्न दे रही है। इसी सूची में टाटा टेलीसर्विसेज महाराष्ट्र लिमिटेड का शेयर भी शामिल है। भले ही यह जनवरी 2022 में अपना सार्वकालिक उच्च स्तर छूने के बाद बिकवाली के दबाव में है लेकिन लंबी अवधि के निवेशकों को इस शेयर ने मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। सिर्फ 3 साल की अवधि में यह शेयर 2.50 रुपए से 100 रुपए तक पहुंच चुका है और अपने निवेशकों को 3900 फीसदी का रिटर्न दिया है। गौरतलब है कि टाटा ग्रुप के इस स्टॉक ने इस साल जनवरी में 291 रुपए का अपना सार्वकालिक उच्च स्तर छूआ था। बीते नौ महीने में शेयर में गिरावट के बावजूद इसने अपने लंबी अवधि के निवेशकों को बंपर रिटर्न दिया है। पिछले छह महीने में टाटा ग्रुप का यह स्टॉक 122 रुपए से गिरकर 100 रुपएपर पहुंच गया है। इस अवधि में यह शेयर लगभग 20 फीसदी टूट चुका है। वहीं 2022 में तो इस साल अभी तक यह स्टॉक लगभग 50 फीसदी टूट चुका है और 215 रुपए से गिरकर 100 रुपए पर आ गया है। बीते एक साल में यह शेयर 20 फीसदी टूट चुका है। दो साल में टाटा ग्रुप का यह शेयर 7.55 रुपए से बढ़कर 100 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। इस तरह दो साल में इस शेयर ने 1200 फीसदी का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। वहीं तीन साल की अवधि में इस मल्टीबैगर स्टॉक ने 2.50 रुपए से 100 रुपए तक का सफर तय किया है। इस तरह कंपनी के इस शेयर ने तीन साल में 3900 फीसदी का शानदार रिटर्न दिया है।

### रूसी कच्चा तेल होगा सस्ता! यूरोपीय संघ के बाद जी7 ने तय की कीमत

वाशिंगटन, एजेंसी। रूस के सीमित संसाधनों पर अधिक सख्ती बरतने की नीति के तहत अमीर लोकतंत्रों के जी-7 समूह और ऑस्ट्रेलिया ने रूसी तेल की कीमत को 60 डॉलर प्रति बैरल तय करने का फैसला किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रूसी तेल को 60 डॉलर प्रति बैरल पर रोकने के बाद जी7 समूह ने अपने संयुक्त बयान में कहा कि समुद्र से आने वाले रूसी मूल के कच्चे तेल की प्रति बैरल कीमत 5 दिसंबर या इसके तुरंत बाद लागू हो जाएगी। जी-7 रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध से लाभ उठाने से रोकने वैश्विक ऊर्जा बाजारों में स्थिरता का समर्थन करने और युद्ध के नकारात्मक आर्थिक प्रभावों को कम करने के अपने संकल्प को पूरा कर रहा है। इस प्राइस कैप का उद्देश्य तेल की बिक्री से रूस की आय को कम करना है जबकि रूसी कच्चे तेल पर जी 7 और यूरोपीय संघों के प्रतिबंध के बाद वैश्विक तेल की कीमतों में वृद्धि को रोकना भी एक कारण है। करीब 67 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहे रूसी यूरल क्रूड ऑयल के लिए 60 डॉलर की प्राइस कैप लगाने से रूसी अर्थव्यवस्था को खासा आर्थिक नुकसान पहुंचने की संभावना है। हालांकि इससे रूस से तेल खरीद रहे कई देशों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि भारत ने नवंबर में कुल यूरल क्रूड ऑयल निर्यात मात्रा का लगभग 40 फीसदी रूस से खरीदा था। सस्ते दामों पर मिल रहे रूसी तेल से भारत जैसी अर्थव्यस्थाओं को काफी मदद मिल रही है।

### एनएमडीसी का लौह अयस्क उत्पादन बढ़कर 36.1 लाख टन

हैदराबाद, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की एनएमडीसी लिमिटेड का लौह अयस्क उत्पादन नवंबर महीने में आठ प्रतिशत बढ़कर 36.1 लाख टन रहा। वहीं बिक्री 5.5 प्रतिशत बढ़कर 30.4 लाख टन रही। एनएमडीसी ने कहा कि कंपनी के इतिहास में इस साल सितंबर अक्टूबर नवंबर में उसका उत्पादन अबतक का सबसे बेहतर रहा है। इस बारे में कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक सुमित देब ने कहा कि इस्पात की मांग में वृद्धि के साथ एनएमडीसी उत्पादन बढ़ाने और लौह अयस्क की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के रास्ते पर है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों में हमारा प्रदर्शन शानदार रहा है। यह एनएमडीसी की नये मानक स्थापित कर एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता को बताता है।

### एलआईसी ने अपने ग्राहकों के लिए व्हाट्सएप सेवा पेश की

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अपने ग्राहकों के लिए व्हाट्सएप सेवा पेश की है। एलआईसी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एम.आर. कुमार ने व्हाट्सएप के माध्यम से पॉलिसीधारकों के लिए कंपनी की कुछ सेवाओं की शुरूआत की है। इस सुविधा के माध्यम से एलआईसी के पॉलिसी धारक कुछ खास सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। हालांकि यह सुविधा उन पॉलिसीधारकों को मिलेगी जिन्होंने एलआईसी पोर्टल पर अपनी पॉलिसी रजिस्टर्ड की है वे ग्राहक मोबाइल नंबर 8976862090 पर हैलो लिखकर घर बैठे पॉलिसी सेवाओं से जुड़ी जानकारी हासिल कर सकते हैं। एलआईसी ने कहा है कि जिन पॉलिसीधारकों ने एलआईसी पोर्टल पर अपनी नीतियों को पंजीकृत किया है वे व्हाट्सएप पर इन सेवाओं का उपयोग करने में सक्षम हैं। अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से पॉलिसीधारकों को मोबाइल नंबर 8976862090 पर ह्यहायद्ब लिखना चाहिए। निम्नलिखित स्क्रीन पॉलिसीधारकों को उपरोक्त सेवाओं तक पहुँचने में सहायता करेगी जिसमें से वे किसी एक विकल्प का चयन करके वांछित सेवा चुन सकते हैं।

# सर्दी में हल्की गर्मी से गेहूं की फसल को खतरा!

## पैदावार पर पड़ा असर तो महंगा होगा अनाज



नई दिल्ली, एजेंसी। सर्दी के मौसम में हल्की गर्मी रहने से इस साल गेहूं की पैदावार प्रभावित हो सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अपने दिसंबर-फरवरी के पूवार्नुमान में कहा कि इस सर्दी में कुछ गर्माहट रहने की उम्मीद है। हालांकि इससे उत्तर भारत की कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिल सकती है लेकिन अगर तापमान में असामान्य और असामान्य वृद्धि हुई तो रबी की खड़ी फसलों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। दरअसल बुआई के बाद शुरूआती चरणों के दौरान गेहूं उच्च तापमान के प्रति संवेदनशील होता है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रह सकता है। इन सर्दियों के महीनों में दक्षिणी प्रायद्वीपीय और मध्य भारत में न्यूनतम और अधिकतम दोनों सामान्य से नीचे रहेंगे। आईएमडी के मुताबिक कम बादल छाए रहने और औसत से कम बारिश के होने से तापमान सामान्य से ऊपर रहेगा। इससे दिन का तापमान अधिक रहेगा। उत्तर भारत की खड़ी रबी फसलों जैसे गेहूं और सरसों पर हल्की गर्म सर्दियों के प्रभाव पर कहा कि प्रभाव फसल की अवस्था पर निर्भर करेगा और अभी इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। पिछले साल कटनी से कुछ हफ्ते पहले गर्मी में अचानक वृद्धि के कारण भारत के गेहूं के उत्पादन में भारी गिरावट आई थी। एक अध्ययन में पाया गया है कि बढ़ती गर्मी और पानी की कमी के चलते गेहूं की पैदावार में काफी कमी दर्ज की गई है। इन राज्यों में प्रमुख रूप से पंजाब हरियाणा उत्तर प्रदेश और बिहार शामिल रहे हैं।

# एनपीसीआई ने दो साल बढ़ाई यूपीआई मार्केट कैप की समयसीमा

## थर्ड पार्टी ऐप प्रोवाइडर्स गूगल पे और फोनपे जैसी कंपनियों को मिली राहत




नई दिल्ली, एजेंसी। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) प्लेयर्स के लिए 30 फीसदी के मार्केट कैप का पालन करने की समय सीमा 2 साल बढ़ाकर 31 दिसंबर 2024 कर दी है। इससे थर्ड पार्टी ऐप प्रोवाइडर्स गूगल पे और फोनपे जैसी कंपनियों को राहत मिल गई है। एनपीसीआई ने पहली बार नवंबर 2022 में एकाधिकार के जोखिम से बचने को थर्ड पार्टी ऐप प्रोवाइडर्स द्वारा चलाई जाने वाली यूपीआई पेमेंट्स सर्विस के लिए 30 फीसदी ट्रांजैक्शन की लिमिट तय करने का प्रस्ताव दिया था। इस समय ट्रांजैक्शन की कोई लिमिट नहीं है। वर्तमान मं तीन कंपनियों गूगल पे पेटीएम और फोनपे का मार्केट शेयर बढ़कर लगभग 96 फीसदी हो गया है। यह कुल मासिक यूपीआई वॉल्यूम का हिस्सा है। एनपीसीआई ने कहा कि यूपीआई के वर्तमान में इस्तेमाल भविष्य में इसकी ग्रोथ की संभावनाएं और दूसरे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए हमने थर्ड पार्टी ऐप प्रोवाइडर्स के लिए मार्केट वॉल्यूम कैप का पालन करने की समय सीमा 31 दिसंबर 2024 तक के लिए बढ़ा दी है। यूपीआई ऐप से जुड़े सबसे ताजा आंकड़ों के मुकाबिक अक्टूबर में करीब 47 फीसदी यूपीआई ट्रांजैक्शन फोनपे से हुए थे। वहीं गूगल पे से लगभग 34 फीसदी यूपीआई ट्रांजेक्शन देखे गए थे जबकि पेटीएम की हिस्सेदारी 15 फीसदी थी। यूपीआई मार्केट में अमेजन पे वॉट्सऐप पे सहित और भी कई ऐप हैं लेकिन इनका मार्केट शेयर बहुत कम है।

गौरतलब है कि यूपीआई एक रियल टाइम पेमेंट सिस्टम है जो मोबाइल ऐप के माध्यम से बैंक अकाउंट में पैसे तुरंत ट्रांसफर कर सकता है। यूपीआई के माध्यम से आप एक बैंक अकाउंट को कई यूपीआई ऐप से लिंक कर सकते हैं। वहीं अनेक बैंक अकाउंट को एक यूपीआई ऐप के जरिए संचालित कर सकते हैं। खास बात है कि यूपीआई आपको स्कैनर मोबाइल नंबर यूपीआई आईडी इन में से सिर्फ एक जानकारी होने पर भी पैसे ट्रांसफर की सुविधा देता है। हाल ही में रूपे क्रेडिट कार्ड ऑन यूपीआई सुविधा की शुरू हुई है। अब आप पड़ोस के किराना स्टोर पर यूपीआई क्यूआर कोड को स्कैन कर क्रेडिट कार्ड से भी पेमेंट कर सकेंगे। हालांकि रूपे क्रेडिट कार्ड के जरिए आप केवल मर्चेंट यूपीआई क्यूआर कोड को पेमेंट कर सकते हैं। फिलहाल आप भीम ऐप पर कुछ बैंकों के रूपे क्रेडिट कार्ड को लिंक कर सकते हैं।

# यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक एफडी पर दे रहा नौ फीसदी ब्याज

## वरिष्ठ नागरिक 181 और 501 दिनों के लिए करें निवेश



नई दिल्ली, एजेंसी। यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक वरिष्ठ नागरिकों के लिए 181 और 501 दिनों के फिक्स्ड डिपॉजिट पर सालाना 9 फीसदी की ब्याज दर पेश कर रहा है। रिटेल निवेशकों को इस अवधि के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट पर 8.50 फीसदी की दर ब्याज मिलेगा। फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश करने वालों के लिए शानदार मौका है नवंबर के महीने में इस बैंक ने दो बार अपनी ब्याज दरों में इजाफा किया था। इसके अलावा यूनिटी बैंक ने कॉलेबल और नॉन कॉलेबल बल्क डिपॉजिट (2 करोड़ रुपए से अधिक) पर भी शानदार ब्याज दर ऑफर कर रहा है। नॉन-कॉलेबल बल्क डिपॉजिट की अधिकतम ब्याज दर 8.10 फीसदी प्रति वर्ष है जबकि कॉलबेल बल्क डिपॉजिट में प्रति वर्ष 8 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। नॉन-कॉलेबल डिपॉजिट वे होते हैं जिनमें समय से पहले निकासी का कोई विकल्प नहीं होता है। यूनिटी बैंक 7-14 दिनों में मैच्योर होने वाले फिक्स्ड डिपॉजिट पर 4.50 फीसदी की दर से ब्याज ऑफर कर रहा है। 15-45 दिनों में मैच्योर होने वाले फिक्स्ड डिपॉजिट पर 4.75 फीसदी की ब्याज दर पेश कर रहा है।

अगर कोई 46 से 60 दिनों में मैच्योर होने वाली एफडी में निवेश करता है तो उसे 5.25 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। 61 से 90 दिनों में मैच्योर होने वाली एफडी पर 5.50 फीसदी की ब्याज दर और 91 से 180 दिनों में मैच्योर होने वाली एफडी पर बैंक 5.75 फीसदी की दर से ब्याज दर ऑफर कर रहा है। 181 दिनों में मैच्योर होने वाली एफडी पर 8.50 फीसदी की दर से और 182 दिनों से 364 दिनों में मैच्योर होने वाली एफडी पर 6.75 फीसदी की दर से ब्याज ऑफर कर रहा है। यूनिटी बैंक एक शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक है। सेंट्रम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ज्वाइंट इन्वेस्टर के तौर पर रिसाइलिएंट इनोवेशंस प्राइवेट के साथ इसके प्रमोटर हैं।

# भारत में दिसंबर में लॉन्च होंगी ये एसयूवी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय बाजार में बढ़ती मांग को देखते हुए कार निमार्ता कंपनियां इस महीने के अंत तक एसयूवी सेगमेंट की कई गाड़ियों को लॉन्च करने की तैयारी में है। दिसंबर महीने के अंत तक लॉन्च की जा सकती है।टोयोटा भारत में अपनी हायराइडर एसयूवी का सीएनजी वैरिएंट लॉन्च करने की तैयारी में है।

हायरायडेर सीएनजी को दो ट्रिम्स - एस और जी - में पेश किया जा सकता है। इसमें 15-लीटर के15सी फोर-सिलेंडर इंजन लगाया जा सकता है जो 26.10 किमी/किग्रा का माइलेज दे सकती है। ये इंजन पेट्रोल मोड में 103एचपी और 136एनएम और सीएनजी मोड में 88एचपी और 121.5 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। टोयोटा के मुताबिक ये गाड़ी 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के साथ लॉन्च की जा सकती है।जीएलबी भारत में दूसरी 7-सीटर मर्सिडीज होगी। जीएलबी में डुअल 10.25 इंफोटेनमेंट लेआउट पैनोरमिक सनरूफ स्लाइडिंग सीटें और वॉयस कमांड जैसी सुविधाएं दी जा सकती है। भारत में जीएलबी तीन वेरिएंट्स में आएगी।

एंट्री-लेवल जीएलबी 200 मिड-स्पेक जीएलबी 220डी और टॉप-ऑफ-द-लाइन जीएलबी 220डी 4मेटिक के साख ये लॉन्च की जा सकती है। जीएलबी 200 पेट्रोल 163 एचपी में 1.3-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन दिया जा सकता है। यह इंजन 8-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के लिए उपयोग होता है। लग्जरी ब्रांड सात-सीटर ईक्यूबी इलेक्ट्रिक एसयूवी को पेश करने की भी तैयारी कर रहा है। दुनिया में ईक्यूबी को एक 228एचपी 390एनएम डुअल-मोटर 300 4मेटिक और 292एचपी 520एनएम डुअल-मोटर 350 4मेटिक गायजके साथ पेश किया गया है। भारत में यह 300 4 मेटिक गायस के साथ लॉन्च किया जा सकता है। बीएमडब्ल्यू एक्सएम प्लग-इन हाइब्रिड वी8 पावरट्रेन वाला पहला एम मॉडल है। यह 653 एचपी और एनएम एनएम का कुल पावर जनरेट करता है। बीएमडब्ल्यू ने इसके इंजन को 8-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स से जोड़ा है। लक्जरी एसयूवी को 80केएम तक की रेंज के साथ प्योर ईवी मोड में भी चलाया जा सकता है। दावा किया जा रहा है एक्स एम आकार के मामले में काफी हद तक एक्स7 के समान है। इसमें इल्यूमिनेटेड ग्रिल स्प्लिट हेडलैंप सेट-अप और रियर में वर्टिकल स्टैक्ड एग्जॉस्ट आउटलेट्स की सुविधाएं मौजूद हैं।एक्स7 लक्जरी एसयूवी में अब पूरी तरह से नया रूप दिया गया है। इसमें नए स्प्लिट हेडलैम्प डिजाइन दिए गए हैं।

घुमावदार इंफोटेनमेंट स्क्रीन की शुरूआत के साथ इंटीरियर में एक बड़ा अपडेट भी देखा गया है। जिसमें 12.3 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और 14.9 इंच का टचस्क्रीन नवीनतम आईड्राइव 8 सॉफ्टवेयर चल रहा है जो पहले आईएक्स और आई4 पर देखा गया था।।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 550 अरब डॉलर हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 25 नवंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान लगातार तीसरे हफ्ते बढ़त में रहा। सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 550.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार 18 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर बढ़कर 547.25 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। अगस्त 2021 के बाद देश के विदेशी मुद्रा भंडार में इस सप्ताह सबसे तेज वृद्धि हुई है। गौरतलब है कि अक्टूबर 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। हालांकि इसके बाद वैश्विक घटनाक्रमों के कारण कच्चे तेल की बढ़ी हुई कीमतों आयात महंगा होने व रुपए के मूल्य में कमजोरी से विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से नीचे की ओर लुढ़का था। आरबीआई ने इसके बाद रुपए में गिरावट को थामने के लिए हस्तक्षेप किया और साथ ही कच्चे तेल के दाम भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी नीचे आ गए। इससे फॉरेक्स रिजर्व को अब कुछ राहत मिलती दिख रही है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि कुल मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली फॉरन करेंसी एसेट (एफसीए) 25 नवंबर को समाप्त सप्ताह में तीन अरब डॉलर बढ़कर 484.28 अरब डॉलर हो गई। इसके अलावा गोल्ड रिजर्व का मूल्य समीक्षाधीन सप्ताह में 7.3 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 39.938 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार एसडीआर 2.5 करोड़ डॉलर घटकर 17.88 अरब डॉलर रह गया।

# वैश्विक बाजार में कच्चा तेल सस्ता

- देश के कई राज्यों में बदले पेट्रोल और डीजल के दाम




नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हल्की गिरावट देखने को मिल रही है। ब्रेंट क्रूड 1.3 डॉलर सस्ता होकर 85.57 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं डब्ल्यूटीआई की कीमत में 1.24 डॉलर की गिरावट है और ये 85.05 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। इधर सरकारी तेल कंपनियों ने देश के कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमत में बदलाव कर दिया है। राजस्थान में पेट्रोल 0.31 रुपए महंगा होकर 108.69 रुपए प्रति लीटर और डीजल 029 रुपए बढ़कर 93.92 रुपए पर पहुंच गया है। पश्चिम बंगाल में पेट्रोल 0.44 रुपए सस्ता होकर 106.82 रुपए पर बिक रहा है। वहीं डीजल 0.41 रुपए गिरकर 93.49 रुपए प्रति लीटर पर आ गया है। देश के 4 महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर नोएडा में पेट्रोल 97 रुपए और डीजल 90.14 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपए और डीजल 89.76 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपए और डीजल 94.04 रुपए प्रति लीटर है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपए और डीजल 79.74 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# कम निकला कार का माइलेज तो कोर्ट ने मालिक को मुआवजा देने के दिए आदेश

## माइलेज 32 किमी प्रति लीटर के प्रस्तावित आंकड़े से 40 फीसदी कम था



तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। केरल में एक कार कंपनी द्वारा विज्ञापन में किए गए माइलेज के दावे को एक उपभोक्ता ने भ्रामक बताकर कोर्ट पहुंचा। इस मामले में केरल की एक उपभोक्ता अदालत ने निमार्ता और डीलर को कार मालिक को 3 लाख रुपए का मुआवजा दिए जाने का आदेश दिया। कार मालिक ने शिकायत की थी कि कार विज्ञापन के अनुसार माइलेज नहीं दे रही है। कोर्ट ने पाया कि वास्तविक माइलेज 32 किमी प्रति लीटर के प्रस्तावित आंकड़े से 40 फीसदी कम था। उसकी कार 2014 मॉडल फोर्ड क्लासिक डीजल थी। जानकारी के मुताबिक त्रिशूर में उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम ने 2015 में सौदामिनी पीपी द्वारा दायर शिकायत पर आदेश पारित किया है। उन्होंने 2014 में 894876 रुपए की राशि में नई फोर्ड क्लासिक डीजल कार खरीदी थी। यह आदेश कैराली फोर्ड प्राइवेट लिमिटेड त्रिशूर कार के डीलर और निमार्ता फोर्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ पारित किया गया। शिकायतकर्ता ने डीलर और निमार्ता द्वारा किए गए 32 किलोमीटर प्रति लीटर के माइलेज के वादे पर भरोसा किया लेकिन कार का माइलेज बहुत कम था। शिकायत के बाद कंज्यूमर कोर्ट ने सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के पीएचडी धारक एसोसिएट प्रोफेसर को विशेषज्ञ आयुक्त नियुक्त किया। सभी पक्षों की उपस्थिति में रनिंग टेस्ट के दौरान कार द्वारा दिया गया वास्तविक माइलेज लगभग 19.6 किलोमीटर प्रति लीटर ही पाया गया। इस पर फोर्ड इंडिया ने दलील दी कि ब्रोशर में उल्लिखित माइलेज ऑटो कार क्रॉस कंट्री ड्राइव नामक तृतीय पक्ष एजेंसी द्वारा किए गए ट्रायल पर आधारित है। फोरम ने कहा कि एक बार मैन्युफैक्चरर द्वारा जारी किए गए ब्रोशर में इस तरह के आंकड़ों का समर्थन करने के बाद वह दायित्व से पल्ला नहीं झाड़ सकता। फोरम ने कहा कि कार का प्रत्येक संभावित खरीदार विभिन्न निमार्ताओं के विभिन्न वाहनों के विज्ञापनों ब्रोशर पत्रक आदि की तुलना करता है और इसी आधार पर वाहन की पसंद के निर्णय को प्रभावित करती हैं। अदालत ने शिकायतकर्ता को उसके वित्तीय नुकसान के लिए 1.50 लाख रुपए मानसिक पीड़ा और संकट के लिए 1.50 लाख रुपए और कानूनी खर्च के लिए 10000 रुपए शिकायत दर्ज करने की तारीख से वास्तविक भुगतान तक 9 फीसदी के ब्याज के साथ सम्मानित किया।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



मदरलैण्ड वॉइस 11
नई दिल्ली, रविवार, 04 दिसम्बर 2022


# चर्चा में 4 नाम रिकॉर्ड देखें तो ओपनर के रुप में रोहित के बेहतरीन साथी साबित होंगे शिखर धवन

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और बांग्लादेश के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज 4 दिसंबर रविवार से शुरू हो रही है। कप्तान रोहित शर्मा पिछली वनडे सीरीज में नहीं उतरे थे। ऐसे में एक बार फिर सबसे अधिक नजर ओपनिंग जोड़ी पर रहेगी। रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप के बाद फिर से मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं। भारत और बांग्लादेश के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज 4 दिसंबर रविवार से शुरू हो रही है। पहला मैच मीरपुर में खेला जाना है। रोहित वर्ल्ड कप में कुछ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके थे। टी20 वर्ल्ड कप के बाद भारतीय टीम न्यूजीलैंड में 3 मैचों की वनडे सीरीज में उतरी थी लेकिन रोहित शर्मा सहित सीनियर खिलाड़ियों को यहां आराम दिया गया था। बांग्लादेश सीरीज से सभी वापसी कर रहे हैं। ऐसे में एक बार फिर हमारी ओपनिंग जोड़ी बदली नजर आएगी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ शिखर धवन और शुभमन गिल बतौर ओपनर उतरे थे। गिल को मौजूदा सीरीज के लिए टीम में जगह नहीं मिली है। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में 0-1 से हार मिली थी। 2 मैच बारिश के चलते रद्द हो गए थे। धवन और गिल दोनों ने एक-एक अर्धशतक जड़ा था। बांग्लादेश के खिलाफ वनडे टीम की बात करें तो केएल राहुल ईशान किशन शिखर धवन और ईशान चारों ही टीम में हैं और यह रोहित के साथ इंटरनेशनल क्रिकेट में ओपनिंग भी कर चुके हैं। ऐसे में पहले वनडे में किसे मौका मिलेगा यह देखने वाली बात होगी। हालांकि रोहित का फॉर्म भी कुछ खास नहीं है।

कप्तान रोहित का बतौर ओपनर खेलना तय है। केएल राहुल की बात करें तो उन्होंने अंतिम वनडे मुकाबला अगस्त 2022 में खेला था और जिम्बाब्वे के खिलाफ 46 गेंद पर 30 रन बनाए थे। तब वे बतौर ओपनर ही उतरे थे। वे वनडे में मिडिल ऑर्डर यानी नंबर-4 और नंबर-5 पर भी खेलते रहे हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पर इस समय सबसे अधिक सवाल उठ रहे हैं। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 और वनडे दोनों सीरीज में बुरी तरह फ्लॉप रहे। वह टी20 इंटरनेशनल में ओपनिंग कर चुके हैं। हालांकि वे वनडे में अब तक बतौर ओपनर नहीं उतरे हैं। ऐसे में बांग्लादेश के खिलाफ भी उन्हें मध्यक्रम में ही मौका मिलेगा।

शिखर धवन की बात करें तो वे टीम की ओर से सिर्फ एक ही फॉर्मेट खेल रहे हैं। टेस्ट और टी20 टीम से वे बाहर हैं। वे वनडे में लगातार ओपनर के तौर पर ही खेलते रहे हैं लेकिन पिछली 8 पारियों की बात करें तो वे एक ही अर्धशतक लगा सके हैं। इसके अलावा उनका स्ट्राइक रेट भी नीचे आया है। युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन टी20 इंटरनेशनल के अलावा वनडे इंटरनेशनल में भी भारत की ओर से ओपनिंग कर चुके हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में ईशान नहीं थे और संजू सैमसन को मौका मिला था लेकिन सीनियर खिलाड़ियों की वापसी के बाद ईशान का पहला मैच में उतरना मुश्किल है।

मौजूदा खिलाड़ियों के रिकॉर्ड को देखें तो रोहित शर्मा और शिखर धवन का बांग्लादेश के खिलाफ ओपनिंग करना तय है। इनका रिकॉर्ड भी बेहतरीन है। दोनों ने अब तक 114 वनडे पारियों में बतौर ओपनर 5125 रन जोड़े हैं। 18 बार शतकीय और 15 बार अर्धशतकीय साझेदारी की है। इसमें 210 रन की बड़ी साझेदारी भी शामिल है। 36 साल के धवन के वनडे रिकॉर्ड की बात करें तो उन्होंने 164 मैच में 45 की औसत से 6775 रन बनाए हैं। 17 शतक और 39 अर्धशतक लगाया है। स्ट्राइक रेट 92 का है। वे 143 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी भी खेल चुके हैं। लिस्ट-ए क्रिकेट में वे 25 शतक और 29 अर्धशतक अब तक बना चुके हैं। 35 साल के रोहित की बात करें तो उनका वनडे का रिकॉर्ड तो और भी बेहतरीन है। वह तीन दोहरा शतक लगाने वाले दुनिया के एकमात्र बल्लेबाज हैं। उन्होंने अब तक 233 वनडे में 49 की औसत से 9376 रन बनाए हैं। 29 शतक और 45 अर्धशतक लगाए है। स्ट्राइक रेट 89 का है। वे 264 रन की विशाल पारी भी खेल चुके हैं।

# पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज की अच्छी शुरूआत

- वेस्टइंडीज ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा पहला टेस्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 598/4 डी के स्कोर के जवाब में वेस्टइंडीज ने भी अच्छी शुरूआत की है। उसके दोनों सलामी बल्लेबाजों क्रेग ब्रैथवेट और तेजनारायण चंद्रपॉल ने अर्धशतक जड़े। वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में पहला टेस्ट खेला जा रहा है।



वेस्टइंडीज की टीम को इस टेस्ट के दूसरे दिन बड़ा झटका लग गया ।तीन नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे एनक्रूमा बोनर को अपनी पारी के बीच ही मैदान से पवेलियन लौटना पड़ा ।ऐसा उनके आउट होने की वजह से नहीं बल्कि चोटिल होने के कारण हुआ ।बोनर ऑस्ट्रेलियाई पेसर कैमरुन ग्रीन की एक तेज रफ्तार बाउंसर पर चोटिल हो गए थे ।इसके बाद उन्हें मैदान से रिटायर्ड हर्ट होकर लौटना पड़ा ।वो चोटिल होने के कारण जब मैदान से लौटे तब 47 गेंद में 16 रन बनाकर खेल रहे थे ।एनक्रूमा बोनर के चोटिल होने की घटना पर्थ टेस्ट के दूसरे दिन घटी ।उस समय वेस्टइंडीज की पारी का 34वां ओवर चल रहा था ।ऑस्ट्रेलिया की तरफ से ग्रीन यह ओवर डाल रहे थे ।उन्होंने अपने इस ओवर की तीसरी गेंद शॉर्ट फेंकी जब तक बोनर गेंद की लाइन से हटते तब तक गेंद हेलमेट पर जा लगी ।वो घुटने के बल आ गए ।इसके बाद फीजियो ने आकर उनका कन्कशन टेस्ट किया जिसमें वो सामान्य नजर आए और इसके बाद उन्होंने दोबारा बल्लेबाजी शुरू कर दी।

हालांकि 4 ओवर बाद में उन्हें बल्लेबाजी करने में परेशानी होने लगी ।इसके बाद वो रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलिटन लौट गए ।उनकी जगह जर्मेन ब्लैकवुड बल्लेबाजी करने उतरे ।इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने मार्नल लैबुशेन और स्टीव स्मिथ के दोहरे शतक की मदद से पर्थ टेस्ट की पहली पारी 4 विकेट पर 598 रन पर घोषित की ।ट्रेविस हेड शतक बनाने से एक रन से चूक गए ।वो 99 रन पर क्लीन बोल्ड हुए और उनके आउट होते ही ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी घोषित कर दी।

## संक्षिप्त समाचार

### घरेलू क्रिकेट खेलें ऋषभ : राजकुमार

नई दिल्ली, एजेंसी। कोच राजकुमार शर्मा ने खराब फार्म से गुजर रहे भारतीय टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को घरेलू क्रिकेट खेलने की सलाह दी है। ऋषभ को पिछले कुछ समय में फार्म हासिल करने के लिए लगातार अवसर दिये गये पर वह विफल रहे। उनके खराब प्रदर्शन से कोच राजकुमार भी नाराज नजर आये। राजकुमार भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के कोच हैं। कोच राजकुमार ने कहा ह्यऋषभ का प्रदर्शन हाल में अच्छा नहीं रहा है पर प्रबंधन उन्हें लगातार अवसर देकर सही नहीं कर रहा। हम सब जानते हैं कि विराट ने अपनी कप्तानी के दौरान उन पर कितना भरोसा दिखाया था। इसके बाद भी उन्हें कई मौके मिलते रहे हैं। भले ही उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया हो पर वह सीमित ओवरों के खेल में विफल रहे हैं ।ह्णउन्होंने कहा ह्यजब आप फॉर्म में नहीं हो तो दोबारा घरेलू क्रिकेट खेलने में कोई बुराई नहीं है। अगर आप संघर्ष कर रहे होते हैं तो आपको मूल बातों पर काम करने की जरूरत होती है। इसके बाद जब वह फॉर्म में आ जाए तब उन्हें राष्ट्रीय टीम में वापसी करनी चाहिए ।ह्णऋषभ ने टी20 विश्व कप में भी 2 मैच खेलें हैं। उसमें वह रन नहीं बना पाये। इसके बाद न्यूजीलैंड दौरे में सभी मैच खेलें।

### विश्वकप के लिए स्टोक्स कर सकते हैं एकदिवसीय क्रिकेट में वापसी

रावलपिंडी, एजेंसी। इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर. बेन स्टोक्स अगले साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में वापसी कर सकते हैं। इंग्लैंड टीम अभी मौजूदा चैंपियन है। साल 2019 में टीम ने पहली बार एकदिवसीय विश्वकप जीता था। स्टोक्स ने जुलाई में अत्याधिक बोझ का हवाला देते हुए एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था हालांकि इसके बाद भी उसकी वापसी की संभावनाएं समाप्त नहीं हुई हैं। इंग्लैंड टीम अभी पाक दौरे पर है। स्टोक्स ने साल 2019 वर्ल्ड कप के फाइनल में इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाई थी और इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में टीम के टी20 विश्व कप जीतने के दौरान भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था। अब विश्वकप कप भारत में अक्टूबर-नवंबर 2023 में खेला जाएगा। स्टोक्स ने कहा कि विश्व कप में खेलना शानदार है। इसमें अपने देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है पर मैं अभी इसके बारे में नहीं सोच रहा। अभी मेरा ध्यान पूरी तरह से पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज पर है ।इस दिग्गज ऑलराउंडर ने माना कि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के क्रिकेट निदशक रॉब की ने भी विश्वकप के लिए उन्हें टीम में वापसी करने को कहा है। वहीं एक पूर्व कप्तान ने भी उन्हें टीम को जीत दिलाने के लिए वापसी की सलाह दी है। स्टोक्स का एकदिवसीय क्रिकेट में शानदार रिकार्ड रहा है। उन्होंने 105 मैच में 39 की औसत से 2924 रन बनाये हैं। इसमें तीन शतक और 21 अर्धशतक शामिल हैं।

### मलिक करेंगे एशिया कप तीरंदाजी में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व

नई दिल्ली, एजेंसी। तीरंदाज आकाश मलिक अगले माह 25 दिसंबर से शारजाह में होने वाले एशिया कप तीरंदाजी टूनार्मेंट में भारतीय तीरंदाजी टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। युवा ओलंपिक में रजत पदक विजेता आकाश ने हरियाणा के सोनीपत में आयोजित तीन दिवसीय ट्रायल में एशिया कप के लिए अपनी भागीदारी हासिल की। आकाश के अलावा जिन तीन अन्य खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। वे हैं महाराष्ट्र सेवा खेल नियंत्रण बोर्ड और झारखंड से हैं। आकाश ने कहा मैं ट्रायल में अपने प्रदर्शन से उत्साहि हूं। इससे मुझे कड़ी मेहनत करने और एशिया कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात है और टूनार्मेंट में मैं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास कर पदक जीतने उतरुंगा।

### कोहली और रोहित के बीच अनबन की खबरों को शास्त्री ने बताया अफवाह

नई दिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली और रोहित शर्मा टीम के अहम बल्लेबाजों में से एक हैं। दोनों ही खिलाड़ियों ने भारत के लिए अपना अहम योगदान दिया है। लेकिन एक समय ऐसा भी था जब दोनों के बीच अनबन की खबरें सामने आ रही थीं। यह तब हुआ जब कोहली ने कप्तानी से हटने का फैसला किया था। हालांकि अब इस बारे में पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने बात की है। पूर्व कोच के मुताबिक यह महज एक अफवाह थी। कोहली लंबे समय से अपनी खराब फॉर्म से जूझ रहे थे।

# बाबा इंद्रजीत संभालेंगे तमिलनाडु की कमान

चेन्नई, एजेंसी। रणजी ट्रॉफी के आगामी सत्र में बल्लेबाज बाबा इंद्रजीत तमिलनाडु की कमान संभालेंगे। वहीं बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर टीम के उपकप्तान होंगे। चयनकताओं द्वारा घोषित टीम में बल्लेबाज अफ्फान खादर स्पिनर अजीत राम और तेज गेंदबाज त्रिलोक नाग जैसे नए चेहरे शामिल है। तमिलनाडु को आक्रामक बल्लेबाज एम शाहरुख खान की कमी खलेगी जो घुटने की चोट के कारण बाहर हैं।

चोट के कारण सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी जैसे टूनार्मेंटों में टीम से बाहर रहे अनुभवी हरफनमौला विजय शंकर की टीम में वापसी हुई है ।तमिलनाडु क्रिकेट संघ के मानद सचिव आर आई पलानी ने यहां एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन और वाशिंगटन सुंदर जब चयन के लिए उपलब्ध होंगे ।तब टीम से जुड़ेंगे ।तमिलनाडु अपना पहला मैच 13 दिसंबर को हैदराबाद के खिलाफ खेलेगा ।टीम को इसके बाद आंध्र (20 दिसंबर) और दिल्ली (27 दिसंबर) का सामना करना है ।बाबा इंद्रजीत (कप्तान) आर साई किशोर (उप-कप्तान) बाबा अपराजित बी साई सुदर्शन एन जगदीसन (विकेटकीपर) ।प्रदोष रंजन पॉल एनएस चतुर्वेद अफ्फान खादर विजय शंकर आर केविन (विकेटकीपर) अजीत राम संदीप वॉरियर अश्विन क्रिस्ट एल विग्नेश त्रिलोक नाग।



शनिवार को रावलपिंडी में खेले जा रहे हैं पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन इमाम उल हक ने अपना शतक पूरा किया।

# चोट की वजह से मोहम्मद शमी हुए वनडे सीरीज बाहर

## सीरीज से पहले टीम इंडिया को लगा झटका

नई दिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी वनडे सीरीज से बाहर हो गए है। शमी चोट लगने के कारण नहीं खेल पाएंगे। शमी को यह चोट कंधे में लगी थी। वनडे सीरीज से पहले टीम इंडिया को तगडा झटका लगा है ।बीसीसीआई ने ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी है। बांग्लादेश दौरे पर भारत को तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलने हैं ।वनडे सीरीज की शुरूआत 4 दिसंबर यानी कि रविवार से ही हो रही है ।बीसीसीआई की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ट्रेनिंग के दौरान कंधे में चोट लगी थी ।शमी फिलहाल एनसीए में बीसीसीआई की मेडिकल टीम की निगरानी में हैं और वह तीन मैचों की सीरीज में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

अखिल भारतीय सीनियर चयन समिति ने उमरान मलिक को शमी की जगह चुना है ।टी20 विश्व कप 2022 के बाद शमी समेत रोहित शर्मा विराट कोहली और केएल राहुल जैसे सीनियर खिलाड़ियों को न्यूजीलैंड दौरे के लिए ब्रेक दिया गया था ।मोहम्मद शमी वनडे और टेस्ट दोनों टीमों का हिस्सा थे और जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में पेस अटैक का नेतृत्व करने के लिए तैयार थे ।लेकिन अब उनका वनडे सीरीड से बाहर होना भारत के लिए बड़ा झटका है ।अगर शमी की चोट गंभीर हुई तो वह 14 दिसंबर से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगे ।एक सूत्र ने कहा शमी का तीन वनडे मैचों से बाहर होना निश्चित रूप से एक फैक्टर है लेकिन बड़ी चिंता टेस्ट सीरीज को लेकर है जहां उन्हें जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में आक्रमण की अगुवाई करनी है। भारतीय टीम इस समय मीरपुर में है जहां शुक्रवार को भारतीय खिलाड़ियों ने खूब प्रैक्टिस की।

वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान) केएल राहुल (उप-कप्तान) शिखर धवन विराट कोहली रजत पाटीदार श्रेयस अय्यर राहुल त्रिपाठी ऋषभ पंत (विकेटकीपर) ईशान किशन (विकेटकीपर) शाहबाज अहमद अक्षर पटेल वॉशिंगटन सुंदर शार्दुल ठाकुर मोहम्मद सिराज दीपक चाहर उमरान मलिक और कुलदीप सेन। मालूम हो कि भारतीय टीम 4 दिसंबर पहला वनडे (ढाका) 11.30 बजे 7 दिसंबर दूसरा वनडे (ढाका) 11.30 बजे 10 दिसंबर तीसरा वनडे (ढाका) 11.30 बजे 14-18 दिसंबर पहला टेस्ट (चटगांव) और 22-26 दिसंबर दूसरा टेस्ट (ढाका) में खेलेगी।

# रोहित धवन को पावरप्ले में स्ट्राइक रेट बढ़ाना होगा : सबा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज सबा करीम ने कहा है कि टीम इंडिया की सलामी जोड़ी को अपने रुख में बदलाव करते हुए आक्रामक अंदाज में खेलना चाहिये। भारतीय टीम 4 दिसंबर से बांग्लादेश दौरे में एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। इस सीरीज में रोहित शर्मा और शिखर धवन की सलामी जोड़ी पारी की शुरूआत करेगी। एकदिवसीय में रोहित और धवन की सलामी जोड़ी ने अब तक 114 मैचों में 45.75 की औसत से 5125 रन बनाए हैं जिसमें 18 शतकीय साझेदारी शामिल है पर साल 2020 से दोनों ने 9 ही पारियों में बल्लेबाजी की है जिसमें 52.12 के औसत से 417 रन बनाए हैं पर पावरप्ले में इस जोड़ी का स्ट्राइक रेट कम रहे है। इस दौरान रोहित का स्ट्राइक-रेट 94.3 जबकि धवन का स्ट्राइक-रेट केवल 74.1 का रहा है। करीम ने कहा कि अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्वकप को देखते हुए रोहित और धवन को टीम को पावरप्ले में तेजी से खेलना होगा। उन्होंने कहा रोहित और धवन के बीच उनमें से एक को बड़ शॉट लगाने की जिम्मेदारी लेनी होगी। यही एकमात्र तरीका है जिससे हम पावरप्ले में कुछ अच्छे रन अच्छे सकते हैं। उनको समझना चाहिए कि 11-40 ओवरों का दूसरा पावरप्ले भी अहम है। उन्होंने साथ ही कहा यह आउटफील्ड में कुछ खाली जगहों का लाभ उठाने का भी समय है और यह तब हो सकता है जब दोनों सलामी बल्लेबाज आपसी तालमेल के साथ रन बनाते रहें। वहीं बांग्लादेश के खिलाफ टीम इंडिया की अंतिम ग्यारह को लेकर करीम ने कहा कहा शुरूआत में मुझे उम्मीद है कि केवल चाहर और ठाकुर ही खेलेंगे क्योंकि भारत को भी तीन आक्रामक गेंदबाजों की जरूरत है जो नई गेंद से बल्कि बीच के ओवरों में भी विकेट ले सकें।

# फीफा वर्ल्ड कप के बाहर हुई दुनिया की 4 बड़ी टीमें इनमें 4 बार की वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी भी शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। कतर में खेला जा रहा फीफा वर्ल्ड कप इस बार उलटफेर भरा रहा है। ग्रुप स्टेज से 4 बड़ी टीमें अपने खराब प्रदर्शन की वजह से टूनार्मेंट से बाहर हो गईं। शुक्रवार को दो बार की वर्ल्ड चैंपियन उरुग्वे की टीम शुरूआती मुकाबलों में औसत प्रदर्शन की वजह से आखिरी मैच जीतने के बाद भी नॉटआउट दौर में जगह बनाने से चूक गईं।

कतर फीफा वर्ल्ड कप में ग्रुप ए से नीदरलैड्स और सेनेगल की टीम ने अगले दौर में जगह बनाई है। मेजबान टीम इसी ग्रुप में थी जो आखिरी स्थान पर रही। ग्रुप बी से इंग्लैंड और युनाइटेड स्टेट्स की टीम प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। ग्रुप सी की बात करें तो यहां अर्जेंटीना और पोलैंड की टीम को अगले दौर में जाने का मौका मिल रहा है। ग्रुप डी से फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया की टीम आगे जाएगी।

ग्रुप ई से जापान और स्पेन की टीम ने अंतिम 16 में जगह बनाई है। जबकि 4 बार की वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी टूनार्मेंट से बाहर हो गई। ग्रुप एफ भी उलटफेर वाला रहा और बेल्जियम की टीम को हराने वाली मोरक्को के साथ क्रोएशिया ने अगले दौर में जगह बनाई। ग्रुप जी से ब्राजील और स्विट्जरलैंड नॉकआउट दौर में पहुंची। ग्रुप एच से पुर्तगाल और साउथ कोरिया ने अगले दौर में जगह बनाई जबकि दो बार की चैंपियन उरुग्वे आगे नहीं जा सकी।

टूनार्मेंट से बाहर होने वाली टीमों में सबसे पहले नाम 4 बार की विजेता जर्मनी का आता है। 1954 1974 1990 2014 में वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इस बार 3 मुकाबलों में 1 जीत 1 ड्रॉ और 1 हार के साथ 4 अंक लेकर ग्रुप में तीसरे स्थान पर रही। मौजूदा फीफा रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज बेल्जियम की टीम ने भी जर्मनी की तरह 1 जीत 1 ड्रॉ और 1 हार की वजह से बाहर हो गई।

# बांग्लादेश दौरा होगा धवन और ऋषभ के लिए अहम

ढाका, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के बांग्लादेश दौरे में खिलाड़ियों शिखर धवन और ऋषभ पंत के प्रदर्शन पर सबकी नजरें रहेंगी। इस दौरे में भारतीय टीम तीन टेस्ट और एकदिवसीय सीरीज खेलेगी। धवन और ऋषभ को अब साबित करना होगा कि वह टीम के लिए उपयोगी हैं। इन्हें अब पिछले प्रदर्शन के आधार पर टीम में नहीं रखा जा सकता। ऐसे में अगर ये खिलाड़ी इस सीरीज में अपने प्रदर्शन के अनुसार नहीं खेल पाये तो टीम प्रबंधन के लिए इन्हें बाहर करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं रहेगा। इन दोनो की ही जगह के लिए कई अन्य प्रतियोगी भी हैं। ऐसे में केवल पिछले प्रदर्शन और सीनियर होने के नाते इन्हें बार-बार अवसर नहीं दिया जा सकता। यह उन खिलाड़ियों के लिए मायूस करने वाला होगा जो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। फिर भी टीम में उनकी जगह बैकअप खिलाड़ी के तौर पर ही है।



गौरतब है कि ऋषभ गत एक साल से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। उन्हें भले ही एक्स फैक्टर खिलाड़ी माना जाता पर पिछले एक साल के अंदर उन्होंने सीमित ओवरों में कोई प्रभावशाली पारी नहीं खेली है। इसमें कोई शक नहीं कि वह प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और उनकी निडर होकर बल्लेबाजी करने की तकनीक आज के समय के अनुरुप है फिर भी उन्हें बड़ी पारियां तो खेलनी ही होंगी।

इस बल्लेबाज ने 2022 में एकदिवसी की 10 पारियों में 37.33 की औसत से 336 रन बनाए हैं। उन्होंने 1 शतक और दो अर्धशतक भी लगाए हैं। वहीं यूवा विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन और ईशान किशन उनकी जगह लेने के लिए तैयार हैं। संजू ने 2022 में 9 वनडे पारियों में 71 की औसत से 284 रन बनाए हैं. वहीं ईशान ने 6 पारियों में 207 रन बनाए हैं।

वहीं ईशान किशन ने 16 पारियों में 127 के स्ट्राइक रेट से 476 रन बनाए हैं। किशन ने 3 अर्धशतक लगाए हैं। सैमसन को इस साल 6 टी20 खेलने का ही मौका मिला है. इसमें उन्होंने 158 के स्ट्राइक रेट से 179 रन बनाए हैं। यानी वनडे और टी20 दोनों ही फॉर्मेट में भारत के पास पंत से आगे देखने के लिए दो खिलाड़ी मौजूद हैं।

धवन के नाम एकदिवसीय में सबसे अधिक रन का रिकार्ड हैं। उन्होंने 19 मैच में 670 रन बनाए हैं पर उनका स्ट्राइक रेट कम है जबकि शीर्ष क्रम के लिए उसे ज्यादा होना चाहिये। उनसे तेज शुरूआत की उम्मीद की गयी है पर उसमें वह अबतक विफल रहे हैं। उनकी जगह लेने के लिए युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल तैयार हैं। शुभमन का रिकॉर्ड भी अच्छा है। इस बल्लेबाज ने साल 2022 में एकदिवसीय में अब तक 12 पारियों में 70 की औसत और 102 बनाये हैं। उनका स्ट्राइक रेट भी 638 रन है।

# विराट कोहली का अक्स माने जाते हैं श्रेयस अय्यर इन पर बांग्लादेश वनडे सिरीज में रहेगी सबकी नजर

नई दिल्ली, एजेंसी। विराट कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप में बेहतरीन प्रदर्शन किया था और सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में सामने आए थे। हालांकि इस प्रतिस्पर्धा में टीम इंडिया का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा और सेमीफाइनल में उसे हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम 4 दिसंबर रविवार से वनडे सीरीज खेलने जा रही है।

भारत और बांग्लादेश के बीच वनडे सीरीज रविवार 4 दिसंबर से शुरू हो रही है। कोहली को न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम वनडे सीरीज में आराम दिया गया था। वे जुलाई 2022 के बाद कोई वनडे का मुकाबला खेलने जा रहे हैं। वनडे में पूर्व कप्तान का रिकॉर्ड बेहतरीन रहा है। बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में विराट कोहली के अक्स माने जा रहे श्रेयस अय्यर पर सबसे अधिक नजर रहेगी। वह वनडे की लगभग हर दूसरी पारी में 50 से अधिक रन बना रहे हैं। अगले साल भारत में ही वनडे वर्ल्ड कप होना है। ऐसे में वे टीम के लिए अहम कड़ी साबित हो सकते हैं। टीम इंडिया ने 2011 से क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट का वर्ल्ड कप नहीं जीता है।

27 साल के श्रेयस अय्यर ने वनडे करियर की 32 पारियों में 49 की औसत से 1428 रन बनाए हैं। 2 शतक और 13 अर्धशतक लगाया है। यानी 15 बार 50 से अधिक रन की पारी खेली है। नाबाद 113 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है जबकि स्ट्राइक रेट 98 का है। अय्यर की अंतिम 9 वनडे पारियों की बात करें तो उन्होंने 6 में 50 से अधिक रन बनाए हैं। इसमें एक शतक भी शामिल है। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में उन्हें 2 बार उतरने का मौका मिला। पहले मैच में उन्होंने 80 रन बनाए थे। वहीं तीसरे वनडे में भी 49 रन की पारी खेली थी।

2022 में वनडे में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की बात करें तो इस मामले में मुंबई के अय्यर तीसरे नंबर पर काबिज हैं। इस साल उन्होंने अब तक 12 पारियों में 62 के औसत से 615 रन बनाए हैं। एक शतक और 5 अर्धशतक जमाए हैं। स्ट्राइक रेट 95 का है। भारतीय बल्लेबाजों की बात करें तो 2022 में वनडे में सिर्फ 3 ही बल्लेबाज अब तक 600 रन का आंकड़ा छू सके हैं। शिखर धवन नंबर-1 पर हैं। उन्होंने 19 पारियों में 670 रन बनाए हैं। 6 अर्धशतक लगाए हैं। वहीं शुभमन गिल 12 पारियों में 638 रन बना चुके हैं। एक शतक और 4 अर्धशतक लगाया है। गिल बांग्लादेश के खिलाफ वनडे टीम में शामिल नहीं है। वहीं विराट कोहली के वनडे रिकॉर्ड को देखें तो वे अब तक 262 मैच में 58 की औसत से 12344 रन बना चुके हैं। 43 शतक और 64 अर्धशतक लगाए हैं। स्ट्राइक रेट 93 का है। 183 रन उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी है। वे वनडे क्रिकेट में 125 छक्के भी लगा चुके हैं।

# सुंदर के लिए बनानी चाहिए टीम में जगहः चोपडा

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व दिग्गज और कॉमेंटेटर आकाश चोपड़ा का कहना है कि टीम इंडिया को वाशिंगटन सुंदर के लिए टीम में जगह बनानी चाहिए।आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा ह्ववॉशिंगटन सुंदर के लिए जगह बनाएं।अगर आप उसे सही तरह से उपयोग करते तो वह चोटिल नहीं होते। आगे जाकर वह भारतीय क्रिकेट का रॉकस्टार हो सकता है।

अगर आप क्रिकेट के लिहाज से देखें तो उनके पास हर खूबी है जो एक रॉकस्टार में होती है ।जिस नंबर पर आप एक ऑलराउंडर की तलाश कर रहे हैं ।वहां पर आप सिर्फ रविंद्र जडेजा को खिला सकते हैं ।अगर आप सोच को और बढ़ाते हैं तो अक्षर पटेल या अश्विन पर आकर रुकते हो ।ह्व उन्होंने आगे कहा ह्वमेरा मानना है कि वॉशिंगटन सुंदर एक पक्का ऑलराउंडर है ।उसने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में दिखाया कि वह गेंदबाजी भी कर सकता है ।यदि परिस्थितियां ठीक हो तो वह 10 ओवर तक गेंदबाजी कर सकता हैं ।टी20 क्रिकेट में आपके लिए सुंदर नई गेंद से गेंदबाजी कर सकते हैं ।ह्व बता दें कि वॉशिंगटन सुंदर चोट के बाद वापसी कर रहे हैं ।उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में 16 गेंदों में बेहतरीन 37 रनों की पारी खेली थी।

हालांकि भारतीय टीम को 306 रन बनाने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा ।उस मुकाबले में केन विलियम्सन और टॉम लैथम ने शानदार साझेदारी की थी। मालूम हो कि भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। इस पूरी सीरीज में भारतीय ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया ।भारतीय टीम की ओर से तीसरे वनडे में वह इकलौते ऐसे खिलाड़ी थे जिन्होंने अर्धशतक जड़ा ।उन्होंने 64 गेंदों में 51 रन बनाए थे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org


# ब्राइडल आइ मेकअप

## नए जमाने की दुल्हनों के लिए



जब बात दुल्हन के मेकअप की हो तो आइ मेकअप बहुत मायने रखता है। यहां हम 6 आइ मेकअप के नायाब ट्रेंड्स पेश कर रहे हैं जो हर मॉडर्न दुल्हन की पसंद बन सकती है।

### शानदार आंखें

शादियों में सुनहरा रंग हमेशा चलन में होता है। फिर चाहे बात शादी के पोशाक की हो या फिर मेकअप की। आइ मेकअप में सुनहरे रंग के साथ अपनी पोशाक से जंचता रंग मिलाकर ख़ूबसूरत लुक तैयार कर सकती हैं। आप शिमर या मैट फ़िनिश वाले गोल्ड में से चुन सकती हैं।

### स्मोकी आइज़

नाटकीय लुक के लिए स्मोकी आइज़ से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। स्मोकी इफ़ेक्ट पाने के लिए आप ब्लैक, ब्राउन या ग्रे कलर का इस्तेमाल कर सकती हैं। इनके साथ गुलाबी, पीच, सुनहरा या सिल्वर रंग का संयोजन आज़माएं। आप सौम्य स्मज्ड स्मोकी लुक या गहरा स्मोकी लुक अपना सकती हैं।

### दोहरा रंग

आप आइशैडो में दो रंगों का इस्तेमाल कर सकती हैं। ब्रो बोन पर हल्के शेड का इस्तेमाल करें और क्रीज़ पर गहरा रंग या स्मोकी इफ़ेक्ट आज़माएं। या फिर आप एक शेड को आइलिड के भीतरी हिस्से में और दूसरे को बाहरी हिस्से में लगा सकती हैं। दोहरा लाइनर भी एक विकल्प हो सकता है।

### कई रंग एक संग

अपने आंखों को उभारने के लिए आप कई सारे ख़ूबसूरत शेड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। नीले, हरे, सुनहरे जैसे रंगों के संयोजन से मोरपंखी लुक पा सकती हैं, वहीं इसमें गुलाबी रंगत जोड़कर आप अलहदा नज़र आ सकती हैं। इसके अलावा आप एक ही रंग के कई शेड्स का इस्तेमाल कर, उसमें हल्का मेटैलिक टोन जोड़कर नाटकीय आंखें पा सकती हैं।

### विंग्ड आंखें

बॉलिवुड से प्रेरित ब्राइडल लुक पाने के लिए नाटकीय कैट आइज़ आज़माएं। आप अपनी मर्ज़ी के मुताबिक़ विंग्स की लंबाई तय कर सकती हैं। या फिर दोहरे विंग्स, खुले विंग्स जैसे विभिन्न प्रकारों के साथ प्रयोग कर सकती हैं।

### चमक-दमक

इस लुक में आइलाइनर ही असल नायक होता है। आइशैडो में गुलाबी या ऑरेंज जैसे नैसर्गिक शेड्स आज़माएं। ग्लिटर आइलाइनर से आंखों को परिभाषित करें। आप चाहें तो किसी एक रंग का इस्तेमाल कर सकती हैं या फिर दोहरे रंग का ग्लिटर लाइनर भी चलन में है।

# स्तनपान करानेवाली मांओं के लिए फायदेमंद हैं खट्टे फल



ताजे फल और सब्जियां स्तनपान कराने वाली महिलाओं के आहार का एक अभिन्न अंग होता है। स्तनपान के समय आप सोचती होंगी कि संतरा, मौसमी, आंवला जैसे खट्टे फलों का सेवन कर सकती हैं या नहीं। आसपास बहुत सारे ऐसे मिथक भी हैं, जो खट्टे फलों को ख़ुराक में शामिल ना करने की बात कहते हैं। माना जाता है कि खट्टे भोजन या फलों के सेवन से मां का दूध फट सकता है, खट्टे फलों के अम्लीय प्रकृति की वजह से बच्चे को एसिडिटी हो सकती या दूध का स्वाद कड़वा हो जाता है और बच्चा नहीं पीता है। लेकिन सच तो यह है कि खट्टे फल विटामिन सी, फ़्लेवोनाइड्स और फ़ाइबर का समृद्ध स्रोत होते हैं और उन्हें खाने से आपका मूड तुरंत बदल जाता है, आप तरोताज़ा महसूस करते हैं साथ ही ये आवश्यक पोषक तत्व भी प्रदान करते हैं। विटामिन सी घाव भरने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल फ़ंक्शन और ऊर्जा में सुधार करता है। हमारा शरीर ख़ुद विटामिन सी नहीं बनाता है, इसलिए रोज़ाना इसका सेवन जरूरी होता है।

- आयरन के अवशोषण में मदद करके मां के हीमोग्लोबिन स्तर को बढ़ाने में मदद करता है। आयरन से भरपूर भोजन के साथ हमेशा खट्टे फल, जैसे नींबू का सेवन करें।
- यह मां को हाइड्रेटेड रखता है, ख़ासकर जब वह स्तनपान करा रही हो, साथ ही यह प्रसव के बाद घाव भरने में मदद करते हैं।
- यह आपके इम्यूनिटी लेवल को बेहतर बनाने में मदद करता है, ताकि बच्चे को अच्छी मात्रा में ऐंटी-ऑक्सीडेंट और ऐंटी-बॉडी मिल सकें।
- अपने कोलेजन पैदा करने वाले गुण के कारण प्रसव के बाद आनेवाले स्ट्रेच मार्क को कंट्रोल करता है।
- नींबू+पुदीने का पानी, आंवलें का जूस लेने से ब्लोटिंग जैसी पाचन समस्याओं को ठीक करने में मदद मिलती है। यह शरीर में आई अंदुरुनी सूजन को कम करने में भी मदद करता है।
- स्तनपान के दौरान नींबू पानी का सेवन करने से न केवल आप तरोताज़ा महसूस करती हैं बल्कि हाइड्रेट भी रहती हैं। यह बच्चे के लिए पर्याप्त दूध आपूर्ति में मदद करता है।

### अंगूर और कीवी का सलाद :

अंगूर और कीवी का कॉम्बिनेशन विटामिन सी और फ़ाइबर का समृद्ध स्रोत है। यह पाचन और इम्यूनटी को बढ़ाने में मदद करता आपके मेटाबॉलिज़्म को बढ़ाता है, कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और घाव भरने में मदद करता है।

### टमाटर रसम :

यह डायटरी फ़ाइबर से भरपूर होता है, जो आपके आंत को स्वस्थ रखकर नियमित रूप से मल त्याग में मदद करता है। रसम थायमिन, फ़ॉलिक एसिड, विटामिन ए, विटामिन सी से भरपूर होता है। यह ब्रेस्टमिल्क को बढ़ाने और बच्चे को अच्छी मात्रा में आवश्यक पोषक तत्व के लिए मददगार होता है।

### नींबू और पुदीने का पानी :

यह कॉम्बिनेशन हमारे पाचन के साथ-साथ प्रसव के बाद ब्लोटिंग की समस्या को कम करने में मददगार होता है।

### संतरा/कीवी/स्वीट लाइम स्मूदी :

लैक्टेशन स्मूदी बनाने और खाने में बहुत आसान होती हैं, साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, जिससे ब्रेस्ट मिल्क के अच्छे प्रॉडक्शन में मदद मिलती है। विटामिन सी से भरपूर जैसे, नींबू, आंवला आदि जैसे फलों से अपने पानी के स्वाद को भी बढ़ा सकती हैं। रोज़ाना विटामिन सी के सेवन के लिए ये अच्छे विकल्प हो सकते हैं।

# हैंगिंग वाज



प्लास्टिक बॉटल्स, फैब्रिक, कैंची, ग्लू, पंचर, स्ट्रिंग, चाकू, रंगीन धागे, सजावटी लेसेस या रिबन्स

### कैसे बनाएं

- बॉटल को बेस के साथ आड़ा काट लें।
- बॉटल के बाहरी हिस्से को ग्लू से कोट करें और उसपर फ़ैब्रिक चिपका लें। बेस पर भी फ़ैब्रिक चिपकाएं और अतिरिक्त फ़ैब्रिक को काट लें।
- प्लास्टिक बॉटल में पंचर का इस्तेमाल करते हुए दो छेद बनाएं।
- छेदों में से रंगीन धागे डालकर गांठ लगा लें, ताकि आप वाज़ को लटका सकें।
- पंच और छेद के निशानों को छिपाने के लिए सजावटी लेसेस या रिबन्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- इस हैंगिंग वाज़ेज़ में छोटे-छोटे आर्टिफ़िशियल सजावटी पौधे रखकर बालकनी या दरवाज़े के बगल में लटकाएं।

# फिर से ट्रेंड में लौट आई बूटकट जींस



फैशन जगत में कुछ आउटफिट्स कभी ट्रेंड से बाहर हो जाते हैं और फिर कुछ समय में बाद वह लौटकर भी आते हैं। ऐसा ही एक ट्रेंड है बूटकट जींस का। जो 60 के दशक में काफी चलन में थीं। एक समय में यह फैशन जगत में कल्चर मूवमेंट का भी हिस्सा रहीं। जिसे लंबे समय तक लोगों ने कैरी किया। लेकिन धीरे-धीरे यह चलन से बाहर हो गईं। अब एक बार फिर से यह ट्रेंड में लौट आई है।

एक ऐसी जीन्स होती है, जो स्किन टाइट जींस होती है, लेकिन घुटनों से नीचे यह थोड़ी वाइड होती है, आपको एक चिक लुक देती है। इन दिनों बॉलीवुड के सोशल मीडिया फैशन ट्रेंड पर राज करने वाले स्टार किड्स बूटकट जींस के ट्रेंड को अपना रहे हैं। जिससे आईडियाज लेकर आप खुद भी अपना स्टाइल अपडेट कर सकती हैं।

# बारिश में कैसे करें घर की देखभाल

हो सकता है कि बारिश आपको बहुत पसंद हो, पर बारिश के मौसम में आपका घर ख़ास देखभाल की मांग करता है, क्योंकि बारिश की बूंदें उसपर कई तरह से अटैक कर सकती हैं। यहां हम बारिश में घर की देखभाल से जुड़ी कुछ छोटी-छोटी पर ज़रूरी बातें बताने जा रहे हैं।

**कपड़ों की देखभाल :** बारिश में सिर्फ़ हम ही नहीं गीले होते। हमारे कपड़े भी भीगते हैं और सबसे बुरी बात भीगने के बाद वे जल्दी सूखते भी नहीं। यही कारण है कि अधिकतर लोग बारिश में बेड कवर्स, पर्दे, टॉवेल्स आदि को धोने से बचते हैं। पर यह तो कोई विकल्प नहीं हुआ, क्योंकि एक समय बाद उनसे बदबू आने लगती है। तो आप भले ही कम कपड़े धोएं, पर जो ज़रूरी हों उनकी साफ़-सफ़ाई से मुंह न मोड़ें। आप ड्राय क्लीन करवा सकते हैं।

**घर को महकाएं :** बारिश का मौसम तरह-तरह की बैक्टीरिया को पनपने के लिहाज़ से आदर्श मौसम होता है, यही कारण है कि हमें घर की सफ़ाई नियमित रूप से करनी चाहिए। आपको सफ़ाई के बाद हर कमरे में पोटपुरी के एक छोटा बाउल रखना चाहिए, जिसमें अपने पसंदीदा एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें डाल देनी चाहिए। इससे आपके घर से भीनी-भीनी ख़ुशबू आती रहेगी।

**पौधों को घर के बाहर रखें :** इस मौसम में इनडोर पौधों की देखभाल भी काफ़ी ज़रूरी होती है। दरअसल बारिश के मौसम में, जब सूरज की रौशनी उतनी नहीं आती, पौधों को कुछ समय के लिए आउटडोर रखने में ही समझदारी है। पौधों के पत्तों पर कई तरह के कीड़े भी बारिश के मौसम में पनपने लगते हैं, आप नहीं चाहेंगे कि वे आपके घर में फैलें। तो अगर संभव हो तो इनडोर पौधों को बालकनी में रख दें।

**कारपेट्स की देखभाल :** बरसात के मौसम में कारपेट्स की देखभाल काफ़ी ख़र्चीला होता है। कारपेट नमी और धूल को सोख लेते हैं, जिसके कारण उनमें से अजीब तरह की बदबू आने लगती है। इसे रोकने के लिए आपको उन्हें रोज़ वैक्यूम क्लीन करना होगा। बेहतर तो यही होगा कि आप महंगे कारपेट्स को यूज़ ही न करें। उनकी जगह सस्ते कारपेट इस्तेमाल करें। अच्छा तो यही होगा कि कारपेट्स को बरसात तक हटा दें।



# ब्रेकफास्ट के लिए घर पर बनाएं प्रोटीन से भरपूर ज्वार डोसा



हम सभी को स्पाइसी आलू की फीलिंग के साथ तैयार होने वाला क्रिस्पी डोसा सांबर और चटनी के साथ खाना बहुत ही पसंद है. यह क्लासिक कॉम्बिनेशन एक पौष्टिक भरा भोजन है जो आपकी आत्मा और भूख दोनों को तृप्त करता है. वैसे तो डोसे की उत्पति भारत के दक्षिणी हिस्से में हुई थी, लेकिन सालों से अब इसकी प्रसिद्धि अन्य राज्यों में होने लगी है. डोसा हल्का, स्वस्थ होता है और कुछ ही समय में तैयार किया जा सकता है, जिससे यह देश भर के कई लोगों के लिए एक लोकप्रिय नाश्ता भोजन बन गया है. आपको बस इतना करना है कि हाथ से पहले बैटर तैयार करके इसे स्टोर करें. एक पारंपरिक डोसा बैटर चावल और दाल के मिश्रण में खमीर उठाकर तैयार किया जाता है. हालांकि, अगर आप चाहे तो आपको विभिन्न अन्य सामग्रियों के साथ तैयार किए गए कई अन्य डोसा बैटर भी मिलेंगे. जबकि इंस्टेंट डोसा बनाने के लिए फ्रूट सॉल्ट (खमीर प्रक्रिया से बचने) का उपयोग करके तुरंत डोसा-मिक्स तैयार करते हैं, वहीं चावल की जगह ओट्स या रागी के अलावा अन्य किसी सामग्री के साथ बदलते हैं। ये मिनट ट्विक्स अक्सर डोसा को आपके दैनिक आहार के लिए स्वस्थ और पौष्टिक बनाते हैं.

### घर पर कैसे बनाएं ज्वार डोसा :

- एक बाउल में ज्वार का आटा, चावल का आटा, जीरा, कालीमिर्च पाउडर, नमक और हींग डालकर इन सभी सामग्री को सूखा ही अच्छी तरह मिला ले.
- इसमें धीरे धीरे पानी डालते हुए पतला बैटर बना ले. इसे 30 मिनट के लिए एक तरफ रख दें.
- अब इसमें कटा हुआ हरा धनिया डालें और डोसा तैयार करें.
- एक तवा गर्म करें और करछी में बैटर भरकर इसे बराबर से फैलाएं.
- जब यह एक तरफ से ब्राउन हो जाए तो थोड़ा सा तेल डालें.
- इसे पलटकर दूसरी तरफ से भी सेंके.
- अपनी मनपसंद चटनी के साथ सर्व करें.

# सूखा पपीता खाने के कई फायदे

सूखा पपीता, पपीते के पल्प यानी गुदे को सूखाकर बनाया जाता है। इसे पपीता का पाउडर भी कहते है। इसके अलावा पपीते का जूस तैयार करके उसे सुखाकर भी पपीते का पाउडर तैयार कयिा जाता है। इसके अलावा पपीते के बीजों को सूखाकर भी पाउडर तैयार कयिा जाता है। जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। पपीता एक उष्णकटिबंधीय फल है जो कई बायोएक्टिव यौगिकों जैसे फेनोलिक्स, फ्लेवोनोइड्स और एमाइन से भरपूर होता है जो एंटीऑक्सिडेंट, एंटीमाइक्रोबियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-अल्सर और कई तरह के स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। स लेख में, हम सूखे पपीते के कुछ स्वास्थ्य लाभों पर चर्चा करेंगे कि इसे कैसे तैयार किया जाता है और इसका उपयोग कैसे किया जाता है। इस आर्टिकल में, हम सूखे पपीते के कुछ स्वास्थ्य लाभों पर चर्चा करेंगे कि इसे कैसे तैयार किया जाता है और इसका उपयोग कैसे किया जाता है, आइए जानते है कैसे-

### सूखा पपीता कैसे तैयार किया जाता है?

पपीते के गूदे को सुखाने के लिए और इसके पोषक तत्वों को बचाने के लिए फ्रीज-ड्राईंग एक प्रमुख तकनीक है। इस तकनीक में ऊर्ध्वपातन से पपीते के गुदे में से पानी निकाल दिया जाता है । ये एक ऐसी प्रक्रिया है जो सीधे ठोस से गैस में परिवर्तित करती है, बिना उसे मध्यम तरल अवस्था में परिवर्तित किए। सूखे पपीते को तैयार करने के लिए स्प्रे ड्राईंग एक और तरीका है। इस विधि में, माल्टोडेक्सट्रिन जैसे एक एनकैप्सुलेटिंग एजेंट का उपयोग किया जाता है जो पदार्थ को एक ही चरण में सूखे पाउडर में बदलने में मदद करता है। फ्रीज ड्राईंग की तुलना में स्प्रे ड्राईंग को फास्ट और कम लागत वाला माना जाता है।



### वजन कम करने में मदद करता है

जब पपीता सूख जाता है, तो ग्लूकोज और फ्रुक्टोज (प्राकृतिक पपीता शर्करा) में कमी आती है। इस वजह से सूखे पपीते में शुगर कम और कैलोरी कम होती है जिससे वजन आसानी से कम रहता है। इसके अलावा, इसमें मौजूद उच्च फाइबर होता है जो पेट को काफी देर तक भरे रखता है। इस वजह से जल्दी वजन कम होता है।

### शरीर को ऊर्जा देता है

सूखा पपीता उच्च फाइबर और आवश्यक विटामिन (जैसे विटामिन ए और सी) से भरा होता है जो पानी के साथ सेवन करने या सलाद या सूप जैसे खाद्य पदार्थों पर छिड़कने पर शरीर को ऊर्जा प्रदान करने में मदद करता है। यह व्यक्ति के पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखने में भी मदद करता है और ये शरीर में एनर्जी का काम करता है।

### लीवर को करता है प्रोटेक्ट

एक अध्ययन से पता चला है कि सूखे पपीते में एक एंटी-हेपेटोटॉक्सिक एक्टिविटी होती है जो लीवर को दवाओं के संपर्क में आने से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद कर सकती है। यह पपीते के पाउडर के एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव के कारण हो सकता है।

### रक्तचाप कम करता है

सूखे पपीते में पोटेशियम, विटामिन ए और फ्लेवोनोइड जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हें, जो रक्त परिसंचरण में सुधार करने और हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करता है। एक अध्ययन से पता चला है कि पोटेशियम उच्च रक्तचाप वाले लोगों में रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकता है। इसलिए सूखे पपीते का सेवन रक्तचाप को रोकने और नियंत्रित करने और स्ट्रोक जैसी बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद कर सकता है।

### दिल को रखे सेहतमंद

पपीते के पाउडर में मौजूद लाइकोपीन वसकुलर हेल्थ को इम्प्रूव करता है, जो हृदय रोगों के खतरे से दूर रखता है। लाइकोपीन के एंटीथेरोस्क्लोरोटिक, एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीऑक्सिडेंट, एंटीहाइपरटेन्सिव और एंटीप्लेटलेट गुण स्ट्रोक और एथेरोस्क्लेरोसिस जैसे हृदय रोगों की एक श्रृंखला को रोकने में मदद कर सकते हैं।

# त्वचा को हेल्दी रखने के लिए करें विटामिन-ए का सेवन

विटामिन ए में रेटिनॉल होता है, जो नई त्वचा कोशिका उत्पादन और वृद्धि को बढ़ावा देता है। विटामिन ए बीटा-कैरोटीन जैसे एंटीऑक्सिडेंट से भरा होता है। जो कोलेजन को तोड़ने वाले रेडिकल से लड़ सकता है, ये समय से पहले बूढ़ा होने के संकेत देता है। यह सब कुछ नहीं हैं, विटामिन ए को सूरज की हानिकारण किरणों से बचाने के लिए भी जाना जाता है।

**टमाटर:** ब्राइट लाल टमाटर विटामिन ए का एक अच्छा सोर्स माना जाता है। इन्हें बड़े पैमाने पर हर रोज खाना पकाने में उपयोग किया जाता है। टमाटर को ग्रेवी बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा टमाटर को सूप और चटनी में भी इस्तेमाल करते हैं।

**गाजर:** गाजर एक और आम सब्ज़ी है जिसका इस्तेमाल इंडियन और इंटरनेशनल डिश में किया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, गाजर का एक कप इस्तेमाल आपकी डेली विटामिन ए की आवश्यकता का लगभग 334 प्रतिशत प्रदान कर सकती है।

**पालक और मेथी:** हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे, पालक और मेथी को भी विटामिन ए से भरपूर माना जाता है। अपनी डेली डाइट में इन सब्जियों को शामिल करें, और उन सभी स्वादिष्ट भारतीय सब्ज़ियों को अपने साथ रखें।

**लाल शिमला मिर्च:** लाल शिमला मिर्च पिज्जा, पास्ता,




सलाद और इस तरह के अन्य दिलचस्प व्यंजनों को स्वादिष्ट बनाती है। तो अगली बार जब आप सब्जी मंडी में हरी शिमला मिर्च ले, तब आप इस लाल शिमला मिर्च को इंग्नोर न करें।

**अंडे की जर्दी:** विटामिन डी के अलावा, अंडे की जर्दी में विटामिन ए की भी अच्छी मात्रा पाई जाती है। जो हमारी त्वचा के लिए अच्छा है। अच्छी सेहत और खूबसूरत त्वचा के लिए अंडे को सीमित मात्रा में इस्तेमाल करना चाहिए।

**कद्दू:**
कद्दू में एक प्रकार का कैरोटीनॉयड- अल्फा-कैरोटीन होता है, जो शरीर में विटामिन ए में परिवर्तित होता है। राष्ट्रीय पोषण संस्थान के अनुसार, 100 ग्राम कद्दू आपको 2100 माइक्रोग्राम विटामिन ए प्रदान करता है।

## आज की रेसिपी

### प्लम केक



यह एक फ्रूटी और नटी केक है जिसमें चेरी, बादाम, किशमिश के साथ ढेर सारे ड्राई फ्रूट्स भी डाले जाते हैं.

**सामग्री :**
- 150 C-300 Fओवन तापमान,
- 1 कप बटर
- 1 1/2 कप चीनी
- 6 अंडे
- 125 ग्राम बादाम, टुकड़ों में कटा हुआ
- 2 टी स्पून वनीला एसेंस
- 2 1/2 (किशमिश, कैंडीड पील और चैरी)
- मिक्स ड्राई फ्रूट
- 2 कप आटा

**विधि :**
- फ्रूट्स और बादाम को 2 बड़े चम्मच मैदे के साथ मिक्स करके एक तरफ रख दें.
- बटर, चीनी, अंडे और वनीला को एक साथ मिलाएं.
- इसे मैदे में मिलाएं और इसके बाद फ्रूट मिक्सर को मिलाएं.
- अब इस मिश्रण को बेकिंग टिन में डालकर प्रीहीट ओवन में 30 से 40 मिनट के लिए बेक करें.